CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :28°C
न्यूनतम: 23°C

मुजफ्फरनगर, शुक्रवार 5 सितम्बर 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 234 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com भाद्रपद शुक्ल पक्ष 11 विक्रमी सम्वत् 2082 12 रबी उल अव्वल 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

## विजयवाड़ा से बेंगलुरु जा रही फ्लाइट से पक्षी टकराया

**बेंगलुरु।** आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा एयरपोर्ट पर गुरुवार को बेंगलुरु जा रही एयर इंडिया एक्सप्रेस की आईएक्स2011 फ्लाइट से एक पक्षी टकरा गया। प्लेन के टेक ऑफ करने के पहले की घटना है। इससे विमान की नोज यानी आगे के हिस्से को नुकसान पहुंचा है। जैसे ही पायलट ने विमान का इंजन चालू किया, एक बाज विमान से टकरा गया। विजयवाड़ा से टेक ऑफ का समय सुबह 8.15 बजे का था। विमान को 9.40 बजे बेंगलुरू पहुंचना था। न्यूज एजेंसी पीटीआई के मुताबिक विमान में 160 से 165 यात्री थे। सभी यात्री सुरक्षित हैं। एयर इंडिया एक्सप्रेस ने कहा है कि वह यात्रियों के बेंगलुरु पहुंचने के लिए दूसरे विमान का इंतजाम कर रही है। पिछले तीन दिनों में दूसरी बार किसी भारतीय विमान से पक्षी के टकराने के कारण फ्लाइट कैंसिल हुई है।

## पीएमएलए मामले में शिखर धवन ईडी के समक्ष हुए पेश

**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर शिखर धवन ऑनलाइन सट्टेबाजी एप वनएक्सबेट से जुड़े धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के एक मामले में गुरुवार को ईडी के समक्ष पेश हुए। वरिष्ठ अधिकारियों की एक टीम धवन से पूछताछ कर रही है और इस मामले में उनका बयान दर्ज कर रही है। जांच एजेंसी को संदेह है कि धवन के कुछ विज्ञापनों और प्रचारों के ज़रिए इस एप से संबंध थे। इससे पहले ईडी ने इस मामले में पूर्व भारतीय क्रिकेटर सुरेश रैना से पूछताछ की थी।
सट्टेबाजी एप ने पिछले साल दिसंबर में रैना को अपना ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया था। ईडी ने हाल ही में ऑनलाइन सट्टेबाजी प्लेटफॉर्म्स की अपनी जांच तेज कर दी है। एजेंसी वनएक्सबेट , फेयरप्ले, परिमैच व लोट्स 365 जैसे प्रतिबंधित सट्टेबाजी प्लेटफॉर्म्स के लिए फिल्मी सितारों और क्रिकेटरों द्वारा बनाए जा रहे विज्ञापनों पर भी ध्यान केंद्रित कर रही है।

# रोटी, परांठा, दूध, हेल्थ व लाइफ इंश्योरेंस टैक्स फ्री

## जीएसटी के अब केवल दो स्लैब 5 % व 18 % होंगे, 22 सितम्बर से लागू होंगे बदलाव

नई दिल्ली, वार्ता

अब जीएसटी के 4 की जगह केवल दो स्लैब 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत होंगे। इससे आम जरूरत की चीजें जैसे साबुन, शैंपू के साथ एसी, कार भी सस्ते होंगे। जीएसटी काउंसिल की 56वीं मीटिंग में इस पर फैसला लिया गया।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 3 सितम्बर को इसकी जानकारी दी। वित्त मंत्री सीतारमण ने बताया कि दूध, रोटी, पराठा, छेना समेत कई फूड आइटम जीएसटी फ्री होंगे। वहीं इंडिविजुअल हेल्थ और लाइफ इंश्योरेंस पर भी टैक्स नहीं लगेगा। 33 जीवन रक्षक दवाएं, दुर्लभ बीमारियों और गंभीर बीमारियों के लिए दवाएं भी टैक्स फ्री होंगी। लग्जरी आइटम्स और तंबाकू प्रोडक्ट्स पर अब 28 प्रतिशत की जगह 40 प्रतिशत जीएसटी लगेगा। मध्यम और बड़ी कारें, 350 सीसी से ज्यादा इंजन वाली मोटरसाइकिलें इस स्लैब में आएंगे। वित्त मंत्री ने बताया कि नए स्लैब नवरात्रि के पहले दिन, यानी 22 सितम्बर से लागू हो जाएंगे। हालांकि तंबाकू वाले सामान पर नई 40 प्रतिशत जीएसटी दर अभी लागू नहीं होगी। इन बदलावों का मकसद आम आदमी को राहत देना, छोटे व्यवसायों को सपोर्ट करना और हानिकारक उत्पादों जैसे तंबाकू पर टैक्स बढ़ाकर उनके उपयोग को कम करना है। होटल के कमरों की बुकिंग पर जीएसटी 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया गया है, वो भी तब जब कमरे का किराया प्रतिदिन 7500 रुपये या उससे कम हो। सौंदर्य और सेहत से जुड़ी सेवाओं पर जीएसटी 18 प्रतिशत से कम करके 5 प्रतिशत कर दिया गया है, जैसे जिम, सैलून, नाई की दुकान, योग सेंटर आदि, जो आम आदमी इस्तेमाल करता है। कैसिनो, रेस क्लब, या जहां कैसिनो और रेस क्लब हों, या फिर खेल इवेंट्स जैसे आईपीएल में एंट्री के लिए जीएसटी 28 प्रतिशत से बढ़ाकर 40 प्रतिशत कर दिया गया है।

- जीएसटी काउंसिल की 56वीं मीटिंग में लिया गया फैसला
- आम जरूरत की चीजें जैसे साबुन, शैंपू के साथ एसी व कार भी होंगी सस्ती
- होटल कमरों की बुकिंग सस्ती




## स्टेडियम में आईपीएल देखना हुआ महंगा

**नई दिल्ली।** अब क्रिकेट फैंस को स्टेडियम में आईपीएल मैच देखने के लिए ज्यादा पैसे देने पड़ेंगे, क्योंकि सरकार ने जीएसटी की दर 28 प्रतिशत से बढ़ाकर 40 प्रतिशत कर दी है। नई टैक्स व्यवस्था ने आईपीएल देखना एक लग्जरी एक्टिविटी माना है और इसे तंबाकू उत्पादों और कैसिनो जैसी सर्विसेज की ही कैटेगरी में रखा है। हालांकि आम क्रिकेट मैचों पर अभी भी 18 प्रतिशत जीएसटी ही लागू रहेगा। यानी ये बदलाव सिर्फ प्रीमियम स्पोर्ट्स इवेंट्स के लिए है। दूसरी ओर 100 रुपये तक की सिनेमा टिकटों पर सिर्फ 5 प्रतिशत जीएसटी लगेगा, जो पहले 12 प्रतिशत था। लेकिन 100 रुपये से ज्यादा की टिकटों पहले की तरह 18 प्रतिशत जीएसटी लगेगा। वहीं होटल बुकिंग, सौंदर्य और सेहत से जुड़ी सेवाओं पर जीएसटी को घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया गया है।

# बारिश से पहाड़ों पर तबाही का सुप्रीम कोर्ट ने लिया संज्ञान

नई दिल्ली, वार्ता



- कहा: प्रकृति अवैध पेड़ कटाई का बदला ले रही
- केंद्र सरकार, हिमाचल, जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड व पंजाब सरकार को नोटिस जारी

सुप्रीम कोर्ट ने हिमाचल, जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड और पंजाब में बारिश से हो रही तबाही पर चिंता जताई है। कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि यह सिर्फ प्राकृतिक आपदा नहीं, बल्कि इंसानों का पैदा किया गया संकट है।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि पहाड़ों पर अवैध पेड़ कटाई ने प्रकृति को क्रोधित कर दिया है, अब वह बदला ले रही है। मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) बीआर गवई और जस्टिस के. विनोद चंद्रन की बेंच ने गुरुवार को अनामिका राणा की याचिका पर सुनवाई के दौरान यह बात कही है। कोर्ट ने केंद्र और इन चारों राज्यों समेत राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए), पर्यावरण मंत्रालय, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) को नोटिस भेजा और तीन हफ्तों में जवाब मांगा। साथ ही केंद्र से ठोस कदम उठाने को कहा है। याचिकाकर्ता अनामिका राणा ने कोर्ट में कहा कि हिमाचल में बाढ़ के दौरान बड़ी संख्या में लकड़ियां बहकर आईं, जिससे साफ है कि बड़े पैमाने पर पेड़ों की अवैध कटाई हुई है। अगली सुनवाई दो हफ्ते बाद होगी। इस पर बेंच ने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से कहा कि इन आपदाओं के पीछे पहाड़ों पर अवैध पेड़ कटाई एक बड़ी वजह है। पेड़ों की अवैध कटाई हो रही है, इसलिए अब प्रकृति बदला ले रही है। मेहता ने कहा कि वह पर्यावरण और वन मंत्रालय के सचिव से संपर्क करेंगे और उनसे पूरी जानकारी मांगेंगे। उन्होंने कहा कि हमनें प्राकृतिक चीजों के साथ हस्तक्षेप किया है कि अब वह हमें नुकसान पहुंचा रही हैं। मुख्य न्यायाधीश ने इस बात पर सहमति जताई। हिमाचल के कुल्लू में 24 जून को बादल फटने के बाद आई बाढ़ के चलते सैकड़ों टन लकड़ियां बहकर पंडोह डैम तक पहुंची थीं।

## आतंकी फंडिंग केस में शबीर शाह को राहत नहीं

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कश्मीरी अलगाववादी नेता शबीर अहमद शाह की अंतरिम जमानत याचिका खारिज कर दी। शाह ने आतंकी फंडिंग केस में स्वास्थ्य कारणों से राहत की मांग की थी, लेकिन अदालत ने इसे ठुकरा दिया। हालांकि शीर्ष अदालत ने उनकी याचिका पर सुनवाई करते हुए राष्ट्रीय जांच एजेंसी को नोटिस जारी कर दो हफ्ते में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। शाह दिल्ली हाईकोर्ट के उस आदेश को चुनौती दे रहे हैं जिसमें उन्हें जमानत देने से इन्कार किया गया था। जस्टिस विक्रम नाथ और संदीप नाथ की पीठ के सामने वरिष्ठ अधिवक्ता कालिन गोंसाल्वेस ने शाह की ओर से दलीलें पेश कीं। उन्होंने कहा कि याचिकाकर्ता गंभीर रूप से बीमार हैं और उन्हें तुरंत अंतरिम जमानत की जरूरत है। इस पर जस्टिस नाथ ने टिप्पणी करते हुए कहा कि क्या आज ही उन्हें छोड़ देना चाहिए?

## अस्पताल में चूहों के काटने से नवजात शिशुओं की मृत्यु शर्मनाक: राहुल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने मध्य प्रदेश के इंदौर में राज्य के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल में चूहों के काटने से दो नवजात शिशुओं की मृत्यु को शर्मनाक बताते हुए कहा है कि अस्पतालों का निजीकरण कर भाजपा सरकार गरीबों के लिए उपचार कठिन बना रही है।

गांधी ने सोशल मीडिया एक्स पर गुरुवार को एक पोस्ट में कहा कि इंदौर में मध्य प्रदेश के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल में दो नवजात शिशुओं की चूहों के काटने से मौत, यह कोई दुर्घटना नहीं, यह सीधी-सीधी हत्या है। यह घटना इतनी भयावह, अमानवीय और असंवेदनशील है कि इसे सुनकर भी रूह कांप जाए। एक मां की गोद से उसका बच्चा छिन गया, सिर्फ इसलिए क्योंकि सरकार ने अपनी सबसे बुनियादी जिम्मेदारी नहीं निभाई।

## दिल्ली में यमुना का पानी सड़कों पर, फ्लाईओवर धंसा

### राहत शिविर डूबे, पंजाब के सभी 23 जिलों में बाढ़

नई दिल्ली, वार्ता

दिल्ली में यमुना का पानी शहर के अंदर घुस गया है। गुरुवार को शहर के कई इलाकों में 3-4 फीट तक पानी भरा है।

मयूर विहार फेज-1 में बाढ़ प्रभावित लोगों के लिए बने राहत शिविरों में यमुना का पानी भर गया। अलीपुर में नेशनल हाईवे-44 पर फ्लाईओवर का एक हिस्सा धंस गया। पंजाब के सभी 23 जिलों में बाढ़ आ गई है। 1,655 गांवों में 3.55 लाख से ज्यादा लोग प्रभावित हैं। राज्य में सभी स्कूल, कॉलेज और यूनिवर्सिटी की छुट्टियां 7 सितम्बर कर दी गई हैं। बाढ़ से अब तक 1,75,286 हेक्टेयर फसल प्रभावित हुई हैं। 1 अगस्त से 3 सितम्बर तक बाढ़ में 37 लोगों की मौत हुई है। यूपी के पीलीभीत में 25 गांव और मथुरा में 6 गांव बाढ़ में डूब गए हैं। आगरा में यमुना का पानी ताजमहल तक पहुंच गया है। राजस्थान के अजमेर में जवाहर लाल नेहरू हास्पिटल और मेडिकल कॉलेज पानी में आधा डूब गया है। हरियाणा के भी कई इलाके बाढ़ में डूबे हैं। राज्य में 11 लोगों की मौत हुई है। हिमाचल प्रदेश के कुल्लू में गुरुवार सुबह लैंडस्लाइड में दो घर ढह गए। इसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई। 6 लोग अंदर फंस गए हैं।

## SC ने थानों में सीसीटीवी कैमरों की कमी का लिया स्वत: संज्ञान

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने पुलिस हिरासत में हुई मौतों के सामने आए मामलों के मद्देनजर देशभर के सभी थानों में सीसीटीवी कैमरों की कमी पर गुरुवार को स्वत: संज्ञान लिया।

न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने इस संबंध में एक आदेश पारित किया। पीठ ने 2025 में बीते आठ महीनों के दौरान पुलिस हिरासत में कथित तौर पर 11 लोगों की मृत्यु से संबंधित एक हिंदी दैनिक अखबार में प्रकाशित खबर के आधार पर यह स्वत: संज्ञान कार्रवाई शुरू की। शीर्ष अदालत ने हिरासत में मौत से संबंधित एक मामले (परमवीर सिंह सैनी बनाम बलजीत सिंह) में दिसम्बर 2020 में सभी राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया था कि हर पुलिस थाने में नाइट विजन की क्षमता से युक्त सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं।

सभी देशवासियों को मां नंदा देवी महोत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं
















































CMYK



**संक्षिप्त समाचार**

### जीएसटी की जटिलताओं को दूर करे सरकार: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में सुधार के लिए सरकार की पहल को सही बताया, लेकिन कहा कि जो कदम उठाए गए हैं वे पर्याप्त नहीं है और अभी इसके अनुपालन की जटिलताओं को खत्म कर और जन उपयोगी बनाने की जरूरत है। खड़गे ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि सरकार ने इसे अत्यंत जटिल बना दिया था और आम आदमी को जीएसटी के घरिए कुचलने का काम हो रहा था इसलिए कांग्रेस ने इसे गब्बर सिंह टैक्स भी कहा था। उनका कहना था कि इसके अनुपालन में अभी जटिलताएं हैं और उन्हें दूर करने की सख्त जरूरत है। उन्होंने कहा कि लगभग एक दशक से कांग्रेस जीएसटी के सरलीकरण की मांग कर रही है।

### झेलम नदी के तटबंध में दरार, बाढ़ की आशंका

**श्रीनगर।** श्रीनगर के बाहरी इलाके में झेलम नदी के तटबंध में दरार आने से श्रीनगर के निचले इलाकों में बाढ़ की आष्ठांका फिर से बढ़ गई है, जिसके बाद अधिकारियों ने सात निचले इलाकों में एहतियातन खाली करने की सलाह जारी की है। प्रशासन ने आज सुबह शलीना बडगाम में कथित दरार के मद्देनजर लासजान, सोइतेंग, नौगाम, व्एथपोरा, गोपालपोरा, पद्शाहीबाग, महजूर नगर के लोगों से सुरक्षित स्थानों पर जाने का आग्रह किया। एक सरकारी प्रवक्ता ने कहा कि जिला प्रशासन श्रीनगर ने सूचित किया है कि शलीना, बडगाम में कथित दरार के कारण, एहतियाती उपाय के रूप में, लासजान, सोइतेंग, नौगाम, व्एथपोरा, गोलपोरा, पद्शाहीबाग, महजूर नगर के निवासियों को इन इलाकों को खाली करके सुरक्षित स्थानों पर जाने की सलाह दी जाती है।

## टैरिफ पर लगा झटका, तो सुप्रीम कोर्ट पहुंचे ट्रम्प

### नहीं भा रही मोदी-पुतिन की दोस्ती, दिया अजीब तर्क

**वाशिंगटन, वार्ता**

डोनाल्ड ट्रम्प प्रशासन ने अदालत के उस फैसले को चुनौती देने के लिए सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है, जिसमें उनके ज्यादातर व्यापक टैरिफ को अवैध करार दिया गया था।

प्रशासन का तर्क है कि ये टैरिफ यूक्रेन में शांति के प्रयासों का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। टैरिफ के बिना अमेरिका गरीब देश बन जाएगा। दस्तावेजों में कहा गया है कि टैरिफ के साथ अमेरिका एक अमीर राष्ट्र है। 27 अगस्त को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प प्रशासन ने भारत पर टैरिफ दोगुना करके 50 प्रतिशत कर दिया। दाखिल दस्तावेज में कहा गया है कि टैरिफ के बिना वह एक गरीब राष्ट्र है। राष्ट्रपति के मुताबिक एक साल पहले संयुक्त



राज्य अमेरिका एक मृत देश था, और अब हमारे साथ इतना बुरा व्यवहार करने वाले देशों की ओर से दिए जा रहे खरबों डॉलर के भुगतान के कारण अमेरिका फिर से एक मजबूत, आर्थिक रूप से व्यवहार्य और सम्मानित देश है। एक अदालत ने फैसला सुनाया था कि ट्रम्प की ओर से लगाए गए कई टैरिफ अवैध थे, लेकिन टैरिफ को यथावत रहने दिया गया।

# शिक्षा माफियाओं को मिट्टी में मिलाएं योगी

## 48 घंटे में जेल नहीं भेजा गया, तो प्रदेशभर में विद्यार्थी करेंगे आंदोलन: अभाविप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** बाराबंकी के रामस्वरूप यूनिवर्सिटी की घटना को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) के राष्ट्रीय मंत्री अंकित शुक्ल ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जिस तरह से माफियाओं को मिट्टी में मिलाया है, उसी तरह से अब समय आ गया है कि शिक्षा माफियाओं को मिट्टी में मिलाएं।

घटना में निष्पक्ष न्याय के लिए अभाविप ने 48 घण्टे का समय देते हुए कहा है कि अगर दोषियों को जेल नहीं भेजा गया तो प्रदेश भर में छात्र आंदोलन करेंगे। गुरुवार को कैसरबाग स्थित अभाविप कार्यालय पर आयोजित प्रेस कांफ्रेंस को सम्बोधित करते हुए राष्ट्रीय मंत्री अंकित शुक्ल ने कहा कि यूनिवर्सिटी में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) कार्यकर्ताओं और छात्रों पर बाहरी गुंडों ने हमला किया और पुलिस ने बर्बर लाठीचार्ज किया। सीओ ने किसके कहने पर लाठी चार्ज किया। इसका जवाब अब तक नहीं दिया गया है। लाठीचार्ज की घटना में शामिल पुलिसकर्मियों और बाहरी गुंडों पर एफआईआर दर्ज कर कठोरतम कार्रवाई की जाए। उन्होंने मामले की जांच कर रहे मंडलायुक्त की रिपोर्ट पर सवाल उठाते हुए कहा कि एक दिन में रिपोर्ट कैसे तैयार हो गई। अंकित शुक्ल ने कहा कि यूनिवर्सिटी को बार काउंसिल ऑफ इंडिया की तरफ से बुधवार को ही सशर्त (प्रोविजनल) अनुमति मिली है। इससे पहले तक विश्वविद्यालय अवैध तरीके से विधि पाठ्यक्रम चला रहा था। अभाविप की यह बात साबित हो गई है। उन्होंने यूनिवर्सिटी की तरफ से दो छात्रों के निष्कासन को अवैध बताते हुए कहा कि आंदोलन का नेतृत्व कर रहे दो छात्रों को बिना किसी चेतावनी के सीधे निष्कासित कर दिया गया। निष्काज़ित छात्रों के साथ न्याय किया जाए।

### राजभर के बयान पर भड़के एबीवीपी के कार्यकर्ता, देर रात किया प्रदर्शन

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री ओपी राजभर के एक विवादित बयान ने अभाविप के कार्यकर्ताओं का गुस्सा भड़का दिया। ओम प्रकाश राजभर ने अपने बयान में एबीवीपी कार्यकर्ताओं को गुंडा करार दिया है। उनके इस बयान के खिलाफ बुधवार देर रात अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कार्यकर्ताओं का गुस्सा भड़क उठा। कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर रात करीब 9 बजे लखनऊ में मंत्री के आवास पर पहुंचकर नारेबाजी की। आरोप है कि इस दौरान बाहर से राजभर के आवास में पथराव भी हुआ। हंगामे को देखते हुए इस दौरान भारी संख्या में पुलिस बल बुलाया गया। कार्यकर्ता काफी देर तक राजभर के आवास के बाहर नारेबाजी करते रहे। इस दौरान पुलिस और कार्यकर्ताओं के बीच तीखी नोंक-झोंक और हाथापाई भी हुई जिसमें कई छात्रों को मामूली चोटें आईं हैं।

### सीएम करेंगे कड़ी कार्रवाई: ब्रज भूषण

**लखनऊ/ सीतापुर।** भाजपा नेता और पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने बाराबंकी में एबीवीपी कार्यकर्ताओं को पीटे जाने की घटना को लेकर गुरुवार को कहा कि मुख्यमंत्री ने घटना का संज्ञान लिया है और जल्द ही दोषियों के खिलाफ कार्रवाई होगी। बृजभूषण एक कार्यक्रम में ष्टाामिल होने सीतापुर पहुंचे थे। यहां पत्रकारों से बातचीत के दौरान उन्होंने यह बात कही। बिहार में पीएम मोदी की मां के खिलाफ अभद्र टिप्पणी किए जाने को लेकर बृजभूषण शरण सिंह ने कहा कि मोदी की मां की आलोचना जिस तरह से कांग्रेस के लोग अपनी कब्र खोद रहे है।

### सुरक्षा के माहौल में आता है निवेश, खुलते हैं रोजगार के द्वार: योगी

# गुंडा टैक्स सपा सरकार का संस्कार था

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश में सुरक्षा के माहौल को निवेश की आधारशिला बताते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सपा पर कटाक्ष किया कि व्यापारियों और उद्यमियों से गुंडा टैक्स की वसूली सपा सरकार के संस्कार का हिस्सा था।

गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा) क्षेत्र में 2251 करोड़ रुपये के निवेश और विकास परियोजना का शिलान्यास व लोकार्पण के मौके पर उन्होंने कहा कि निवेष्ठा की परियोजनाओं में मल्टीनेशनल कंपनी कोका कोला के बॉटलिग प्लांट का भूमि पूजन, देश में अग्रणी प्लास्टिक उत्पाद-पैकेजिग कम्पनी टेक्नोप्लास्ट की यूनिट का लोकार्पण शामिल है। गीडा के प्लास्टिक पार्क में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि गोरखपुर,



पूर्वी उत्तर प्रदेश और उत्तर प्रदेश में 2017 के पहले निवेश सपना था। डबल इंजन सरकार के द्वारा प्रतिबद्धता से जनसेवा के किए गए कार्यों का परिणाम है कि आज प्रदेश में विकास, निवेश और रोजगार की संभावनाओं को तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जब सुरक्षा का माहौल बनता है तो निवेश आता है और रोजगार के द्वार खुलते हैं। रोजगार से खुशहाली आती है।

### हर पात्र को दिलाएं कल्याणकारी योजनाओं का लाभ

**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेष्ठा के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि हर पात्र व्यक्ति को शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाना सुनिश्चित किया जाए और जरूरतमंदों के इलाज से लेकर आवास तक की व्यवस्था के लिए सरकार की योजनाओं का लाभ बड़े पैमाने पर दिया जा रहा है। योगी ने यह निर्देष्ठा गुरुवार को गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन के दौरान लोगों की समस्याएं सुनते हुए दिए। मंदिर परिसर में स्थित महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने आयोजित जनता दर्शन में कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक मुख्यमंत्री खुद पहुंचे और एक-एक करके सबकी समस्याओं को सुनते हुए भरोसा दिया कि सभी की समस्याओं का समाधान होगा।

### हम कर रहे सुरक्षा

योगी ने कहा कि डबल इंजन की सरकार सुरक्षा का माहौल देकर समृद्धि का मार्ग सुगम कर रही है। उन्होंने कहा कि जाति के नाम पर समाज को बांटने वाले, दंगों की आग में झोंकने वाले लोगों ने नागरिकों के सामने पहचान का संकट खड़ा किया। वोट बैंक की राजनीति में सुरक्षा से खिलवाड़ किया। बेटी-बहन की इज्जत की परवाह नहीं की।

### ये उजाले के दुश्मन थे

योगी ने कहा कि सपा सरकार में उद्यमियों, व्यापारियों से वसूली होती थी, गुंडा टैक्स लिया जाता था। आज ऐसा करने की हिम्मत कोई नहीं कर सकता। किसी ने गुंडा टैक्स वसूला तो अगले चौराहे पर यमराज उसका इंतजार करते मिलेंगे। सपा सरकार में बिजली यदा कदा आती थी। ये उजाले के दुश्मन थे। उन्होंने समाज में अराजकता फैलाई।

## बारिश प्रभावित राज्यों में जिम्मेदारी निभाएं सरकारें

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री और बसपा अध्यक्ष मायावती ने यूपी समेत अन्य राज्यों में बारिश और भूस्खलन से हुई तबाही को लेकर गुरुवार को कहा कि केंद्र और संबंधित राज्य सरकारों को अपनी ज़म्मिेदारी का निर्वहन करना चाहिए।

मायावती ने सोशल मीडिया एक्स पर गुरुवार को एक ट्वीट कर यह बातें कहीं हैं। उन्होंने कहा कि देश के विभिन्न राज्यों में भी खासकर पंजाब, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, असम आदि इन राज्यों में भारी बरसात व भूस्खलन से भारी नुक़सान हुआ है। ग्रामीण क्षेत्रों में बाढ़ से हो रही व्यापक जान-माल व पशुधन की तबाही तथा गुरुग्राम व नोएडा आदि जैसे शहरी इलाकों में भी भारी जल भराव



**बसपा अध्यक्ष मायावती ने उठाई मांग**

आदि की समस्याओं से करोड़ों परिवारों को जबरदस्त कठिनाइयों व आर्थिक तंगी का भी सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में पीड़ितों की राहत सहायता के लिए बड़े पैमाने पर स्वत: आगे आने की खबरें और तस्वीरें काफी संतोष देने वाली अच्छी खबर है, किन्तु ऐसे बुरे हालात में केन्द्र व सम्बंधित राज्य सरकारों को जनता के प्रति अपनी जिम्मेदारी पूरी निष्ठा से निभाना चाहिए।



सेंसेक्स 8145667
निफ्टी 24950.50



सोना रु. 105751
प्रति 10 ग्रा. 24 कैरेट

# अर्थ व्यापार



चांदी रु. 122900
प्रति किलो



## जीएसटी सुधार की घोषणा से उछला बाजार

**मुंबई, वार्ता**

वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में बड़े सुधारों की घोषणा के बाद गुरुवार को घरेलू शेयर बाजारों में जबरदस्त तेजी देखी गई। बीएसई का सेंसेक्स 888.96 अंक की तेजी के साथ 81,456.67 अंक पर खुला। खबर लिखे जाते समय यह गत दिवस के मुक. ाबले 549.72 अंक ऊपर 81,117.43 अंक पर था।

नेशलन स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 265.70 अंक चढ़कर 24,980.75 अंक पर खुला। यह खबर लिखे जाते समय 135.50 अंक यानी 0.55 फीसदी ऊपर 24,950.50 अंक पर था। ऑटो, रियलिटी, एफएमसीजी, बैंकिंग एवं वित्तीय कंपनियों और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद कंपनियों के शेयरों में ज्यादा लिवाली रही। आईटी और धातु समूहों की कंपनियां दबाव में रहीं। जीएसटी परिषद ने बुधवार को दो मुख्य स्लैब के ढांचे को अपनाने और दरों में बदलाव के प्रस्तावों को मंजूरी प्रदान कर दी। इससे अब आम लोगों के उपभोग की अधिकतर चीजें पांच



**सेंसेक्स और निफ्टी कई प्रतिशत अंक चढ़कर खुले**

फीसदी कर के स्लैब में आ गई हैं। आज शेयर बाजार ने तेजी के साथ परिषद के इन फैसलों का स्वागत किया। सेंसेक्स में महिंद्रा एंड महिंद्रा का शेयर छह प्रतिष्ठात की बढ़त में था। बजाज फिनसर्व, ट्रेंट, बजाज फाइनेंस, हिंदुस्तान यूनीलिवर, आईटीसी, आईसीआईसीआई बैंक और टाटा मोटर्स के शेयर भी तेजी में बने हुए हैं। वहीं, टाटा स्टील, इंफोसिस, पावर ग्रिड और सनफार्मा में गिरावट रही।

### जीएसटी सुधारों से बढ़ेगी वाहनों की मांग: फाडा

**नई दिल्ली।** वाहन डीलरों के महासंघ (फाडा) ने गुरुवार को कहा कि वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) परिषद के फैसलों से मांग को बढ़ावा मिलेगा और देश का परिवहन तंत्र मजबूत होगा।

फाडा के अध्यक्ष एमसी विघ्नेश्वर ने एक बयान में जीएसटी परिषद की 56वीं बैठक को देष्ठा के ऑटोमोबाइल रिटेल उद्योग के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण बताया है। उन्होंने कहा कि फाडा उन साहसिक और प्रगतिशील सुधारों का हार्दिक स्वागत करता है जो कर संरचना को सरल बनाते हैं, सार्वजनिक परिवहन के लिए दरों को कम करते हैं और सभी राज्यों में आम सहमति स्थापित करते हैं। यह एक निर्णायक कदम है जो सामर्थ्य को बढ़ाएगा, मांग को बढ़ावा देगा और देश के परिवहन तंत्र को और अधिक मजबूत तथा समावेशी बनाएगा। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है कि ग्राहकों तक लाभ निर्बाध रूप से पहुंच सके।

### सोने-चांदी के दाम में रही गिरावट

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम में गुरुवार को गिरावट दर्ज की गई। आज सोना 270 रुपए गिरकर 1,05,751 रुपए प्रति 10 ग्राम पर आ गया है। इससे पहले सोना 1,06,021 रुपए पर था। चांदी भी 320 रुपए गिरकर 1,22,900 रुपए प्रति किलो हो गई है। देश के महानगरों दिल्ली में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,07,010 और 22 कैरेट सोने की कीमत 98,100 रही, जबकि मुंबई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,06,860 और 22 कैरेट सोने की कीमत 97,950 थी। कोलकाता में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,06,860 और 22 कैरेट सोने की कीमत 97,950 रही, तो चेन्नई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,06,860और 22 कैरेट सोने की कीमत 97,950 रही। वहीं भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,06,910 और 22 कैरेट सोने की कीमत 98,000 रही। ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड का हॉलमार्क लगा हुआ सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदें।

## चावल-गेहूं नरम, खाद्य तेल.चीनी भी हुई सस्ती, दालों में रही घट-बढ़

**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में गुरुवार को चावल के दाम में नरमी रहने के साथ गेहूं का भाव भी टूट गया। खाद्य तेलों और चीनी में भी मंदी का रुख रहा, जबकि दालों की कीमतों में उतार. चढ़ाव देखा गया।

विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का नवंबर वायदा सात रिंगिट की बढ़त के साथ 4,449 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.33 प्रतिशत टूटकर 51.67 डॉलर के भाव बोला गया। घरेलू थोक जिंस बाजारों में चावल की औसत कीमत करीब 35 रुपये गिरकर 3,817.81 रुपये प्रति क्विंटल रह गई। गेहूं भी नौ रुपये से अधिक टूटकर 2,845.40 रुपये प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटा 3,305.43 रुपये प्रति क्विंटल पर लगभग स्थिर रहा। सरसों तेल औसतन 49 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। मूंगफली तेल में 45 रुपये और सोया तेल में 95 रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट रही। सूरजमुखी तेल 74 रुपये और वनस्पति 129 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। पाम ऑयल भी 67 रुपये प्रति क्विंटल टूट गया। दाल. दलहनों में उतार-चढ़ाव देखा गया। तुअर दाल की औसत कीमत 44 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। चना दाल 30 रुपये टूट गया, जबकि मूंग दाल चार रुपये प्रति क्विंटल नरम हुई। मसूर दाल की कीमत में 27 रुपये और उड़द दाल में पांच रुपये प्रति क्विंटल की मजबूती रही। गुड़ की औसत कीमत करीब 16 रुपये प्रति क्विंटल उतर गई। चीनी भी तीन रुपये सस्ती हुई। दाल.दलहन : दाल चना 7947.81 रुपये, मसूर काली 8166.89 रुपये, मूंग दाल 10085.18 रुपये, उड़द दाल 10443.17 रुपये, अरहर दाल 10714.11 रुपये प्रति क्विंटल। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2845.40 रुपये और चावल 3817.81 रुपये प्रति क्विंटल।


राव नदीम एडवोकेट जिन्दाबाद
आवाम-ए-हिन्द पार्टी जिन्दाबाद



ऑल इण्डिया
आवाम-ए-हिन्द पार्टी
मिशन-2027
नया विजन-हमारा मिशन
हिन्दू-मुस्लिम साथ चलेगा, एकता का राज चलेगा।
राव नदीम एड.
राष्ट्रीय अध्यक्ष
साथियों हक और इंसाफ के लिए अपनी आवाज बुलंद करने के लिए आवाम-ए-हिन्द पार्टी से जुड़कर राव नदीम एड. के हाथों को मजबूत करें।
Ph. 9027879829, 9411626066


## पीतल नगरी मुरादाबाद में दिखने लगा अमेरिकी टैरिफ का प्रतिकूल असर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** भारतीय उत्पादों पर 50 फीसदी टैरिफ लगाए जाने के ट्रम्प प्रशासन के फैसले का असर पीतल नगरी मुरादाबाद में दिखने लगा है।

स्थानीय कारोबारियों का दर्द है कि आयात शुल्क थोपे जाने के बाद करीब 60-70 फीसदी हिस्सा बढ़े हुए टैरिफ के दायरे में आ जाने से भारतीय माल वहां 30-35 प्रतिशत तक महंगा हो गया है, जिसके चलते अमेरिकी आर्डर निरस्त हो गए हैं। जीएसटी को युक्तिसंगत बनाने से भी पीतल नगरी के हालात सुधरने की उम्मीद कम है। मुरादाबाद निवासी न्यू क्राउन हैंडीक्राफ्ट एक्सपोर्ट फर्म प्रबंधन से जुड़े रहे डॉ. एम मुस्तकीम ने कहा कि मौजूदा चुनौतियों से निपटने में एक्सपोर्ट प्रमोशन मिशन के तहत सरकार

**भारतीय माल वहां तीस से पैंतीस प्रतिशत महंगा हो गया**

को आगे आकर मदद करनी चाहिए। कोविड काल की तर्ज पर कार्य पूंजी सहायता,आपात क्रेडिट लाइन गारंटी योजना शुरू की जाए।

निर्यात से जुड़े मामलों के जानकार डॉ. मुस्तकीम ने बताया कि अमेरिकी टैरिफ से पैदा हुए हालात में निर्यातकों को सरकार के सपोर्ट की दरकार है क्योंकि इससे अकेले निर्यातकों को परेशानी नहीं होगी, बल्कि आर्टिजंस के सामने रोजी-रोटी को खतरा पैदा हो गया है। मुरादाबाद की निर्यातक इंडस्ट्री लगभग 60 प्रतिष्ठात वर्क फोर्स को रोजगार भी देती है। उन्होंने कहा कि विभिन्न चुनौतियों का सामना कर रहे मुरादाबाद हस्तशिल्प उद्योग की चिंताओं को सरकार समझना होगा। ऐसे में आपात क्रेडिट लाइन गारंटी योजना शुरू की जाए, रोज़गार गारंटी, नकदी संबंधी चुनौतियों का समाधान, निर्यात संवर्धन मिशन (ईपीएम) पर विचार करने, सब्सिडी और ब्याज छूट, ई-कामर्स निर्यात कार्ड, निर्यात अनुपालन समर्थन, ब्रांडिंग और पैकेजिंग सहायता, लाजिस्टिक्स और वेयर हाउस सहायता के माध्यम से बाजार तक पहुंच प्रदान करने, जीएसटी दरों को युक्तिसंगत बनाने, कार्यष्ठील पूंजी पर दबाव कम होने तथा नए बाज़ार तक पहुंच बढ़ाने की दरकार है। डॉ. मुस्तकीम ने कहा कि वर्तमान में अधिकांश आर्डर कैंसिल हो गए हैं। पीतल नगरी के नाम से विशवभर में प्रसिद्ध यूपी के मुरादाबाद की लगभग 165 वर्ष पुरानी इंडस्ट्री में 1960 में कारोबार ष्टुरू हुआ था।


शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैराअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त



मुख्य मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।


CMYK

# बाइक व भैंसा बुग्गी की भिड़ंत में युवक की मौत

**शहर से अपने गांव पचैण्डा लौट रहा था मृतक**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** बुधवार की रात नई मंडी क्षेत्र के गांव पचैण्डा में बाइक व भैंसा बुग्गी की अचानक जोरदार हुई भिड़ंत में युवक की दर्दनाक मौत हो गई। इस हादसे में छाती व दोनो तरफ की पसलियां एक दूसरे में भिड़ गई थी मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा दिया।

नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के समीपवर्ती गांव पचैण्डा निवासी 27 वर्षीय अरविंद कुमार पुत्र मुनेश कुमार शहर में मोटरसाईकिल सर्विस का काम करता था वह शादी शुदा था बताया जाता है कि रोजाना की तरह अरविंद अपनी दुकान बंद करके बाइक द्वारा घर लौट रहा था। जैसे ही वह गांव के निकट पहुंचा तो अचानक सामने से आ रही भैंसा बुग्गी और बाइक सवार युवक की जोरदार भिड़ंत हो गई। घटना इतनी भयानक थी कि शव देखने वालों के रोंगटे खडे हो गए। लाश के पूरी तरह परखच्चे उड गए थे। घटना के बाद मौके पर चीख पुकार शुरू हुई और कुछ ही देर में यह खबर अरविंद के परिजनों तक पहुंच गई। रोते बिलखते परिजन मौके पर पहुंचे और एक आस लेकर अरविंद को अस्पताल पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने उसको मृतक घोषित कर दिया। घटना की जानकारी होने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की छानबीन की। इसके बाद पुलिस ने शव को पंचनामा भरा और पोस्टमार्टम करा दिया।


# दुष्कर्म के आरोपी वृद्ध की जेल में मौत

## परिजनों ने अचानक मौत पर उठाए सवाल, परिवार में मचा कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** पुत्रवधु के दुष्कर्म व दहेज उत्पीडन के मामले में जिला कारागार में बंद 70 साल के वृद्ध बंदी ने गुरूवार की सवेरे अंतिम सांस ली। मृतक का परिवार काफी समय से इस मुकदमे को लेकर परेशान था अब वृद्ध की मौत के बाद इस परिवार में कोहराम मच गया। जेल अधिकारियों ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है मृतक के परिजनों का कहना है कि उम्र भले ही 70 वर्ष हो, लेकिन वह कभी बीमार भी नहीं पड़े। जेल में हुई मौत को लेकर लोगों के अलग-अलग सवाल थे।

मुलरूप से जनपद सहारनपुर के थाना गंगोह गांव नंगला राजपुत निवासी 70 वर्षीय दिलशाद पुत्र मेहराजुद्दीन के बेटे अबरार की



शादी करीब सत्रह वर्ष पूर्व रतनपुरी थाना क्षेत्र के गांव नंगला निवासी शबाना के साथ हुई थी। शबाना की दूसरी बहन इमराना का निकाह भी अबरार के दूसरे भाई के साथ हुआ है बताया जाता है कि विगत वर्ष लड़की पक्ष ने दिलशाद उसके बेटे अबरार, दिलशाद की पत्नी वकीला व दो ननद व एक रिश्तेदार के खिलाफ 498 ए, 307, 376, 377, 511, 328, 323, 504, 506 के तहत मुकदमा दर्ज करा दिया था। दिलशाद व उसका पूरा परिवार अपने को निर्दोष बताकर थाने से लेकर अधिकारियों तक गुहार लगाता रहा, लेकिन न तो विवेचक ने सूनी और न ही इस मुकदमे में कोई मदद कर पाया। थक हार कर आरोपी पक्ष ने कोर्ट से स्टेय लिया, लेकिन अबरार सहित कई लोगों को जमानत करानी पडी। बताया जाता है कि स्टेय खत्म होने के बाद इक्कीस अगस्त को पुलिस ने दिलशाद उर्फ लिल्ला 70 वर्ष को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। वृद्ध दिलशाद पुत्रवधु द्वारा लगाए गए बलात्कार के मामले से शर्मसार था। पीड़ित लोगों का कहना है कि यदि मामला सच्चा होता तो जेल जाना मुनासिब था, लेकिन झूठे मुकदमें में जेल गए दिलशाद अपने को शर्मसार सा महसूस कर रहा था। गुरूवार की सवेरे परिजनों को जानकारी हुई कि दिलशाद की जेल में मौत हो गई है। इसके बाद परिवार के लोग अस्पताल पहुंचे जहां पुलिस ने इस मामले में कार्यवाही करते हुए शव का पोस्टमार्टम कराया और उसको परिजनों के सुपुर्द कर दिया। परिजनों का कहना है कि दिलशाद कभी बीमार भी नहीं पड़ा, लेकिन अचानक ही जेल में मौत हो जाने से उन्हे एक सदमा पहुंचा है। कुल मिलाकर एक तरफ परिवार के लोग मुकदमे को झूठा बता रहे है तो अचानक मौत पर भी सवाल उठा रहे है।

# अग्निवीर भर्ती में तकनीक पदों की चयन प्रक्रिया से गुजरे कई जिलों के अभ्यर्थी

**मुजफ्फरनगर।** अग्निवीर भर्ती रैली में कई जिलों के अभ्यर्थी तकनीकी पदों के लिए चयन प्रक्रिया से गुजरे। भर्ती में जिला अमरोहा, बागपत, बिजनौर, बुलंदशहर, गौतमबुद्ध नगर, गाजियाबाद, हापुड़, रामपुर, मुजफ्फरनगर, सहारनपुर, शामली, मेरठ, मुरादाबाद के अभ्यर्थियों ने हिस्सा लिया।

प्रमाण पत्रों की जांच के बाद अभ्यर्थियों को चेन प्रक्रिया में हिस्सा दिलाया गया। मुजफ्फरनगर में अग्निवीर भर्ती रैली 22 अगस्त से शुरू हुई है और भर्ती दौड़ 8 सितंबर तक चलेगी। मेरठ आर्मी रिक्रूटमेंट टीम चौधरी चरण सिंह स्पोर्ट्स स्टेडियम और नुमाइश मैदान में भर्ती करा रही है।



शिक्षक दिवस पर शिक्षकों का बड़ा ऐलान

# पुरानी पेंशन बहाली को परिवार के साथ रखेंगे उपवास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** पुरानी पेंशन की बहाली की मांग को लेकर एनएमओपीएस (नेशनल मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं अटेवा- पेंशन बचाओ मंच उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष पेंशन पुरुष विजय कुमार बंधु के राष्ट्रीय आह्वान पर शुक्रवार को सभी शिक्षक, कर्मचारी एवं अधिकारी अपने परिवार के साथ एक दिवसीय उपवास रखकर पुरानी पेंशन बहाली की मांग करेंगे। अटेवा के मुजफ्फरनगर जिलाध्यक्ष डा. दीपक कुमार गर्ग ने बताया कि इस बार शिक्षकों का शिक्षक दिवस अलग रहेगा।

सभी शिक्षक परिवार संग उपवास करेंगे। यह उपवास कर्मचारियों के अधिकारों की रक्षा और सम्मानजनक वृद्धावस्था के लिए पुरानी पेंशन की बहाली की मांग के लिए रखा जाएगा, जिसके लिए सरकार ने मजबूर कर दिया है। डा. दीपक कुमार गर्ग ने बताया कि जनपद के सभी विद्यालयों, कार्यालयों, विभागों में कार्यरत शिक्षक, कर्मचारी और अधिकारी अपने परिवार सहित उपवास रखकर केंद्र व राज्य सरकार से पुरानी पेंशन योजना बहाल करने की अपील करेंगे।

उन्होंने बताया कि इसके बाद सभी एक अक्टूबर को ट्विटर अभियान और 25 नवंबर को दिल्ली में पुरानी पेंशन बहाली हेतु हुंकार रैली में शामिल होंगे।



मुजफ्फरनगर: अग्निवीर बनने पर दौड़ लगाते युवा।



मुजफ्फरनगर: भर्ती प्रक्रिया से पूर्व प्रमाण पत्रों की जांच करते सैन्य अधिकारी।

# तस्करों से पांच करोड़ की स्मैक बरामद, किए कई गिरफ्तार

**शाहजहांपुर सहित कई जनपद व राज्यों में फैला है जाल**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** बुढ़ाना पुलिस ने पांच हजार के इनामी और बरेली व शाहजहां समेत कई जनपद में नशीले पदार्थ की तस्करी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से पांच करोड रूपये की स्मैक बरामद करने का दावा किया है। पुलिस का यह भी दावा है कि वह पंजाब, हरियाणा, उत्तराखंड राज्यों के साथ जनपद मुजफ्फरनगर में भी नशीले पदार्थ की सप्लाई करता है। गुरूवार को पुलिस लाइन के सभागार कक्ष में आयोजित प्रेसवार्ता में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि बुढ़ाना पुलिस ने मेरठ करनाल हाइवे के निकट दो संदिग्ध लोगों को गिरफ्तार कर उनके पास से अवैध मादक पदार्थ बरामद किया है। एसएसपी ने यह भी जानकारी दी कि आरोपियों के नाम राहत उर्फ कासिम व अरशद निवासीगण मीरनपुर थाना कटरा जनपद शाहजहांपुर है इस पर पांच हजार रूपयें का इनाम भी बताया गया। उन्होने बताया कि आरोपी के कब्जे से एक किलो 485 ग्राम स्मैक व कांटा बरामद हुआ है। स्मैक की कीमत पांच करोड बताई।

# टीएओ के संबंद्धीकरण आदेश पर कोर्ट में सुनवाई

**अब शासन को बताना होगा किस नियम के तहत जारी किए गए आदेश?**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** नगर पालिका के कर निर्धारण अधिकारी दिनेश यादव को लखनऊ मुख्यालय से संबंद करने का आदेश अब नगर विकास विभाग के साथ-साथ मुजफ्फरनगर के अधिशासी अधिकारी के लिए सिर दर्द बन गया है। इलाहाबाद हाईकोर्ट लखनऊ के न्यायाधीश न्यायमूर्ति अब्दुल मोईन ने शासन से पूछा है कि उन्होने किस अधिकार के तहत कर निर्धारण अधिकारी को लखनऊ संबंद किया है। इस मामले में अब सात दिन बाद पुन: हाईकोर्ट में सुनवाई होगी।

नगर पालिका मुजफ्फरनगर के कर निर्धारण अधिकारी दिनेश यादव और अधिकशासी अधिकारी प्रज्ञा सिंह के बीच अधिकारों को लेकर छिडी बहस अब कानूनी दाव पेंच में उलझती जा रही है। सभासदों द्वारा ईओ पर लगाए गए वित्तीय अनियमित्ताओं के आरोपों की जांच करते हुए कर निर्धारण अधिकारी ने पालिका अध्यक्ष को सौपी गई रिपोर्ट में स्पष्ट किया था कि ईओ ने वित्तीय अनियमित्ताएं की है कई अन्य मुद्दों पर भी कर निर्धारण अधिकारी की भेजी गई रिपोर्ट ईओ को अखरी तो उन्होने पालिकाध्यक्ष से एक पत्र शासन को भिजवाया था जिसमें कहा गया था कि कर निर्धारण अधिकारी ईओ के साथ अभद्रता कर रहे है जिसका असर पालिका के सामान्य कार्यो पर पड़ रहा है। उसी पत्र के आधार पर कर निर्धारण अधिकारी दिनेश यादव को निदेशालय से संबंद करते हुए 09 मई 2025 को आदेश जारी किए गए थे तभी से श्री यादव लखनऊ में ही है और उनकी जांच अपर आयुक्त सहारनपुर द्वारा की जा रही है।

इसी बीच दिनेश यादव नियमों का हवाला देकर हाईकोर्ट पहुंच गए। उनकी रिट पर हाईकोर्ट ने अधिशासी अधिकारी के साथ-साथ प्रमुख सचिव नगर विकास से भी जवाब मांगा था। आज प्रतिवाधियों की ओर से कोर्ट में कहा गया कि बेशक वह कोर्ट द्वारा दिए गए समय के भीतर कदम नहीं उठा सके, लेकिन वह आज जरूर कदम उठाएगे। उनकी ओर से नमित शर्मा ने अपना वकालत नामा भी दाखिल किया तथा जवाब देने के लिए एक सप्ताह का समय मांगा। कोर्ट ने उनसे पूछा है कि सेवा नियमों के किस नियम के तहत दिनेश यादव को एक स्थान से दूसरे स्थान पर संलग्न किया गया है।

कर निर्धारण अधिकारी दिनेश यादव के अधिवक्ताओं ने कोर्ट को अवगत कराया कि दिनेश यादव को बेवजह परेशान किया जा रहा है, क्योकि वह नियमों का हवाला देकर पालिका में गलत ढंग से हो रहे कार्यो पर रोक लगा रहे है जिससे अधिशासी अधिकारी परेशान होकर नियम विरूद्ध ढंग से उन्हे नगर पालिका मुजफ्फरनगर से हटाने का प्रयास कर रही है।

# समस्याओं पर किसान मजदूर संगठन की हुंकार

**टोपी पहनाकर दिलाई गई संगठन की सदस्यता**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जिला अधिकारी कार्यालय परिसर में किसान मजदूर संगठन की पंचायत का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने संगठन की सदस्यता ग्रहण की।

कार्यक्रम के दौरान नए कार्यकर्ताओं को संगठन की टोपी पहनाकर सदस्यता दिलाई गई। इस अवसर पर मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष अंकित चावला, मंडल प्रभारी सहारनपुर विपिन त्यागी, ब्लॉक अध्यक्ष राजीव सिंह सहरावत, तहसील पटवारी जानसठ अरविंद चौधरी, ब्लॉक प्रभारी सुधीर शर्मा सहित अन्य क्षेत्र के लोग रहे।

पश्चिमी उत्तर प्रदेश प्रभारी शेखर ने भी कार्यक्रम का संचालन किया और नव नियुक्त पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी।

पंचायत के बाद संगठन के कार्यकर्ताओं ने किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकरजिला. धिकारी को ज्ञापन सौंपा और शीघ्र समाधान की मांग रखी।



मुजफ्फरनगर: नशीले पदार्थ के तस्करों की जानकारी देते एसएसपी व अन्य अधिकारी।

# दहेज के लिए पत्नी को तीन तलाक देकर निकाला

**पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने किया मुकदमा दर्ज**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** अतिरिक्त दहेज की मांग पुरी न होने पर पति ने तीन तलाक देकर दो बच्चों की मां को घर से निकाल दिया है। उक्त अरोप महिला ने सिविल लाइन थाने में तहरीर देकर लगाया है, जहां पुलिस ने पति व ससुरालियों के खिलाफ मुक. दमा दर्ज कर लिया।

सिविल लाइन क्षेत्र के मौहल्ला केवलपुरी हाल निवासी सरवट की निवासी चांदी पत्नी इंतेजार ने सिविल लाइन थाने पहुंचकर इंतेजार पुत्र गुलजार, कमरजहां पत्नी गुलजार, बुशरा पत्नी नदीम निवासी केवलपुरी के खिलाफ एक तहरीर दी है। पीड़िता ने मुकदमें के लिए दिए गए शिकायती पत्र में बताया कि अतिरिक्त दहेज के कारण शादी के बाद से ही उसके साथ मारपीट की जा रही थी।

पीड़िता ने बताया कि मेरी शादी लोकडाउन 2019 में हुई थी और उसके दो बच्चे है। पीड़िता का कहना है कि काफी मिन्नतों और समझाने के बाद भी पति व ससुराल के लोगों का उत्पीड़न नहीं हुआ और उसे घर से निकाल दिया।

महिला का कहना है कि पति ने तीन तलाक देकर उसको अपने से अलग कर दिया है। पुलिस ने महिला द्वारा दी गई तहरीर पर जांच पड़ताल के बाद सभी लोगों के खिलाफ धारा 85/115(2)बीएनएस व 3/4 डीपी एक्ट तीन तलाक अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# ट्रेनों की रफ्तार पर भी पड़ा बारिश का असर

## दिल्ली जाने वाली अधिकतर ट्रेने रद्द, मेरठ तक जा रही सुपर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** प्राकृतिक आपदाएं नदियों के समीप बसे गांवों को ही नुकसान नहीं करती बल्कि जीवन की रफ्तार को भी धीमा कर देती है। ऐसा ही एक नजारा जहां रेलवे स्टेशन पर देखने को मिल रहा है। लगातार हो रही बारिश जहां दूसरे जनपद व राज्यों में अपना असर दिखा रही है। इसका जीता जागता यह भी सबूत है कि लोहे के पुल बंद कराकर रेल से यात्रा करने वाले अचानक ही संकट में पड़ गए है। रोजाना अपनी ड्यूटी पर जाने वाले व अन्य कारोबार के सिलसिले में सफर करने वाले यात्री कई स्थानों पर फंसे हुए है। इसमें वजह एक है कि वर्षा के कारण दिल्ली की ओर जाने वाली अधिकतर ट्रेनें बंद हो गई है। मुजफ्फरनगर सहित पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई जिलों से दिल्ली आने जाने वाले यात्रियों को इस समय भारी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। मुजफ्फरनगर से दिल्ली जाने के लिए अधिकतर ट्रेन बंद है और यमुना में आई बाढ़ के कारण रेलवे विभाग ने सुरक्षा के मद्देनजर हाल में दिल्ली, अम्बाला इण्टरसिटी दिल्ली सहारनपुर पैसेंजर, सुपर फास्ट पैंसेजर, सहारनपुर दिल्ली को बंद किया हुआ है। जालाधंर नई दिल्ली सुपर एक्सप्रेस को वर्षा के चलते मेरठ तक ही चलाया जा रहा है। और कई ट्रेने कई-कई घंटे लेट चल रही है जिसके चलते सरकारी ड्यूटी पर जाने वाले यात्रियों व कारोबार के सिलसिले से बाहर जाने वाले यात्री इस समय परेशान का सामना करना पड़ रहा है। रेलवे स्टेशन पर जाकर देखा जाए तो इस समय सबसे ज्यादा कठिनाई नजदिकी सफर करने वाले जैसे सहारनपुर, मेरठ, मुजफ्फरनगर, खतौली, गाजियाबाद, दिल्ली के यात्रियों को हो रही है। रोजाना स्टेशन पर देखा जा सकता है कि काफी यात्री परेशानी की हालत में खड़े मिलेगे और कुछ यात्री तो ट्रेन का इंतजार कर या तो किसी दूसरे वाहन से सफर कर रहे तो कुछ अपने घर लौट जाते है, हालांकि ट्रेनें ठप्प होने और कई-कई घंटे की शिकायत रेलवे के उच्च अधिकारियों को लगातार दी जा रही है, लेकिन समस्या का हल नहीं हो पा रहा है।

# 53 मुकदमों में लिप्त नशीले पदार्थ के साथ दबोचा

**मुजफ्फरनगर।** खतौली पुलिस ने नशीले पदार्थ के तस्कर हिस्ट्रीशीटर गौरव उर्फ गोरा व उसके तीन साथियों को गिरफ्तार किया है।

गोरे पर 53 मुकदमें दर्ज बताए गए है और दस लाख की गांजा के साथ पकडा गया है। एसएसपी संजय कुमार ने जानक. ारी दी कि ऑपरेशन सवेरे के तहत चलाए गए अभियान में अर्टिगा कार में सवार चार लोगों को गिरफ्तार किया यह लोग काफी समय से मादक पदार्थ की तस्करी में लिप्त है। ये सस्ते में खरीदकर ऊंचे दामों में बेचते है इस गैंग में करीब 25 लोग शामिल बताए जो उडीसा से लाकर आस-पास के राज्य व जनपद में बेचते है।

# एक दूसरे की भावनाओं का सम्मान करें लोग

## त्यौहारों के मद्देनजर डीएम व एसएसपी ने ली बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** आगामी पर्व के त्यौहारों (गणपति विसर्जन, बारावफात) को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए तथा कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिलाधिकारी उमेश मिश्रा व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने चौधरी चरण सिंह सभागार में गणमान्य लोगों सभ्रान्त व्यक्ति, धर्मगुरूओं के साथ शांति समिति मीटिंग का आयोजन किया। इस अवसर अपर जिलाधिकारी वित्त गजेन्द्र सिंह, अपर जिलाधिकारी प्रशासन संजय कुमार, पुलिस अधीक्षक नगर सत्यनारायण प्रजापत, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण आदित्य बंसल और समस्त सक्रिल अफसर, तहसीलदार और पुलिस प्रशासन के कर्मचारी मौजूद रहे। इस दौरान बैठक में आए लोगों से उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी ली गई और संबंधित अधिकारी को शीघ्र निस्तारण के लिए कहा गया। दोनो अधिकारियों ने मीटिंग में कहा कि दोनो समुदाय के लोग एक दूसरे की भावनाओं का सम्मान करे और शांति व्यवस्था बनाए रखे।

उन्होने कहा कि साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाडने और असामाजिक तत्वों के लिए कानून में बख्सीस का कोई खाना नहीं है और यदि किसी व्यक्ति की गतिविधियां गलत दिखाई दे तो इसकी सूचना पुलिस प्रशासन को दे। उन्होने कहा कि अफवहों पर ध्यान न दे और सौहार्दपूर्ण वातारण का माहौल बनाए रखे। उन्होने यह भी कहा कि सोशल मीडिया पर ऐसी कोई भी पोस्ट शेयर न करे जिससे किसी भी धार्मिक भावनाओं को ठेस न पहुंचे। उन्होने कहा कि शोभायात्रा में शांति, अनुशासन व धार्मिक सौहार्द बनाए रखे और शासन प्रशासन के निर्देशों का पालन करें। गणपति विसर्जन के दौरान गहरे पानी में न जाने की सलाह भी दी गई है और बारावफात के जुलूस के दौरान भी कानून का पालन करने के लिए कहा गया गया है। पुलिस प्रशासन ने बैठक में कहा कि यदि किसी ने भी कानून तोडने का प्रयास किया तो फिर कानून भी अपने हिसाब से उस पर कार्यवाही करेंगा।



मुजफ्फरनगर: शांति समिति की बैठक लेते जिलाधिकारी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक।

# राज्यमंत्री नरेन्द्र ने जाना रामपुरी के पीड़ितों का हाल

**मुजफ्फरनगर।** राज्यमंत्री नरेन्द्र कश्यप जम्मू वैष्णो देवी यात्रा के दौरान मृतक व घायल हुए लोगों के परिवार से मिले। उन्होने पीड़ित परिवार को 50-50 हजार रूपये निजी तौर पर और साइब बोर्ड तथा राज्य आपदा समिति से सहायता दिलाने को कहा है। उन्होने जिलाधिकारी मुख्य चिकित्साधिकारी व मेडिल कॉलेज के अध्यक्ष गौरव स्वरूप से भी निजी तौर पर मदद करने को कहा है। बता दे कि माता वैष्णो देवी यात्रा के दौरान हादसे में छह लोगों की मौत हो गई थी और महिला व बच्चे सहित कई लोग घायल हुए थे इन्ही का हाल जानने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्यमंत्री नरेन्द्र कश्यप यहां पहुंचे।

# कांवड़ यात्रा मार्ग पर 40 लाख के नए नाले से बदलेगी जल निकासी की तस्वीर

## नगरपालिका अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने तीन वार्डों में पांच सड़कों सहित किया 86 लाख के नवनिर्मित कार्यों का लोकार्पण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** नगरपालिका परिषद ने ठोस कदम उठाते हुए जल निकासी और नागरिकों के आवागमन की व्यवस्था को सुखद बनाने के लिए नवनिर्मित सीसी सड़कों और सीसी नाले के निर्माण कार्य के रूप में विकास को ये सौगात जनता को समर्पित करने का अपना क्रम जारी रखा गया है। नगरपालिका परिषद की अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने शहर के तीन वार्डों में राज्य वित्त एवं 15वें वित्त आयोग के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि में करीब 86 लाख रुपये की लागत से पांच नवनिर्मित सीसी सड़कों और कांवड़ मार्ग पर जल निकासी को बेहतर बनाने के लिए करीब 400 मीटर लंबे सीसी नाले का लोकार्पण कर इन्हें जनता को समर्पित किया।

नगरपालिका परिषद् की अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप एक बार फिर जनता को विकास की सौगात देने के लिए फील्ड में उतरीं उन्होंने कांवड़ मार्ग पर मदनी चौक से बझेड़ी अंडर पास तक सड़क के बाईं ओर 15वें वित्त के अन्तर्गत बनवाये गये सीसी नाला निर्माण कार्य का उद्घाटन किया। यहां पर 40 लाख रुपये की लागत से 390 मीटर सीसी नाला निर्माण कार्य कराया गया है।

इसके साथ ही वार्ड 52 में दो सीसी सड़कों और नाली निर्माण का कार्य पूर्ण होने पर इनका भी शुभारंभ करते हुए जनता को समर्पित किया। यहां पर वार्ड सभासद पति वाजिद अली ने स्थानीय नागरिकों के साथ पालिकाध्यक्ष का बुके देकर स्वागत किया और आभार जताया। वार्ड 41 के सभासद हिमांशु कौशिक के साथ पालिकाध्यक्ष ने आदर्श कालोनी में आठ लाख रुपये की लागत से तैयार सीसी सड़क का भी लोकार्पण किया। यहां पर मुख्य रूप से सभासद अमित कुमार, रवि पाल, विष्णु दत्त शर्मा, पुष्पेन्द्र तोमर आदि स्थानीय नागरिकों ने नगर पालिका के इस कार्य की सराहना करते हुए इसे लंबे समय से चली आ रही समस्या के समाधान की दिशा में बड़ा कदम बताया और आभार जताया। वार्ड संख्या 26 में साकेत कालोनी मुख्य मार्ग और ब्रह्मपुरी में करीब 30 लाख रुपये की लागत से दो नवनिर्मित सीसी सड़कों और नाली निर्माण कार्य का उद्घाटन किया।

यहां लोगों ने फूल मालाओं के साथ पालिकाध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप का स्वागत किया। सभासद देवेश कौशिक के साथ डॉ. अशोक सिंघल, अशोक त्यागी, राजेश गुप्ता, संजय गौतम, डॉ. संजीव गौतम, संदीप वत्स, आदेश गौतम, ज्योत्सना, नीरज गौतम, भावना सिंघल, लवी शर्मा, तरुण गुप्ता, ब्रज भूषण त्यागी, गणेश दत्त आदि लोगों ने उनका अभिनंदन और स्वागत किया। पालिकाध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने कहा कि हम नगर के सौंदर्यकरण, सफाई, यातायात व्यवस्था, जल निकासी और बिजली जैसी मूलभूत सुविधाओं को प्राथमिकता देकर शहर को मॉडल सिटी बनाने के लिए दिन-रात काम कर रहे हैं।

जनसहयोगी से हम मुजफ्फरनगर को एक स्वच्छ, सुंदर, व्यवस्थित और आधुनिक नगर बनाने के अपने लक्ष्य को अवश्य पूरा करेंगे। इसी कड़ी में कुछ विकास कार्यों को पूर्ण कराकर जनता को समर्पित किया गया है। कांवड़ मार्ग पर बाईं ओर का नाला तैयार कर लिया गया है। अब जल्द ही दायीं साइड का नाला निर्माण कार्य प्रारम्भ कराया जायेगा। इस पर भी पालिका करीब 40 लाख रुपये का बजट खर्च करने जा रही है। दोनों ओर सीसी नाले बनने से क्षेत्र के निवासियों और कांवड़ यात्रा के दौरान आने वाले लाखों श्रद्धालुओं को जल निकासी की प्रभावी व्यवस्था का लाभ मिलेगा, जिससे जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान संभव होगा।

# डीएम ने रखी छुट्टी तो संचालक ने खोला स्कूल

**बुढ़ाना।** डीएम ने बरसात के चलते 4 सितम्बर तक पूरे जनपद मुजफ्फरनगर के सभी स्कूलों की छुट्टी का अवकाश घोषित किया हुआ था लेकिन पता होने के बावजूद भी एक स्कूल संचालक ने प्रशासनिक आदेशों को ठेंगा दिखाते हुए अपने स्कूल को बैंकों होकर खोला और मासूम बच्चों को फोन कर करके स्कूल में बुलाया। जिसमें डीएम के आदेश की धज्जियां साफ उड़ती हुई नजर आई।

मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना ब्लाक क्षेत्र के गांव लुहसाना में स्थित एक प्राइवेट स्कूल के संच. ालक ने अपनी मनमानी की और डीएम के उस आदेश की अवहेलना की जिसमें उन्होंने 04 सितम्बर को सभी को अपने अपने स्कूल बंद करने के निर्देश दिए थे। कुछ अभिभावक तो परेशान से देखें गये और उन्होंने ही इसकी शिकायत मीडिया से की। मीडिया को मौके पर स्कूल खुला पाया गया। जिसके चलते डीएम के आदेशों की धज्जियां साफ उड़ती दिखाई दी क्योंकि अवकाश होने के बाद भी हठधर्मिता के चलते स्कूल खोला गया। इस स्कूल संचालक की मनमानी के चलते बच्चों के अभिभावक भी परेशान देखें गये। इस दौरान यहां पर एक बात और देखने को मिली। छोटे छोटे बच्चों को भूसे की तरह स्कूल बस के स्थान पर एक जर्जर मिनी टेंपो में भरकर लाया गया। अगर इस दौरान कोई हादसा हो जाता तो इसका जिम्मेदार कौन होता। इस बारे में खंड शिक्षा अधिकारी किरण यादव से बात की गयी तो उन्होंने स्कूल संचालक के विरुद्ध जांच के बाद कार्यवाही करने की बात कही है।

## सड़क निर्माण कार्य में लगे हार्ट अटैक से मजदूर की मौत

**मुजफ्फरनगर।** रामपुरी में सड़क निर्माण कार्य में लगे मजदूर की अचानक हार्ट अटैक से मौत होने से क्षेत्र में हर काम मच गया। सूचना मिलने पर क्षेत्रीय सभासद व ठेकेदार के साथ नगर पालिका के अधिकारी मौके पर पहुंचे और उन्होंने मजदूर को अस्पताल भिजवाया, लेकिन मजदूर की मौत हो गई इसकी जानकारी उन्होंने मजदूर के परिजनों को दी तो उनमें कोहराम मच गया। शहर के मोहल्ला रामपुरी वार्ड 21 में रजत धीमान के वार्ड में सड़क निर्माण कार्य चल रहा है, गुरुवार को यहां निर्माण कार्य में लगे एक मजदूर को अचानक सीने में दर्द हुआ और वह मौके पर ही गिर पड़ा हार्ट अटैक के चलते मौके पर ही उसकी मौत हो गई। मजदूर की अचानक मौत से क्षेत्र में शोक छा गया और सभासद ने ठेकेदार ने मौके पर पहुंचकर शव को उठाकर परिजनों की सुपुर्दगी में पहुंचा।

## आज कई गांवों-कस्बे की 4 घंटे बिजली रहेगी बंद

**बुढ़ाना।** स्थानीय विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता अजीत कुमार यादव ने आज बृहस्पतिवार के दिन एक प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए बतलाया कि 05 सितम्बर दिन शुक्रवार को सुबह लगभग 10 बजे से लेकर लगभग दोपहर 02 बजे तक यानि कि लगातार 04 घंटे के आसपास तक वेल्ली सब स्टेशन की लाइन ओवर हेड बनाने के लिए वेल्ली सब स्टेशन के साथ साथ अटाली, कुरथल, बुढ़ाना टाउन, बुढ़ाना देहात, भिंडकाली, चंधेड़ी, जौला और अलीपुर अटेरना सब स्टेशन का शट डाउन रहेगा। जिस कारण उक्त पूरे समय सभी बिजलीघर क्षेत्रों से जुड़े सभी गांवों की विद्युत आपूर्ति भी बंद रहेगी। उन्होंने सभी से धैर्य रखने और सहयोग करने की अपील की है और कहा है कि वे सुबह दस बजे से पहले पहले अपने विद्युत संबंधी सभी कार्य निपटा लें और एक अच्छे नागरिक होने का फर्ज निभाएं। उन्होंने इस कष्ट के लिए खेद भी जताया है।

## मंदवाडा-उमरपुर के मुस्लिम पंजाब हुए रवाना

**बुढ़ाना।** गांव मंदवाडा में मुस्लिम समाज के जिम्मेदार लोगों ने डोर टू डोर घूमकर पंजाब बरसात बाढ़ पीड़ितों की सहायता करने के लिए खाद्य सामग्री और कुछ धन एकत्रित किया। यह जानकारी प्रगतिशील युवा किसान तैमूर अली राणा ने दी। इसके अलावा गांव के ही डाक्टर फारुख सैफी सैम ने बताया कि गांव मंदवाड़ा और बुढ़ाना के युवा और सभी के सहयोग से पंजाब राज्य में बाढ़ पीड़ितों की बस्ती में जाकर एक मेडिकल कैंप भी लगाया जाएगा। जिसमें डॉक्टरों की टीम रहेगी। इसके अलावा गांव उमरपुर से भी पंजाब बाढ़ पीड़ितों के लिए सैंकड़ों ग्रामीण आगे आए। वे बृहस्पतिवार को गांव से राशन और जरूरत का सामान लेकर पंजाब के लिए रवाना हुए। यहां के ग्रामीणों ने गांव से समान इकट्ठा कर पंजाब बाढ़ पीड़ितों की मदद करने के लिए पंजाब राज्य के लिए रवाना हो गये। जिसमें गांव के ही राशिद, अनीस, मुशाहिद, आसिफ, भूरा, जमील व अतहर आदि के नतृत्व में ग्रामीण पंजाब राज्य के लिए बाढ़ पीड़ितों की मदद करने के लिए रवाना हुए। उमरपुर के इन सभी ग्रामीणों ने इंसानियत की यह मिसाल पेश कर यह दिखा दिया कि वे किसी की भी जरुरत पर काम आने वाले इंसान हैं। हर जगह इन लोगों की सराहना हो रही है। अगर देखा जाए तो इस समय पंजाब राज्य के हालात किसे से छुपे नहीं हैं। जो सबकी मदद करते हैं उन्हें आज मदद की जरूरत है। इसके अलावा क्षेत्र के अन्य गांवों से भी लोग खूब सामग्री लेकर पंजाब के लिए रवाना हो रहे हैं।

## ईख के खेतों में कई फुट भरा पानी

**बुढ़ाना।** गांव मंदवाडा में युवा प्रगतिशील किसान तैमूर अली राणा सहित अन्य कई किसानों के ईख के खेतों में कई कई फुट पानी लगातार छह दिन से भरा हुआ है। बृहस्पतिवार के दिन हल्का लेखपाल संजय गोस्वामी खेतों में पानी भरने की सूचना पर किसानों के बुलावे पर गांव में पहुंचे और खेतों में कई कई फुट भरा हुआ पानी देखा। किसान तैमूर अली राणा ने बताया कि उनके खेतों में भारी बारिश के चलते पानी भर गया है। पानी से गन्ने के अलावा अन्य फसलें भी खराब हो सकती हैं। यह सब गांव के नाले की सफाई नहीं होने के कारण हुआ है। जिससे पानी की निकासी नहीं होने से गांव का सारा पानी उनके खेतों में आ गया है। जिन जिन किसानों के खेतों में पानी भरा है उनमें मुख्य रूप से साजिद अहमद, हातिम अली, एहसान अहमद, युसूफ अली, तैमूर फाकर, रियासत अहमद और लियाकत अहमद सहित आदि किसान हैं जिनके खेतों में लगभग पांच फुट पानी भर गया है। सभी किसानों ने भारी नुकसान की आशंका जताई है। उधर मौका मुआयना करने आए लेखपाल संजय गोस्वामी ने बताया कि वे इसकी रिपोर्ट तहसीलदार को सौंपेंगे और कुछ निदान कराएंगे। उधर दूसरी ओर दोपहर बाद और सायं के समय मूसलधार बारिश ने फिर से किसानों के चेहरे पर परेशानी के भाव पैदा कर दिए हैं।

# जीएसटी स्लैब में बदलाव आम जनता को राहत देगा :भटनागर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** सरकार द्वारा जीएसटी स्लैब में बदलाव स्वागत योग्य है उत्पाद सस्ता होने से आमजन को रोजमर्रा का सामान सस्ता मिलेगा जिस कारण बिक्री बढ़ेगी जिससे उद्यमी व व्यापारी के साथ साथ आम जन को भी फायदा मिलेगा राजस्व भी बढ़ेगा।मेरा मानना है कि जो भी उत्पाद सीधे आमजन या कंज्यूमर को जाता जिसमें जीएसटी का रिफंड अन्तिम उपभोक्ता को नहीं मिलपाता जैसे सरिया लोहा सीमेंट आदि ऐसे उत्पादों को 5 प्रतिशत के दायरे में लाना चाहिए जिससे कर अपवंचन को रोका जा सके।



इस कदम से उत्पादकता भी बढ़ेगी और पहले से अधिक राजस्व की प्राप्ती होगी। जीएसटी के नए दरों में कुछ उत्पादों के रॉ मैटेरियल तो 18 प्रतिशत में चले गए है और उससे तैयार माल पर 5: जीएसटी है ऐसे में जीएसटी का रिफण्ड लेना एक चुनौती बन जाएगी।

इनपुट टैक्स क्रेडिट आईटीसी का बड़ा हिस्सा बेवजह उद्यमी का फंसा रहेगा तथा सूक्ष्म एवं लघु इकाइयों पर अतिरिक्त वित्तीय बोझ बढ़ेगा ऐसे उत्पादों में जीएसटी दरों में समानता की जानी अति आवश्यक है उम्मीद है जीएसटी कॉन्सिल इस ओर भी ध्यान देगी और बदलाव करेगी। कुल मिला कर ये सरकार का बड़ा दीपावली गिफ्ट है जिस प्रत्येक व्यक्ति लाभान्वित होगा।

# विसर्जन के साथ 10 दिवसीय गणेश जन्मोत्सव सम्पन्न



मुजफ्फरनगर। श्री सिद्धिविनायक गणेश जन्मोत्सव समिति, जय माँ शक्ति मंदिर, पटेल नगर, नई मंडी, द्वारा बड़ी धर्मशाला में गणेश जन्मोत्सव का आयोजन 27 अगस्त से 4 सितंबर तक किया गया था जिसमें आज 4 सितंबर को भगवान गणेश जी का विसर्जन हरिद्वार में किया गया। समिति के संस्थापक संजय कुमार गर्ग, अध्यक्ष रामपाल तायल, उपाध्यक्ष पंकज कुमार बॉबी, सुनील अग्रवाल, नितिन गोयल, विपिन पाल, दिनेश पाल, गौरव गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## पुलिस ने वारंटी को किया गिरफ्तार

**जनासठ/सिखेड़ा।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार थाना सिखेड़ा पुलिस ने वारंटियों के खिलाफ धरपकड़ अभियान चलाया जिसके चलते पुलिस ने एक वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया।

गुरुवार को उच्च अधिकारियों के निर्देशों का पालन करते हुए थाना प्रभारी योगेंद्र शर्मा ने एक टीम का गठन किया गया टीम में उप निरीक्षक अनुराग सिंह जादौन कांस्टेबल सत्यवीर सिंह कॉस्टेबल विक्रांत को शामिल कर वारंटी के खिलाफ धर पकड़ अभियान में तेजी लाने के निर्देश दिए जिसके चलते पुलिस ने एक वारंटी अर्जुन पुत्र सुरेन्द्र को दबिश देकर उसके मकान से गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

# अभी तक रास्ते में ही पड़ा है दीवार का मलबा

**बुढ़ाना।** कस्बा बुढ़ाना के मोहल्ला नई बस्ती के वार्ड नंबर 13 ओर वार्ड नंबर 15 में स्थित कस्बे के स्वर्णकार समाज की धर्मशाला की दीवार भारी वर्षा के कारण विगत दिवस बरसात होने के कारण गिर गई थी। शुक्र यह रहा था कि यह दीवार रात में गिरी तो कोई हताहत नहीं हुआ। दो दिन से इस धर्मशाला का मलबा ओर ईंटें रास्ते मे पड़ी हुई हैं और रास्ता पूरी तरह से बंद हो गया है। आने जाने वाले लोगों को पैदल चलने में भी समस्या आ रही है। बावजूद इसके यहां से कोई मलबा हटाने को तैयार नहीं है। इसकी सूचना धर्मशाला के जिम्मेदार लोगो को बीते कल ही दे दी गई थी। उक्त प्रकरण से यहां के मोहल्ले वालों में स्वर्णकार समाज के प्रति भारी रोष बना हुआ है।



# शाहपुर में सजा बाबा खाटू श्याम का भव्य दरबार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहपुर।** नगर के सिद्धपीठ श्री बालाजी धाम मंदिर पर स्थित बाबा खाटू श्याम के मंदिर में द्वादशी के दिन बाबा खाटू श्याम को श्याम प्रेमी हरमोहन सिंघल ने अपने जन्मदिवस के अवसर पर बाबा को भोग लगाया गया तथा फिर भोग का वितरण किया गया। बालाजी धाम पर बाबा खाटू श्याम की प्रतिमा स्थापित है और पिछले कई वर्षों से यहां पर प्रत्येक एकादशी को बाबा का विशाल श्रृंगार होता है। तथा द्वादशी के दिन बाबा को नगर के ही किसी न किसी श्याम प्रेमी की ओर से भोग लगाकर वह बाबा के भक्तों में वितरित किया जाता है।

इस बार का भोग हरिमोहन



सिंघल की ओर से लगाया गया। नगर के सैकड़ों लोगों ने बाबा का प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर अतुल सिंघल, विनीत मित्तल, वरिष्ठ भाजपा नेता श्यामपाल सिंघल, भाग्य शर्मा, अर्पित गोयल, अमन मित्तल, राजीव गर्ग, अमित मित्तल, ऋषभ सिंघल, हरिचरन नामदेव आदि श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# पंजाब बाढ़ त्रासदी में मीरापुर के युवाओं का सराहनीय योगदान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरापुर।** देशभर में हो रही लगातार वर्षा ने बाढ़ की स्थिति को और भी विकराल बना दिया है। नदियों के उफान पर आने से पंजाब के कई इलाके भयंकर बाढ़ की चपेट में आ गए हैं। इस प्राकृतिक आपदा ने वहां के लाखों लोगों को बेहाल कर दिया है। अनेक परिवार बेघर हो गए हैं, किसानों की फसलें पूरी तरह चौपट हो गई हैं और व्यापार-कारोबार पर भी गहरा असर पड़ा है। खाने-पीने की वस्तुओं की किल्लत ने लोगों की परेशानी और बढ़ा दी है।

पंजाब में आई इस आपदा की पीड़ा को समझते हुए मीरापुर के युवाओं ने सराहनीय पहल की है। कस्बे के जागरूक युवाओं व सभासदों ने मिलकर घर-घर जाकर धनराशि और खाद्य सामग्री एकत्रित की। इस कार्य में जानू अंसारी, परवेज, सुबोध, जितेन्द्र, राशिद, धर्मेन्द्र, अक्की किंग, शाहनजर, शाहरुख, शाहनवाज मंसूरी, सलमान अलवी, शाह आलम मंसूरी, कारी आबिद, नदीम, रब्बानी और सफावत सहित कई लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इन सभी के सामूहिक प्रयास से लगभग दो लाख रुपये नकद और बड़ी मात्रा में खाद्य सामग्री एकत्रित की गई है।

युवाओं का कहना है कि यह मदद शुक्रवार को विशेष रूप से रवाना की जाएगी, ताकि बाढ़ पीड़ितों तक समय पर सहायता पहुंच सके। उनका मानना है कि इस कठिन समय में समाज का हर वर्ग एक-दूसरे की मदद के लिए आगे आए, तभी बड़ी आपदाओं का सामना किया जा सकता है। मीरापुर के इन युवाओं का यह प्रयास न केवल मानवता की मिसाल है, बल्कि समाज में एकता और सहयोग की भावना को भी मजबूत करता है।

## सूचना

मेरी पुत्री स्नेहा के जन्म प्रमाण पत्र सं. 7467 दिनांक 18.07.2012 में गलती से पिता का नाम राहुल अंकित करा दिया गया जबकि वास्तविक एवं सभी अभिलेखों में मेरा नाम राहुल कुमार है और भविष्य में भी मुझे इसी नाम से जाना जाएगा। शुद्धिकरण हेतु सम्बन्धित विभाग में आवेदन प्रस्तुत किया जा रहा है।

**राहुल कुमार**
**निवासी- ग्राम कादीपुर,**
**जिला मुजफ्फरनगर**

## सम्बन्ध विच्छेद सूचना

मेरी लड़की सपना उम्र करीब 26 वर्ष मेरे व परिवार के कहने सुनने से बाहर हो गयी है और अपनी मनमर्जी करती है कोई बात नही मानती है। मैं व पूरा परिवार सपना की नाजायज हरकतों से तंग व परेशान आ चुका है। इसलिये मैंने व मेरे परिजनों व रिश्तेदारों ने सपना से अपने पारिवारिक सम्बंध खत्म कर उसको अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। अब सपना के किसी भी लेन देन व वाद विवाद के लिये मैं और मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा। वह अपने किये के लिये खुद जिम्मेदार है।

**पवन कुमार पुत्र सतपाल सिंह**
**निवासी-ग्राम बिलासपुर थाना नई मंडी जिला मुजफ्फरनगर**
**हाल निवासी- मौहल्ला अमित विहार कूकड़ा नई मंडी, मुजफ्फरनगर**

# मंत्री नरेंद्र कश्यप ने जम्मू वैष्णो देवी में हादसों के मृतकों और घायलों के लिए किया मदद का ऐलान

**मुजफ्फरनगर।** माता वैष्णो देवी हादसे में मुजफ्फरनगर और उसके आसपास के इलाकों में रहने वाले 6 प्रजापति और एक कश्यप समाज के परिवार का हाल-चाल जानने के लिए मुजफ्फरनगर पहुंचे उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्यमंत्री नरेंद्र कश्यप ने कई फैसले लेते हुए कई प्रमुख निर्देश दिए हैं। उन्होंने प्रजापति समाज के छह लोग जिसमें रामवीर, अंजलि, ममतेश, आकांक्षा दीपेश और आनंद शामिल हैं। तो वहीं कार्तिक कश्यप को लेकर भी बड़ी मदद की घोषणा की है। उन्होंने तत्काल जिलाधिकारी मुजफ्फरनगर से वार्ता करते हुए घायलों एवं मृतकों के परिवार के लिए मदद एवं जो भी संभावनाएं हैं, उसे पूरा करने का निर्देश दिया है। वहीं उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप ने साइन बोर्ड और राजस्व आपदा समिति को जिला. धिकारी के माध्यम से निर्देश दिलवाया है कि 09 लाख मृतकों के परिवार को तत्काल दिलवाले जाए। इसी के साथ मंत्री नरेंद्र कश्यप ने भी बड़ा दिल दिखाते हुए 50-50 हजार की आर्थिक मदद अपने निजी स्तर से प्रदान करने का ऐलान किया है। साथ ही जिलाधिकारी मुजफ्फरनगर, मुख्य चिकित्सा अधिकारी मुजफ्फरनगर और गौरव स्वरूप अध्यक्ष मेडिकल कॉलेज से घायलों और पीड़ित परिवारों को हर संभव मदद समय रहते करने का निर्देश दिया गया है और उपचार से लेकर प्लास्टिक सर्जरी तक के दिए गए निर्देश व पीड़ित परिवारों को दिया हर संभव मदद का भरोसा।



उनके साथ रामकुमार कश्यप प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, सुंदर पाल जिला अध्यक्ष ओबीसी मोर्चा, विजय वर्मा जिला महामंत्री ओबीसी मोर्चा, अंकित उप्पल, कार्तिक, मुकुल उपाध्याय, रोबिन कश्यप, प्रमोद कश्यप, आदि लोग उपस्थित थे।

# पंजाब पीड़ितों की मदद को आगे आया जौला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** ब्लाक क्षेत्र के गांव जौला में स्थित मदरसा हयातुल इस्लाम में बृहस्पतिवार की सुबह गांव के काफी जिम्मेदार लोगों ने मिलकर एक बैठक का आयोजन किया। जिसमें पंजाब प्रांत में लगातार बारिश बाढ़ के कारण हो रही क्षति को देखते हुए पीड़ित लोगों की मदद को लेकर गहन विचार विमर्श किया गया।

जिसमें सभी की आपसी सहमति से एक कमेटी बनाई गई। जिसमें तय किया गया कि जिम्मेदार लोग हो अपनी अपनी मस्जिदों और मदरसा क्षेत्रों से खाद्य सामग्री और रुपया एकत्रित करते हुए जो कमेटी यहां बनाई गयी है उसी को सौंपेंगे। आगामी 7 या 8 सितम्बर को एकत्रित हुई राहत सामग्री गाड़ियों में भरकर बाढ़ पीड़ितों के यहां पर पहुंचाई जाएगी। बैठक में बाढ़ पीड़ितों के लिए कुछ रकम एकत्रित की गयी। जो कमेटी के लोगों को हाथों हाथ



सौंपी। बैठक में मुख्य रूप से मुफ्ती आजाद, जमियत उलेमा ए हिंद जौला के सदर मौलाना ग"यूर, आईमा तंजीम जौला के सदर मौलाना उस्मान, बाबा साजिद उर्फ मुन्ना प्रधान, पूर्व जिला पंचायत सदस्य अब्दुल जब्बार, ताहिर ठेकेदार, मौलवी उस्मान, मौलवी जबील अहमद, एडवोकेट गुलरेज राणा, इरफान राणा भटा, जिला पंचायत सदस्य बाबा मोमीन हसन, डॉक्टर भूरा, मनव्वर राणा, कामिल अली, अशफाक नेता, मौलाना आकिल मजाहिरी, मौलाना माजिद, हाफिज अब्दुल सत्तार, डॉक्टर मुबारक हसन, वसीम राणा, आरिफ अली व शाहिद राणा आदि जिम्मेदार लोग थे।

## सूचना

मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र में पुत्री का नाम संस्कृति व जन्म तिथि 06.09.2011 अंकित हो गया है जो गलत है सही नाम संस्कृति शर्मा व जन्मतिथि 06.10.2011 है।

**योगेश शर्मा पुत्र श्री राज बहादुर**
**शर्मा 101/3C कृष्णापुरी**
**दक्षिणी, मुजफ्फरनगर**

# अगाध श्रद्धा का केन्द्र बना शाहपुर का श्री बालाजी धाम मंदिर

**( भाग्य शर्मा )**

**शाहपुर।** श्री बालाजी धाम मंदिर सेवा समिति द्वारा जन सहयोग से नगर में स्थापित कराए गए बालाजी धाम मंदिर बालाजी के अनुयायियों की अगाध श्रद्धा का केंद्र बना हुआ है। बालाजी धाम का भूमि पूजन 5 जुलाई 2010 में हुआ था वर्ष 2000 में नगर के दो दर्जन युवाओं द्वारा घर जाकर सुंदरकांड का पाठ करने के बाद नगर में बालाजी महाराज के मंदिर के निर्माण की ललक लगी। शाहपुर नगर में दो दर्जन से ज्यादा युवक मंगलवार व शनिवार में निशुल्क घरों में सुंदरकांड का पाठ करते थे। धीरे धीरे शाहपुर नगर का सुंदरकांड पाठ की मंडली के द्वारा सुंदरकांड का इतना प्रचार प्रसार किया गया कि नगर के अलावा देहात व आसपास के कस्बों के अलावा अन्य जनपदों में भी शाहपुर की मंडली को बुलाया जाने लगा दिन प्रतिदिन अपने आप को बालाजी महाराज की भक्ति में लीन युवकों को बार-बार एक ही ख्याल आता रहा की शाहपुर में भी बालाजी धाम का निर्माण हो जहां पर कलयुग के अवतारी बालाजी महाराज के दर्शन एवं पूजा अर्चना के बाद दीन दुखियों के कष्ट हर लिए जाए। इसी सोच के साथ बालाजी धाम सेवा समिति का गठन हुआ। और नगर व देहात क्षेत्र के अलावा अन्य कस्बों एवं जनपदों से भी सहयोग लेकर लगभग कई करोड़ से ज्यादा रुपए की लागत से निर्मित नगर में बालाजी धाम का निर्माण गाढ़ी के निकट किया गया। जिस जगह मंदिर का निर्माण किया गया है आज वह जगह बालाजी धाम रोड और बालाजी धाम कॉलोनी के नाम से नगर में प्रसिद्ध हो गई है। मंदिर कमेटी के पदाधिकारियों ने कलयुग के अवतारी बालाजी महाराज वह खाटू श्याम जी की दोनों की प्रतिमाओं की स्थापना कराने के साथ-साथ भैरव जी दीवान सरकार तथा प्रेतराज सरकार के अलावा शिव पार्वती गणेश जी राधा कृष्ण व माँ अंजनी की प्रतिमा के अलावा जगत जननी माँ जगदंबे व मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम और सीता की मूर्ति भी स्थापित कराई गई है। आज मंदिर पूर्ण रूप से भक्तों की मनोकामना को पूर्ण करता है यहां पर मंदिर के पुजारी पंडित वीरेंद्र शास्त्री जी का कहना है कि ओपरी पराई भूत प्रेत आदि से पीड़ित स्त्री एवं पुरुष मंगलवार शनिवार को यदि यहां पर आकर सुंदरकांड का पाठ करें। ओर बाबा के यहां अजह्न लगाएं और नतमस्तक होकर पूजा करें तो भूत प्रेत आदि से मुक्ति मिल जाती हैं यहां पर मंगलवार और शनिवार को मंदिर के पुजारी जी द्वारा पीड़ित व्यक्तियों को झाड़ भी लगाई जाती है उक्त मंदिर का निर्माण कमेटी द्वारा बड़े संघर्षों के साथ किया गया है। मंदिर के निर्माण कार्य के



दौरान मंदिर की आधारशिला रखने के लिए शंकराचार्य राज राजेश्वरानंद आश्रम महाराज व चंद किरण गुरु जी महाराज के अलावा नगर के सभी प्रमुख और जिम्मेदार लोगों की मौजूदगी में मंदिर का कार्य कराया गया था। आज भी मंदिर कमेटी से जुड़े लोग मंदिर की व्यवस्था को बखूबी संभाल रहे हैं मंगलवार व शनिवार को नगर में दूर-दूर से भक्त जन बालाजी महाराज के दर्शन करने आते हैं दीपावली कृष्ण जन्माष्टमी नवरात्र शिवरात्रि तथा बालाजी धाम के वार्षिकोत्सव के दौरान धाम को विशेष रूप से सजाया जाता है। मंदिर में बाहर से विशेष कलाकारों द्वारा संगीतमय धार्मिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाते हैं जो नगर की जनता के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहते हैं। शाहपुर की बालाजी जन्मोत्सव शोभायात्रा भी अपने आप में विशेष होती है। राजस्थानी लाल पत्थर से निर्मित बालाजी धाम अब बालाजी के भक्तों की अगाध श्रद्धा का केंद्र बन चुका है।

# बच्ची के कपड़े फाड़ने वाला कामांध बुजुर्ग गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंसूरपुर।** थाना क्षेत्र के गांव नावला में 73 वर्षीय बुजुर्ग ने 13 वर्षीय किशोरी को अपने घर में बुलाकर बुरी नीयत से दबोच लिया। अधेड़ ने सारी हदें पार करते हुए हैवानियत से उसके कपड़े फाड़ दिए। बच्ची के द्वारा शोर मचाये जाने पर पड़ोसियों ने आकर किशोरी को बुजुर्ग से छुड़ाया। किशोरी के परिजनों ने बुजुर्ग के खिलाफ थाने में मुक. दमा दर्ज कराया। पुलिस ने आरो. पी बुजुर्ग को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

थाना क्षेत्र के गांव नावला निवासी करीब 73 वर्षीय इंतजार पुत्र अली मोहम्मद ने पड़ोस में ही रहने वाली एक 13 वर्षीय किशोरी को किसी बहाने अपने घर में बुलाया। कुछ देर उसने बच्ची के साथ इधर-उधर की बातें की, फिर अचानक बुजुर्ग इंतजार के दिल में किशोरी के प्रति हैवानियत आ गई और उसने बुरी नीयत से किशोरी के कपड़े फाड़ दिए। किशोरी ने शोर मचाया तो पड़ोसी मौके पर पहुंचे। तब जाकर उसने किशोरी को बुजुर्ग से छुड़ाया। किशोरी के परिजनों ने इस मामले की जानकारी थाना पुलिस को देकर बुजुर्ग इंतजार के खिलाफ थाने में मुकदमा दर्ज कराया।

## सम्बन्ध विच्छेद

मैं राजपाल पुत्र नियामु व मेरी पत्नि मुनेश निवासी ग्राम काकड़ा तहसील बुढाना जिला मु.नगर के हैं। हमारे 3 पुत्र अमित, सुमित, मोहित, 2 पुत्रियां रचना, पूजा हैं। हमारा पुत्र सुमित कुछ दिन से हमारे कहने में नहीं है। वो अपनी पत्नी तनु व ससुराल के कहने में आकर आये दिन हमें व हमारे बच्चों संग गाली गलौच मारपीट कर झूठे मुकदमों में फंसाने की धमकी देता है। हम अपने पुत्र सुमित व पुत्रवधु तनु के अभद्र व्यवहार से तंग हैं और उन्हें अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद करते हैं। आज 4-9-2025 के बाद हमारा, हमारे परिवार के सब सदस्यों व हमारे रिश्तेदारों का हमारे पुत्र सुमित व पुत्रवधु तनु से कोई वास्ता नहीं होगा। दोनों अपने सब तरह के कृत्यों, लेनदेन के खुद जिम्मेदार होंगे। हमारी, हमारे परिवार के सदस्यों, रिश्तेदारों की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।?

# 20 साल का इंतज़ार, सड़क अब भी सपना

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** इस्लामनगर की इरशाद कॉलोनी के लोगों का सब्र आखिरकार जवाब दे गया। करीब 20 साल से बसी कॉलोनी अब भी सड़क और नाली का इंतज़ार कर रही है। पिछले 12 सालों से टूटी-फूटी गली और जर्जर नालियां बरसात में तालाब बन जाती हैं, और हालात ऐसे कि घर से बाहर निकलना ही मुश्किल हो जाता है। गुरुवार को कॉलोनीवासियों ने नाराज़ होकर सड़क व नाली निर्माण की मांग को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया।

**नेताओं तक पहुंची पुकार, लेकिन जवाब खामोशी**

कॉलोनीवासियों का कहना है कि जिलाधिकारी, ईओ नगर पालि. का और तहसील अधिकारियों को बार-बार शिकायती पत्र दिए गए, पर हर बार फाइलों में ही मामला दब गया।

आरिफ राजपूत, हुजैफा, मोहम्मद साजिद, अफरोज नाज, डॉ. अथर, गुलज़ार, शकील, महताब, जाविद अली, अहमद समेत कई लोगों ने सांसद हरेंद्र मलिक, विधायक मदन भैया और जिलाधिकारी उमेश कुमार मिश्रा को भी पत्र भेजकर जल्द निर्माण की गुहार लगाई है।

**तहसील गेट पर भी गड्ढों का साम्राज्य**

हालात सिर्फ कॉलोनी तक सीमित नहीं हैं। तहसील के सामने की मुख्य सड़क भी गड्ढों का अड्डा बनी हुई है। बारिश का पानी भरते ही यहां से गुजरना जोखिम भरा हो जाता है। आए दिन लोग फिसलकर घायल हो रहे हैं। हैरानी की बात यह है कि रोज एसडीएम, तहसीलदार और बड़े अफसरों के काफिले इसी रास्ते से गुजरते हैं, लेकिन शायद गड्ढे अब प्रशासन की आंखों के आदी हो चुके हैं।

**मंजूरी मिली, पर काम ठप, जनता में आक्रोश**

सूत्रों के मुताबिक, सड़क निर्माण को विभागीय मंजूरी मिल चुकी है। बावजूद इसके न तो ठेकेदार दिखे, न ही काम शुरू हुआ। इंतजार की इस लंबी कतार में अब गुस्सा बढ़ता जा रहा है।

## आर्थिक सहायता देने पर समझौता

**मंसूरपुर।** जड़ौदा में हाउसिंग सोसाइटी में मृतक मजदूर के प्रकरण में आज मृतक के परिजनों तथा ठेकेदार के बीच आर्थिक सहायता देने पर समझौता हो गया। बता दे कि कल बुधवार को बेगराजपुर निवासी मजदूर छोटू राम की जड़ौदा स्थित हाउसिंग सोसाइटी में कार्य करते समय मौत हो गई थी। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया था। वरिष्ठ किसान नेता अंकित बालियान ने चेतावनी दी कि यदि मजदूर के परिजनों को कोई आर्थिक सहायता नहीं दी जाती तो ग्रामीण मृतक का शव रखकर कंपनी गेट पर धरना प्रदर्शन करेंगे। पुलिस की मौजूदगी में मंसूरपुर पेट्रोल पंप पर दोनों पक्षों की समझौता वार्ता हुईघ् जिसमें घ्10 लाख की आर्थिक सहायता देने पर समझौता हो गया। समझौता वार्ता में किसान नेता अंकित बालियान, ठेकेदार वसीम मृतक छोटू राम का पुत्र सागर, पूर्व जिला पंचायत सदस्य संजय राठी, कुलबीर प्रधान, संजीव राठी, नंदकिशोर पांचाल रामकुमार रविंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

## गौ-रक्षक ने जहरीले सर्प का खुद किया रेस्क्यू

**बुढ़ाना।** एक ग्रामीण को एक जहरीला सर्प डसने के लिए उसके पीछे भागा तो गौरक्षक ने तुरंत फुर्ती दिखाते हुए अपनी जान की परवाह ना करते हुए जहरीले सर्प का बड़ी मुश्किल में रेस्क्यू किया और उसके दूर जंगल में छोड़ दिया। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना ब्लाक क्षेत्र के गांव परासौली में मिंटू विश्वकर्मा के घर में कहीं से अचानक से जहरीला सर्प आ गया। जो मिंटू के पीछे भाग खड़ा हुआ तो मिंटू ने शोर मचा दिया। शोर शराबा सुनकर मौके पर आए ग्रामीणों ने लाठी डंडे लेकर सांप को घेर लिया। तभी मौके पर आए माधव गौशाला के संच. ालक छोटा सैनी ने तुरंत एक डंडा और रस्सी लेकर अकेले ही काफी देर तक जहरीले सर्प का रेस्क्यू किया और उसको दूर जंगल में ले जाकर छोड़ दिया। इस दौरान काफी भीड़ जमा हो गयी थी।

# नई पाठ्य पुस्तक संतूर पर हुई विस्तृत चर्चा

**बुढ़ाना।** बीईओ किरण यादव की अध्यक्षता में बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान तथा एनसीईआरटी पाठ्ड पुस्तकों पर आधारित शिक्षक प्रशिक्षण आयोजित हुआ।

जिसमें एआरपी नरेश कुमार, संजीव कुमार, रवि शंकर, अमीर अहमद, क्षमा जांगिड़ द्वारा प्रशिक्षण कराते हुए प्रार्थना सभा कराई गई। फिर दिवस 4 के सत्र प्रारंभ हुए। फिर दिवस 3 के दोहराव के बाद जांच सतत आंकलन पर चर्चा, कक्षा 4 व 5 में 42 दिन की पुन्रावृत्त्यात्मक उपचारात्मक शिक्षण योजना पर चर्चा, कक्षा 4 व 5 के पाठ्डक्रम के दिवस वार विभाजन एवं पथ आधारित शिक्षण योजना पर समझ विकसित करने पर चर्चा, भाषा शिक्षण के दौरान प्रयोग होने वाले परिशिष्ट पर चर्चा, कक्षा 4 में 5 में 42 दिन की क्रियात्मक शिक्षण योजना पर चर्चा, गणित विषय से संबंधित, गणित शिक्षण के दौरान



प्रयोग होने वाले टीएलएम परिशिष्ट पर चर्चा।

फिर कक्षा 3 मे एनसीईआरटी द्वारा निर्मित नई पाठ्ड पुस्तक संतूर अंग्रेजी विषय से संबंधित पर विस्तृत चर्चा हुई। गतिविधि के माध्यम से प्रशिक्षण में प्रतिभागियों ने बड़ी उत्साह के साथ कार्य किया। सब एआरपी द्वारा प्रशिक्षण को बड़ी मेहनत के साथ दिया गया। बीईओ ने प्रश्न उत्तर के माध्यम से प्रशिक्षण की गुणवत्ता का परीक्षण भी किया। यहां ग "यूर, इमरान, नरेंद्र, राजीव, अवनीश, विनीत, रश्मि, अशोक, राजेंद्र, सुबोध, शमा, इलियास, सनित, अनीता, विपिन, अनुज, अनुपम, सोनिया, प्रदीप व जोगेंद्र मौजूद रहे।

## चोरों ने दो टयूबवेलों को बनाया निशाना

**मीरापुर।** ग्राम कैथोडा में अज्ञात चोरों ने देर रात दो टड्ूबवेलों को निशाना बनाते हुए मोटर, स्टार्टर और अन्य कीमती सामान चोरी कर लिया।

बताया गया कि बहसूमा निवासी लोकेन्द्र की कैथोडा गांव में खेती योग्य भूमि और बाग है। वे सिंचाई के लिए टयूबवेल का उपयोग करते हैं। गुरुवार की रात अज्ञात चोर नकब लगाकर टड्ूबवेल में घुसे और मोटर व स्टार्टर सहित महंगे सामान पर हाथ साफ कर गए। चोरी की इस वारदात से किसान को भारी नुकसान हुआ है। उधर, इसी तरह दो दिन पूर्व रामराज थाना क्षेत्र के ग्राम हाशमपुर में भी चोरों ने चार टड्ूबवेलों से कीमती सामान चोरी किया था। लगातार हो रही घटनाओं से किसानों में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों ने पुलिस से कड़ी कार्रवाई और गश्त बढ़ाने की मांग की है।

# बाढ़ पीड़ितों के लिए 25 क्विंटल गेहूं और 32 हजार की नकदी भेजी



**भोपा।** गांव नन्हेड़ा में भारतीय किसान यूनियन टिकैत के कार्यकर्ताओं ने पंजाब के बाढ़ पीड़ितों के लिए अभियान चलाकर गांव से 25 क्विंटल गेहूं और 32 हजार 350 रुपये की धनराशि एकत्रित कर किसान भवन सिसौली में जमा कर दी है।

भाकियू के जिला सचिव पंकज मलिक ने बताया कि गांव नन्हेड़ा में कार्यकर्ताओं ने पंजाब के बाढ़ पीड़ितों के लिए अभियान चलाकर गांव से 25 क्विंटल गेहूं और 32 हजार 350 रुपये की धनरा. शि एकत्रित की है। जिसमें दिल्ली पुलिस में नियुक्त गांव के रवि कुमार ने भी इस कार्य में सक्रिय भूमिका निभाते हुए साथियों संग मिलकर 15 हजार 500 रूपये का योगदान दिया है। न्याय पंचायत प्रभारी पुष्पेंद्र कुमार, ग्राम अध्यक्ष सुमित कुमार, सौदान सिंह, मोनू कुमार, प्रवेंद्र, रवि आदि ने गुरुवार को 25 क्विंटल गेहूं और 32 हजार 350 रुपये की धनराशि एकत्रित कर किसान भवन सिसौली में भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत को सौंप दिए। जिलाध्यक्ष नवीन राठी ने इस प्रयास की प्रशंसा करते हुए कहा कि एकत्रित अनाज और धनराशि को जल्द ही पंजाब के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में भेजा जाएगा। भाकियू कार्यकर्ता स्थानीय संगठनों के साथ मिलकर यह सुनिश्चित करेंगे कि सहायता सही हाथों तक पहुंचे।

# मंदवाडा में 3 घर भरभराकर गिरे, भैंस घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** बीते दिन एक दर्जन मकानों की छतें और दीवारें गिरने के बाद अब गांव मंदवाडा में तीन मकानों की छत भरभराकर गिर गयी।

इनमें से एक स्थान पर मलबे में भैंस दबकर घायल हो गयी जबकि परिवार के सभी सदस्य बाल बाल बच गये। मिली जानकारी के अनुसार मंदवाडा गांव में अकरम अली पुत्र लियाकत, आजाद अली पुत्र इसराइल और कामिल पुत्र अ"यूब अली के मकान की छत भरभराकर गिर गयी। तीनों स्थानों पर लाखों रुपये की संपत्ति का नुक्सान हुआ है। इसके अलावा कश्यप समाज की खाप के चौधरी डाक्टर सोनू कश्यप ने बताया कि लगभग आठ दिन पूर्व बुढ़ाना क्षेत्र के अलीपुर अटेरना गांव में भी एक गरीब विधवा महिला कविता पत्नि शिव कुमार कश्यप का मकान बारिश की वजह से गिर गया। तहसीलदार को सूचना दी तो उन्होंने लेखपाल को भेजने की बात कही परंतु आज तक कोई भी लेखपाल निरीक्षण करने के लिए मौके पर नहीं पहुंचा।

क्या ऐसे में इन पीडित गरीबों की प्रशासनिक मदद होगी यह सो. चने वाली बात है। कविता गांव में ही मेहनत मजदूरी करके अपने बच्चों का पालन पोषण कर रही है। स्थानीय प्रशासन को भी कई बार पीडिता लिखित शिकायत कर चुकी पर किसी अधिकारी ने उसकी कोई भी सुनवाई नहीं की।

## संक्षिप्त समाचार

### कोतवाल बोले-खतौली जल्द होगी अतिक्रमण मुक्त

**खतौली।** कोतवाली खतौली में नए प्रभारी निरीक्षक दिनेश चंद्र बघेल ने गुरुवार को पदभार ग्रहण किया। पदभार संभालते ही उन्होंने साफ कहा कि कानून व्यवस्था को दुरुस्त करना और शहर को अतिक्रमण मुक्त कराना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। कोतवाल बघेल ने कहा कि नगर की सबसे बड़ी समस्या अतिक्रमण है, जिसकी वजह से आए दिन जाम की स्थिति बनती है। इस पर जल्द ही बड़ा अभियान चलाया जाएगा। शहर की मुख्य सड़कों और चौक-चौराहों से अतिक्रमण हटाया जाएगा, जिससे आमजन को राहत मिल सके। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि अपराधिक तत्व किसी भी कीमत पर बख्शे नहीं जाएंगे। पुलिस गश्त और सतर्कता को और बढ़ाया जाएगा। साथ ही आम जनता से अपील की कि वे पुलिस का सहयोग करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत दें। प्रभारी निरीक्षक ने भरोसा जताया कि पुलिस, प्रशासन और नगरवासियों के सहयोग से खतौली को सुरक्षित, स्वच्छ और अतिक्रमण मुक्त बनाया जाएगा।

### गायब पति की बरामदगी को पत्नी ने लगाई गुहार

**मोरना।** चचेरे भाई के लापता होने के बाद तलाश को निकला संजीव कुमार भी लापता हो गया। पत्नी ने थाना पुलिस से पति व देवर की बरामदगी की गुहार लगाई है। भोपा थाना क्षेत्र के गांव मोरना निवासी सविता ने तहरीर देकर बताया की बीते रविवार उसका चचेरा देवर अनुज घर से गायब हो गया था। अगले दिन सोमवार को अनुज की तलाश मे निकले उसके पति संजीव कुमार भी गायब हो गये।संजीव का मोबाइल भी बंद आने के बाद परिजन चिंतित हो गये। सभी संभावित स्थानों पर दोनों की तलाश की गयी किन्तु कुछ पता न चल सका है। अनहोनी की आशंका जताते हुए सविता ने पति संजीव कुमार व चचेरे देवर अनुज की बरामदगी की गुहार पुलिस से लगाई है।

### पांच जुआरी गिरफ्तार

**छपार।** पुलिस ने चेकिंग के दौरान छपार छपरा मार्ग पर जुआ खेलते हुए पांच आरोपियों को गिरफतार कर उनके कब्जे से 29 हजार पांच सौ अस्सी रुपए, दो बाइक व अन्य सामान बरामद किया।पूछताछ के बाद पुलिस ने चालान कर कोर्ट में पेश किया है।बृहस्पतिवार को पुलिस छपार छपरा मार्ग पर वाहन चेकिंग कर रही थी। सूचना मिली कि आगे कुछ लोग जुआ खेल रहे हैं। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर छपार निवासी सलमान व दिलशाद, गांव खुडडा निवासी अंजर व नफीस, गांव भेसरहेडी निवासी नसीम को गिरफतार कर उनके कब्जे से 29580 रुपए, दो बाइक व ताश के पत्ते आदि सामान बरामद किया। पुलिस ने सभी आरो. पियों का चालान कर कोर्ट में पेश किया है।

### मस्जिद से घर जा रहे बच्चों की पिटाई में भिड़े परिजन

**छपार।** मस्जिद से पढ़कर अपने घर जा रहे बच्चे की रास्ते में कुछ बच्चों ने पिटाई कर दी उसके बाद दो आरोपी बच्चे उनके परिवार की महिलाएं पीड़ित बच्चे के घर में घुसी ओर गाली गलौज करते हुए पिटाई की ओर जान से मारने की धमकी देते हुए चली गई। पीड़ित की मां ने आरोपियों के विरुद्ध थाने में तहरीर दी है। छपार निवासी गय्यूर का छोटा बच्चा सैफ बृहस्पतिवार को शाम के चार बजे मस्जिद से पढ़कर घर वापस जा रहा था रास्ते दो बच्चे रिहान,सायान, खेल रहे थे। सैफ का उनके साथ झगडा हो गया जिसपर उन्होंने उसकी पिटाई कर दी उसके बाद दोनों आरोपी बच्चों ने घर जाकर बताया जिसपर तीन महिला व दोनों आरोपी पीड़ित बच्चे के घर पहुंचे ओर उसकी पिटाई की ओर जान से मारने की धमकी देते हुए चले गये। पीड़ित की मां तमन्ना ने आरोपियों के विरुद्ध तहरीर दी है।

### खेत में बेहोश मिला लापता लेखपाल

**छपार।** देवबंद तहसील में तैनात लेखपाल 48 घंटे बाद जंगल में एक खेत में बेहोशी की हालत में पड़ा मिला पुलिस व परिजनों ने उसे देवबंद चिकित्सालय में भर्ती कराया वहां से डाक्टरों ने मुजफ्फरनगर रेफर कर दिया। गांव तेजलहेडा निवासी श्याम सुंदर देवबंद तहसील में लेखपाल के पद पर कार्यरत था। मंगलवार को सुबह एक काल आने पर वह बाइक से देवबंद के लिए निकला था ।शाम को घर वापस आते समय वह लापता हो गया था। छपार देवबंद पुलिस व परिजन तलाश करने में लगे रहे। 48 घंटे बाद बृहस्पतिवार को गांव फुलासी के जंगल में बेहोशी की हालत में पड़ा मिला कुछ दूरी पर बाइक पड़ी हुई थी। पुलिस व परिजन उसे देवबंद चिकित्सालय में ले गये वहां से डाक्टरों ने उसे मुजफ्फरनगर रेफर कर दिया। सीओ सदर रविशंकर मिश्रा ने बताया कि उसके साथ क्या हुआ ये होश में आने पर ही पता चल सकेगा।

### बिना हेलमेट वालों को भी मिल रहा पेट्रोल

**जानसठ।** सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए जारी किए गए श्नो हेलमेट, नो फ्यूल अभियान का पालन कस्बे के पेट्रोल पंप पर सख्ती से नहीं हो पा रहा है।

प्रदेश सरकार के निर्देशों के बावजूद, कस्बे व तहसील क्षेत्र के अधिकांश पेट्रोल पंपों पर बिना हेलमेट पहने दोपहिया वाहन चालकों को भी आसानी से पेट्रोल दिया जा रहा है। जबकि यह नियम सड़क दुर्घटनाओं को कम करने और वाहन चालकों को हेलमेट पहनने के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से लागू किया गया है। जनपद में शुरू मे कुछ स्थानों पर इसका कड़ाई से पालन किया गया, लेकिन अब स्थिति जस की तस हो गई है। पेट्रोल पंप संचालकों और कर्मचारियों की लापरवाही के चलते यह अभियान सिर्फ कागजों तक सीमित रह गया है।देखा जाए तो अधिकांश पेट्रोल पंप पर मात्र जिलाधिकारी आदेशों का बोर्ड लगा है जिस पर लिखा है सड़क सुरक्षा अभियान हेलमेट नहीं तो पेट्रोल नहीं लेकिन नियमों का सख्ती के साथ पालन नहीं हो रहा है। स्थानीय प्रशासन को इस मामले में तुरंत संज्ञान लेते हुए कार्रवाई करनी चाहिए ताकि सड़क सुरक्षा के नियमों सहित प्रदेश सरकार के आदेश का सही ढंग से पालन कराया जा सके।

### करोड़ों की जीएसटी हड़पने वाले सलमान पर मुकदमा दर्ज

**मुजफ्फरनगर।** नई मंडी थाने में एसआइबी के उपायुक्त मनोज कुमार शुक्ल ने रैदासपुरी के सलमान पुत्र मोहम्मद दिलशाद के विरुद्ध सर्वश्री क्लीन इंडिया नाम से बोगस फर्म बनाकर आइटीसी हड़पने के लिए फर्जी कारोबार दिखाया गया। मौके पर माल नहीं मिला था, लेकिन ई-वे-बिल बनाकर आइटीसी पासऑन किया गया। आरोपी ने लगभग 2.80 करोड़ रुपये की जीएसटी हड़प रखी है। इन सभी मामलों की पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

## विद्युत लाईन तार चुराने वाले गिरफ्तार



**शाहपुर।** लगभग डेढ़ महा पूर्व रात्रि को अज्ञात चोरो द्वारा 33 केवी विद्युत उपकेन्द्र किनौनी से 11 केवी की एल टी लाइन तार चोरी कर लिया गया।

पुलिस द्वारा अवर अभियन्ता किनौनी की तहरीर के आधार पर थाना शाहपुर पर विद्युत अधिनियम पंजीकृत किया गया तथा घटना के सफल अनावरण हेतु पुलिस टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर 2 शातिर चोर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया अभियुक्तों के कब्जे से चोरी किया गया विद्युत तार बरामद किया गया। अभियुक्तों द्वारा पूछताछ में अन्य कई स्थानों पर भी विद्युत तारों के चोरी की घटना को स्वीकार किया गया। पुलिस द्वारा अभियुक्तों की निशांदेही से अन्य थानाक्षेत्रों में विद्युत तार/उपकरण चोरी के अभियोगों से सम्बन्धित विद्युत तारों को बरामद किया गया। पूछताछ के दौरान अभियुक्त होने अपना नाम अरूण पुत्र सतवीर कश्यप व मोन्टी कुमार पुत्र जगपाल सिंह निवासी हडौली थाना भौराकलां बताया।

# शिखर शिक्षा सदन में शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया गया

**मीरापुर।** शिखर शिक्षा सदन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शिक्षक दिवस बड़े हर्षोल्लास और श्रद्धाभाव के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ विद्यालय प्रबंधिका शिखा शर्मा और प्रधानाचार्य पुनीत राजपूत ने डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलन और पुष्प अर्पण कर किया।





इस अवसर पर शिक्षकों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिनमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले शिक्षक-शिक्षिकाओं को विद्यालय प्रशासन की ओर से पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रबंधिका शिखा शर्मा ने कहा कि ऐसी परंपराएँ शिक्षकों में उत्साह और जोश भरती हैं। इससे उन्हें यह अनुभव होता है कि वे राष्ट्र और विद्यार्थियों के लिए कितने महत्वपूर्ण हैं। प्रधानाचार्य पुनीत राजपूत ने कहा कि शिक्षक दिवस हम सभी के लिए गौरवपूर्ण अवसर है। शिक्षकों का दायित्व है कि वे नई पीढ़ी को राष्ट्र को सर्वोच्च शिखर पर पहुँचाने के लिए प्रेरित करें। यही शिक्षक होने का सार्थक अर्थ है। विद्यालय निदेशक राजेश शर्मा ने सभी शिक्षकों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि शिक्षक अपनी निष्ठा और लगन से राष्ट्र निर्माण का कार्य करते हैं। समाज में उनका सर्वोच्च स्थान है और वे सुसंस्कृत नागरिक तैयार कर देश को नई दिशा देते हैं। चेयरमैन सुशील कुमार शर्मा ने भी शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि शिक्षक राष्ट्र की सच्ची धरोहर हैं। उनका मार्गदर्शन ही विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की ओर अग्रसर करता है।

## भाजपा मंडल कार्यशाला की बैठक में पंचायत चुनाव पर हुआ मंथन

**मीरापुर।** संभलहेड़ा मंडल के ग्राम पंचायत कुतुबपुर में भारतीय जनता पार्टी की ओर से मंडल कार्यशाला बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में आगामी पंचायत चुनाव को लेकर विभिन्न रणनीतिक मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं है। वे सबका साथ, सबका विकास की भावना के साथ देश को आगे बढ़ा रहे हैं। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कारण प्रदेश में खुशहाली और विकास का माहौल है। कार्यक्रम में मंडल महामंत्री डॉ. रवि शर्मा, मुख्य अतिथि जिला मंत्री सुधीर खटीक, मंडल प्रभारी नजर सिंह गुर्जर, मंडल अध्यक्ष अनुराग पवार, जिला मंत्री कोकिल काकरण, मंडल उपाध्यक्ष रणधीर सिंह, वरिष्ठ नेता इंद्रपाल मास्टर, सुरेंद्र प्रजापति, दीपक धनीपाल, रामपाल, मिनटु कश्यप आदि मौजूद रहे।

# सरकारी चीनी चोरी की अफवाह की जांच तेज, पूर्व विधायक ने की कार्रवाई की मांग

**खतौली।** बुधवार को तिंगाई गांव स्थित गोदाम से सरकारी चीनी चोरी की सूचना पर तहसील प्रशासन में हड़कंप मच गया था। सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो के बाद एसडीएम और आपूर्ति अधिकारी ने तत्काल मौके पर पहुंचे और गहनता से जांच की थी। जिसके बाद गुरुवार को एसडीएम ने इस मामले की जांच और तेज कर दी है एसडीएम ने 31 राशन डीलरों के कोटे का सत्यापन किया साथ ही ठेकेदार और मार्किट इंस्पेक्टर से भी कड़ी पूछताछ की।बुधवार को सरकारी चीनी गोदाम से चोरी करने की सूचना के बाद गोदाम में पहुँच एसडीएम राजकुमार भारती और आपूर्ति अधिकारी राजेश कुमार चौधरी ने गहनता से जांच पड़ताल की जहाँ जांच में पाया गया था कि गोदाम से किसी तरह की चोरी नहीं हुई है। एसडीएम राजकुमार भारती ने बताया कि बारिश से बचाने के लिए चीनी को एक कमरे में शिफ्ट किया गया था। स्टॉक की जांच में पाया गया कि मोरना से आए ट्रक में 89 कुंतल चीनी आई थी, जिसमें से 51 डीलरों को सप्लाई की जा चुकी है, जबकि गोदाम में अभी भी 56 कुंतल चीनी शेष है। यह चीनी अंत्योदय कार्डधारकों के लिए भेजी गई थी। एसडीएम ने कहा कि वायरल वीडियो के जरिए सरकार की छवि खराब करने की कोशिश की गई है। वहीं, गोदाम में लगे सीसीटीवी कैमरे शरारती तत्वों द्वारा तोड़े जाने की जानकारी भी सामने आई है। इस मामले की अलग से जांच की जा रही है, साथ ही वीडियो वायरल करने वाले की भी जांच शुरू कर दी गई है। बुधवार की रात भी एसडीएम ने दोबारा गोदाम में छापेमारी की और जांच को तेज किया। इस दौरान उन्होंने गुरूवार को तहसील



में उन 31 डीलरों की बैठक बुलाकर उनके कोटे का सत्यापन कराया जिन्हें चीनी दी गई थी उनसे कड़ी पूछताछ की। इसके अलावा ठेकेदार, गोदाम मालिक और आपूर्ति अधिकारियों से भी सवाल-जवाब किए गए। एसडीएम ने पूछा कि सरकारी चीनी से भरा ट्रक रात में गोदाम में कैसे पहुंचा और कटों की सील खुली क्यों पाई गई। मामले की जांच तेज होते ही राशन डीलरों से लेकर ठेकेदार और आपूर्ति विभाग के अधिकारियों तक में खलबली मच गई है। वही पूर्व विधायक विक्रम सैनी ने उच्चाधिकारियों को शिकायती पत्र भेज कर इस मामले में कड़ी कार्यवाई करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि रात में गरीबो के नसीब पर कुछ लोगों ने डाका डाला है जिसका प्रमाण गोदाम में रखे चीनी के खुले कटे है जिनमे से चीनी चोरी की गई है।

# पंजाब बाढ़ पीड़ितों के लिए भेजी राहत सामग्री

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानसठ।** पंजाब में आई बाढ़ से किसानों को हुए भारी नुकसान को देखते हुए भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के साथ सभी सिखेड़ा के ग्रामीणो ने बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए अभियान चलाया और बाढ प्रभावित क्षेत्रों में धन और राहत सामग्री एकत्र कर प्रभावित परिवारों को आर्थिक सहायता और आवश्यक वस्तुएं भेजी गई।

गुरुवार को भाकियू टिकैत के ब्लॉक अध्यक्ष योगेश बालियान ने राहत सामग्री लेकर पंजाब जा रही दो पिकअप गाड़ियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया यह पहल किसानों व इन्शानियत के प्रति एकजुटता और संकट के समय उनकी मदद करने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

यूनियन के एक पदाधिकारी ने बताया कि उनकी प्राथमिकता उन किसानों तक मदद पहुंचना है जिन्होंने अपनी फसलें और घर खो दिए हैं। भारतीय किसान यूनियन टिकैत के पदाधिकारी व सिखेडा गांव व क्षेत्र के ग्रामीणों ने आम जनता और अन्य संगठनों से भी सहयोग की अपील की है।इस इस दौरान पंजाब के किसानों के लिए भेजी गई राहत सामग्री में 45 कुंतल गेहूं 80 हजार रु नगद भेजी गई है। इस दौरान किसान यूनियन के पदाधिकारीयों के साथ साथ गांव सिखेड़ा के ग्रामीणों का पूर्ण सहयोग रहा है।

## नवनिर्माणाधीन खाटू श्याम मंदिर में पदमा एकादशी पर संकीर्तन

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** भाद्रपद मास की पदमा एकादशी के पावन पर्व पर श्री झारखंड महादेव देवालय, शिवपुरी खतौली स्थित नवनिर्माणाधीन खाटू श्याम मंदिर परिसर में भव्य संकीर्तन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य यजमान संजीव अग्रवाल जैन मंडी खतौली व उनकी धर्मपत्नी उपा. सना अग्रवाल सपरिवार उपस्थित रहे। उन्होंने परिवार सहित बाबा की ज्योत प्रज्वलित कर संकीर्तन की शुरुआत की। संकीर्तन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्त उमड़े।

इस अवसर पर नटराज म्यूजिकल ग्रुप से भजन गायक दीपक योगी ने संकीर्तन प्रस्तुत किया। भजन गायिका भावना रानी (अलीपुर अटेरना) व खुशबू राधा (सकौती) ने भी भजनों की प्रस्तुति दी। वहीं, सरिता योगी, शशि भारद्वाज, मिथलेश महेश्वरी, शिवानी, ज्योति अरोरा, स्वाति (तिल. कनगर), यश छाबड़ा व हर्ष गुप्ता ने भी भक्तिमय भजनों से वातावरण को भक्ति रस में सराबोर किया। मोर छड़ी की सेवा का दायित्व सुनील कुमार (अलीपुर अटेरना) ने निभाया। लाइट व सजावट की व्यवस्था संजय गोस्वामी परिवार ने की, जनरेटर की व्यवस्था राजेंद्र जनरेटर वालों ने संभाली तथा फूलों की व्यवस्था गुलशन फूल भंडार वालों द्वारा की गई। मंच संचालन का कार्य प्रधानाचार्य संजीव कुमार शर्मा ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से संजीव अग्रवाल (जैन मंडी), संदीप अग्रवाल (पीली कोठी), संजीव कुमार शर्मा (प्रधानाचार्य), अनुराग शास्त्री, वरिष्ठ भाजपा नेता मदन छाबड़ा, तरुण सूरी, संजय गोस्वामी, विपिन अरोरा, प्यारे लाल, सुनील कुमार, सीताराम, मनोज उपाध्याय, लवली अरोरा, यश छाबड़ा, विक्की, कमलेश मिश्रा, अमित शिवाच, शशि भारद्वाज, उपासना अग्रवाल, प्राची अग्रवाल, शशि उपाध्याय, मिथिलेश महेश्वरी व आरती देवी सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# मीटर रीडर्स व इंचार्ज के बीच चली वार्ता हुई विफल

**बुढ़ाना।** विद्युत मीटर रीडरों व डिविजन के अधिकारियों के बीच कई घंटे तक चली वार्ता विफल साबित हुई। सभी मीटर रीडर आज बृहस्पतिवार को फिर दूसरे दिन हड़ताल पर रहे।

उधर विद्युत बिल नही मिलने से सभी उपभोक्ता परेशान हैं। मिली जानकारी के अनुसार नये बिजलीघर पर धरना प्रदर्शन कर रहे मीटर रीडरों ने बताया कि आज उन्होंने साई कम्प्यूटर डिवीजन इंचार्ज बुढाना को सैलरी कटौती, सैलरी स्लिप, सैलरी समय पर नही मिलने और बिलिंग ऐप के संबंध में एक ज्ञापन दिया। ज्ञापन में बताया गया कि आज हमारी बुढाना डिविजन में डिविजन इंचार्ज संदीप, आरिफ एवं निखिल के द्वारा एक मीटिंग ली गयी। जिसको सुप. रवाइजरों द्वारा मीटर रीडरों पर बिलिंग को शुरू कराने एवं मीटर





रीडरों की सैलरी के विषय में जोर दिया गया मगर दिये गये आश्वासन एवं पिछली कम्पनी द्वारा भी कई बार बहुत से आश्वासन दिये गये मगर अब हम सब मीटर रीडरों द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि हम आश्वासन पर कार्य नही करेंगे। जब तक हमारी उक्त समस्या का समाधान नहीं होता तब तक कोई भी मीटर रीडर कार्य नहीं करेगा। अत: हम अधिकारियों से हाथ जोड़कर विनती करते हैं कि जल्दी से जल्दी हमारी समस्या का समाधान करवाकर बिलिंग के कार्य को सुचारू रूप से करवाएं। यहां प्रवेश कुमार, मोनू, ऋषभ, आस मौहम्मद, अजय, अनु कुमार, सोनू कुमार, सचिन तोमर, प्रदीप कुमार, यासीन अहमद, जुनैद व सचिन आदि मीटर रीडर थे।

## करोड़ों रुपये की स्मैक सहित ईनामी तस्कर व उसका साथी गिरफ्तार

**बुढ़ाना।** नये कोतवाल सुभाष अत्री ने बुढ़ाना कोतवाली का चार्ज संभालने के ठीक चौथे दिन ही करोड़ों रूपये की कीमत की स्मेक बरामद करते हुए पांच हजार के इनामी तस्कर और उसके साथी को गिरफ्तार कर एसएसपी का दिल जीत लिया। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना पुलिस को आज बृहस्पतिवार को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि मेरठ करनाल हाईवे पर छंगा होटल के पास 02 व्यक्ति खडे हैं।

जिनके पास अवैध मादक पदार्थ है। सूचना पर पुलिस तत्काल मुखबिर द्वारा बताये गये स्थान पर पहुंची तो होटल के पास खडे दोनो व्यक्ति पुलिस टीम को देखते ही भगाने का प्रयास करने लगे। पुलिस टीम द्वारा दोनों को भागने का अवसर दिये बिना गिरफ्तार कर लिया गया। जिनके पास से पुलिस ने 01 किलो 485 ग्राम अवैध स्मैक जिसकी अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में करोड़ों रूपये की कीमत है के साथ ही 2 इलैक्ट्रोनिक कांटे, 2 प्लास्टिक के थैले व 60 जिपर पाऊच बरामद किये। तस्करों ने अपने नाम राहत उर्फ कासिम पुत्र असलम व अरशद अली पुत्र अस्फाक अली निवासीगण आतिश बाजान मीरनपुर थाना कटरा शाहज. हांपुर बताए। आरोपी राहत पर पहले से तीन मुकदमे दर्ज हैं। यह गिरफ्तारी सीओ गजेंद्र पाल सिंह के नेतृत्व में बुढ़ाना कोतवाल सुभाष अत्री और उनकी टीम ने की। गिरफ्तार अभियुक्तों द्वारा पूछताछ के दौरान बताया गया कि हम काफी समय से स्मैक व नशीले पदार्थ का कारोबार करते हैं। हम कटरा जनपद शाहजहांपुर में स्मैक तैयार करते हैं तथा कुछ स्मैक अन्य लोगो से खरी. दते है बाद में हम लोग उस स्मैक को जनपद मुजफ्फरनगर, शामली, सहारनपुर व हरियाणा मे सप्लाई करते हैं। जिससे हमें काफी आर्थिक लाभ प्राप्त हो जाता है। आज हम लोग यहां स्मैक बेचने आये थे कि पुलिस ने हमें पकड़ लिया।

**शाह टाइम्स**

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**

**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# भारतीय मानक ब्यूरो ने अधिकारियों के साथ जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** कलेक्ट्रेट सभागार शामली में आज भारतीय मानक ब्यूरो BIS द्वारा एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य जनपद स्तरीय अधिकारियों एवं विभागीय कार्मिकों को भारतीय मानकों IS Standards के प्रति जागरूक करना तथा उनके कार्यक्षेत्रों में गुणवत्ता एवं सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु BIS मानकों के अनुपालन को बढ़ावा देना था। आयोजित कार्यक्रम जिलाधिक. ारी शामली अरविन्द कुमार चौहान की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। प्रतिभागियों को भवन निर्माण, सड़क निर्माण, खाद्य सुरक्षा,जल आपूर्ति, स्वास्थ्य सेवाओं





एवं अन्य सार्वजनिक हित से जुड़े क्षेत्रों में BIS मानकों की आवश्यकता एवं उपयोगिता के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता, BIS के निदेशक सौरभ तिवारी ने सभी विभागों से आग्रह किया कि वे विभागीय क्रय प्रक्रियाओं में BIS मार्क युक्त उत्पादों को प्राथमिकता दें, जिससे गुणवत्ता युक्त एवं सुरक्षित सामग्री का उपयोग सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने यह भी बताया कि BIS विभिन्न सरकारी विभागों के साथ मिलकर मानकों की जानकारी एवं अनुपालन हेतु निरंतर कार्यशालाओं का आयोजन कर रहा है।

इस कार्यशाला में मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार तिवारी एवं सत्एन्द्र सिंह,अपर जिलाधिकारी (वि/रा), शामली के अलावा मुख्य चिकित्सा अधिकारी, परियोजना निद. ेशक, जिला समाज कल्याण अधिक. ारी, जिला कृषि अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी, जिला पूर्ति अधिक. ारी, जिला उपभोक्ता फोरम अधिक. ारी, जिला पशु चिकित्सा अधिकारी, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी, परिवहन विभाग, जल संस्थान, सिंचाई विभाग, पेयजल निगम, खाद्य सुरक्षा विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, वन विभाग सहित अनेक विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों को उनके विभागीय कार्यों से संबंधित ठौ मानकों की विस्तृत जानकारी दी गई तथा उन्हें अपने विभागों में इन मानकों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने हेतु प्रेरित किया गया।भारतीय मानक ब्यूरो की इस पहल से जनपद शामली में मानकों के प्रति जागरूकता में वृद्धि होगी, जिससे सरकारी कार्यों में गुणवत्ता एवं सुरक्षा की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति संभव हो।

# मुसीबतः मेरठ-करनाल हाईवे पर बिना नंबर प्लेट के ट्रकों से ले जाया जा रहा कूड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिडौली।** मेरठ-करनाल हाईवे पर सफाई व्यवस्था के नाम पर लाप. रवाही लोगों की जान पर भारी पड़ रही है। करनाल कूड़ा प्लांट से कैराना कूड़ा प्लांट तक कचरे से भरे ट्रक लगातार दौड़ रहे हैं, लेकिन इन ट्रकों में न तो सही तरीके से कूड़ा ढका जाता है और न ही इनमें अधिकांश पर नंबर प्लेट लगी होती है।



स्थानीय लोगों के अनुसार, ट्रकों में कचरे को नाम मात्र के हिसाब से तिरपाल से ढका जाता है, जिससे सफर के दौरान बदबूदार कूड़ा उड़ता रहता है। यह कूड़ा पीछे चल रहे वाहनों के चालकों और राहगीरों की आंखों में गिरकर परेशानी पैदा करता है। कई बार इससे अचानक संतुलन बिगड़ने पर हादसे तक हो जाते हैं।

लोगों ने बताया कि अक्सर सड़क पर भी कचरा गिर जाता है, जिससे हाईवे पर फिसलन की स्थिति बन जाती है। ऐसे में दोपहिया वाहन चालकों के फिसलने और दुर्घटनाग्रस्त होने का खतरा हमेशा बना रहता है।

सबसे बड़ी समस्या यह है कि इन ट्रकों पर नंबर प्लेट न होने के कारण परिवहन विभाग भी इनके खिलाफ कोई सख्त कार्रवाई नहीं कर पा रहा है। राहगीरों और स्थानीय निवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि इन कूड़ा ढोने वाले ट्रकों पर अंकुश लगाया जाए, इन्हें सही तरीके से ढककर चलाने की सख्त हिदायत दी जाए और बिना नंबर प्लेट वाले वाहनों को तुरंत जब्त किया जाए। लोगों का कहना है कि अगर प्रशासन ने जल्द कार्रवाई नहीं की तो किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है।

# डीएम ने की डिजिटल क्रॉप सर्वे की समीक्षा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** एग्रीस्टैक योजनान्तर्गत डिजिटल क्रॉप सर्वे ई- खसरा पडताल खरीफ 2025 के सर्वे कार्य की समीक्षा बैठक का आयोजन जिलाधिकारी शामली अरविन्द कुमार चौहान की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया।जिसमें कृषि विभाग के समस्त कर्मचारी, पंचायती राज विभाग के पंचायत सहायक जिनकी ड्यूटी ई-खसरा पडताल खरीफ 2025 में लगाई गई है सभी उपस्थित रहें। बैठक में बताया गया कि ई-खसरा पडताल भारत सरकार द्वारा संचालित बहुत ही महत्वकांक्षी योजना है जिसका सर्वे कार्य दिनांक 6 सितम्बर 2025 तक पूर्ण किया जाना है। जिलाधिकारी द्वारा समीक्षा के दौरान पाया गया कि जनपद मे 98 पंचायत सहायको, कृषि विभाग के 33 कार्मिकों एवं 34 गन्ना पर्यवेक्षक की डड्रूटी ई-खसरा पडताल खरीफ सर्वे कार्य हेतु लगाई गई थी जिसमे से क्रमशः 24 पंचायत सहायक, 33 कृषि विभाग के कार्मिक एवं मात्र 01 गन्ना पर्यवेक्षक द्वारा ही सर्वे कार्य प्रारम्भ किया गया है जिस पर जिलाधिक. ारी द्वारा कडी नाराजगी व्यक्त की एवं डीपीआरओ को सर्वे कार्य न करने वाले पंचायत सहायको की सूची बनाते हुए सेवा समाप्ति के निर्देश दिए एवं शेष सभी विभागो को ससमय सर्वे कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में कृषि विभाग के अधिकारी सहित सभी संबंधी मौजूद रहे।

# पुलिस की लाठीचार्ज के विरोध में एबीवीपी ने सौंपा एक ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद एबीवीपी के पदा. धिकारियों ने गुरुवार को जिलाधिक. ारी कार्यालय पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में रामस्वरूप विश्वविद्यालय में शांतिपूर्ण आंदोलन कर रहे विद्यार्थियों व परिषद कार्यकर्ताओं पर बाहरी गुंडों के हमले और पुलिसकर्मियों द्वारा किए गए लाठीचार्ज की निंदा करते हुए दोषियों पर कठोर कार्रवाई की मांग की गई।



आरोप लगाया कि विश्वविद्यालय में मानक विहीन और नवीनीकरण के बिना विधि पाठ्यक्रम संचालित हो रहा है, जिससे छात्रों का भविष्य खतरे में पड़ गया है। परिषद ने कहा कि बार काउंसिल ऑफ इंडिया की सशर्त अनुमति इस बात का प्रमाण है कि पाठ्यक्रम अवैध रूप से चलाया जा रहा था। परिषद ने मांग की कि लाठीचार्ज किसके आदेश पर हुआ इसकी जांच कर दोषी पुलिसकर्मियों व बाहरी तत्वों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जाए।

पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि विलम्ब शुल्क और सामाजिक कल्याण शुल्क के नाम पर विश्व. विद्यालय प्रबंधन द्वारा अवैध रूप से बड़ी धनराशि की उगाही की जा रही है, जिसकी सघन जांच कर रिपोर्ट सार्वजनिक की जानी चाहिए। दो छात्रों को बिना चेतावनी निष्कासित करने की कार्रवाई को भी अवैधानिक बताते हुए उन्होंने उच्च शिक्षा परिषद के सचिव की ओर से दर्ज एफआईआर के आधार पर विश्व. विद्यालय के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया कि विश्वविद्यालय ने लगभग 6 बीघा सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा कर रखा था। तहसीलदार न्यायालय ने हाल ही में प्रबंधन पर 27.96 लाख रूपए का जुर्माना लगाते हुए 15 दिन में अवैध निर्माण हटाने का आदेश दिया है। परिषद ने शासन से अपेक्षा की है कि 48 घंटे के भीतर दोषियों पर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, अन्यथा प्रदेश स्तर पर बड़े आंदोलन की चेतावनी दी गई है। इस अवसर पर विष्णु दत्त शर्मा, वैभव ऐरन आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### भंडारे का आयोजन द्वादशी तिथि को



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** हरि कृपा ट्रस्ट शामली द्वारा हर महीने शुक्ल पक्ष कृष्ण पक्ष की द्वादशी को विशाल भंडारे का आयोजन किया जाता है। नाला पटरी मनीष गारमेंट्स पर। शुभारंभ कथावाचक परम श्रद्धेय अरविंद दृष्टा महाराज ने किया। और कहां की भंडारा करने से परमपिता परमेश्वर की असीम कृपा प्राप्त होती है। और सब के अंदर परमात्मा बैठा है। हमें समय-समय पर भंडारों का आयोजन करना चाहिए। जिससे सभी व्यक्ति एवं जरूरतमंद व्यक्ति प्रसाद ग्रहण कर सकें। सैकड़ो की संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। धर्म लाभ उठाया। इस अवसर पर घनश्याम दास तायल, शिवकुमार मित्तल, जगमोहनगर्ग, डॉ कृष्ण गोपाल, मनोज गोयल, सुरेश गर्ग, भौंरी लाल संगल, राम कुमार, नरेंद्र धीमान, नरेंद्र गोयल, रवि संगल आदि मौजूद रहे

### बारिश ने छीना गरीब का आखिरी सहारा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** बरसों से बीमार सत्तार और उनकी पत्नी का जीवन पहले से ही दूसरों की मदद पर चल रहा था, लेकिन लगातार हो रही बारिश ने उनका आखिरी सहारा भी छीन लिया। थाना भवन क्षेत्र के गांव मसावी में बुधवार की शाम हुई तेज बारिश के कारण सत्तार पुत्र फूजा का कच्चा मकान भरभरा कर गिर गया। मकान गिरते ही गरीब दंपती पूरी तरह बेघर हो गया है।सत्तार कई वर्षों से बीमार चल रहे हैं और ज्यादातर समय चारपाई पर ही पड़े रहते हैं। आर्थिक स्थिति बेहद कमजोर होने के कारण परिवार का गुजारा मोहल्ले और ग्रामवासियों की दया पर ही चलता है। गांव के लोग ही रोजाना उनके लिए भोजन और आवश्यक सामान का इंतजाम करते थे।कुदरत की मार से जीवन की परेशानी और बढ़ गई है।ग्रामवासियों का कहना है कि गरीब परिवार का खाना-पीना तो पहले से ही हमारी मदद से चल रहा था, लेकिन अब बारिश से मकान गिर जाने पर उनके सिर से छत भी चली गई है। यह सचमुच कुदरत की मार है।गांववासियों ने प्रशासन से मांग की है कि सत्तार के परिवार को तत्काल राहत और सरकारी आवास की सुविधा दी जाए, ताकि वे सुरक्षित रह सकें और अपनी जिंदगी को दोबारा संवार सकें।



# किसान मजदूर संगठन ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** किसान मजदूर संगठन के पदाधिकारियों ने गुरूवार को डीएम अरविन्द कुमार चौहाने को सौंपा। जिसमें बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए सरकारी राशन भेजने की मांग की। गुरूवार को किसान मजदूर संगठन के पदाधिकारियों ने जिलाध्यक्ष ठाकुर लाखन सिंह के नेतृत्व में डीएम अरविन्द कुमार चौहान को ज्ञापन सौंपा। जिसमें उन्होने कहा कि जिले में वितरण होने वाला इस माह का सरकारी राशन बाढ़ पीडितों के लिए भेज दिया जाए, जिससे शामली जिले व प्रदेश की ओर से पीडितों की मदद हो सके। जिला शामली से होकर बह रही नदियों की बाढ व जल भराव से खराब हुई किसानों की फसलों का सर्वे कराकर किसानों को उचित मुआवजा दिया जाए। बरसात व बाढ़ के बाद आने वाली बीमारियों व महामारी से नुकसान न हो इसलिए पशुओं व मनुष्यों को समय पर वैक्सिनेशन व दवाईयां वितरित की जाए। इस अवसर पर सोनू कुमार, लाखन सिंह, नरेन्द्र सिंह, जल सिंह, अमरजीत सिंह आदि मौजूद रहे।




## झाड़खेड़ी के जंगल में नलकूपों पर अज्ञात चोरों का धावा

**कैराना।** बुधवार की रात्रि अज्ञात चोरों ने कैराना बाहर हदूद संख्या-2 में गांव झाड़खेड़ी के जंगल में स्थित किसानों के नलकूपों पर धावा बोल दिया। चोरों ने कस्बे के मोहल्ला आलकलां निवासी किसान महेंद्र सिंह के खेत पर बने कमरे में सेंध लगाकर करीब 25 मीटर विद्युत केबिल व स्टार्टर की पत्तियां चोरी कर ली। किसान सोनीपाल के खेत से विद्युत केबिल, स्प्रे मशीन व यूरिया खाद के दो बैग, मोहल्ला टीचर्स कॉलोनी निवासी किसान राजपाल के खेत से चारा काटने की मशीन से विद्युत मोटर, केबिल व स्प्रे मशीन तथा झाड़खेड़ी निवासी किसान करेशन के खेत से विद्युत केबिल चोरी कर लिया। किसानों को गुरुवार प्रातः खेत पर पहुंचने पर चोरी की घटना का पता चला, जिस पर उन्होंने पुलिस को मामले की सूचना दी। वहीं, तीतरवाड़ा चौकी प्रभारी एसआई विपिन शर्मा का कहना है कि चोरी की घटना की सूचना पर वह मौके पर गए थे। मुकदमा दर्ज करके अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

# होर्डिंग हटाओ अभियान शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शासन के निर्देश पर नगर पालिका द्वारा शहर में लगाए गए अवैध होर्डिंग को उतारने का अभियान गुरूवार से चलाया गया। जिसमें पहले चरण में वर्मा मर्किट से लेकर धीमानपुरा फाटक तक दर्जनों होर्डिंग व बैनरों को उतारकर अपने कब्जे में ले लिया गया है। शासन द्वारा हाल ही में सभी नगर पालिकाओं का आदेश पारित किए गए है कि शहर में सौदर्यकारण को खराब व प्रभावित करने वाले अवैध रूप से लगाए गए होर्डिंगों व बैनरों को चार सितंबर से 9 सितंबर तक अभियान चलाकर उतारा जाए। शासन के निर्देशों का नगर पालिका अधिशासी अधिकारी विनोद कुमार सोलंकी के निर्देश पर नगर पालि. का कर्मचारियों ने अवैध होर्डिंग उतारने का अभियान चलाया। जिसमें सफाई इंस्पेक्टर के नेतृत्व में टीम ने शहर के वर्मा मार्किट से लेकर धीमानपुरा फाटक तक सडक के दोनों ओर लगे अवैध होर्डिंगों को जेसीबी मशीन की सहायता से हटाकर अपने कब्जे में ले लिया। इस दौरान नगर पालिका टीम ने दुकानदारों से भी खंबों व सडक पर अवैध रूप से होर्डिंग न लगाने की अपील की। टीम ने शहर के शिव चौक और सुभाष चौक पर लगे अवैध होर्डिंगों को भी हटाया है, जिसमें कई राजनैतिक दलों, स्कूलों, कोचिंग सैंटरों व बडे व्यापारी नेताओं के होर्डिंग शामिल थे।



# प्रधान पद के दावेदार को उठा ले गई यमुनानगर नारकोटिक्स की टीम

**हरियाणा से मादक पदार्थ तस्करी मामले में वांछित चल रहा था भूरा से पकड़ा गया युवक**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** हरियाणा के यमुनानगर जिले से नारकोटिक्स विभाग की टीम गांव भूरा से एक युवक को उठाकर अपने साथ ले गई। बताया जा रहा कि युवक मादक पदार्थ तस्करी के मामले में वांछित चल रहा था। युवक गांव के प्रधान पद का संभावित दावेदार बताया जा रहा है।

गुरुवार को हरियाणा के जनपद यमुनानगर जिले से नारकोटिक्स विभाग की चार सदर्स्ईय टीम एसआई सतपाल सिंह के नेतृत्व में कैराना कोतवाली पहुंची। जहां पर टीम ने आमद दर्ज कराकर स्थानीय पुलिस के साथ में क्षेत्र के गांव भूरा में एक मकान पर छापेमार कार्यवाही की। टीम यहां से एक युवक को उठाकर अपने साथ में ले गई। बताया गया है कि टीम द्वारा ले जाया गया युवक मादक पदार्थ तस्करी के मामले में वांछित चल रहा था। पकड़े गए युवक का नाम मुंशाद बताया गया है। युवक गांव के प्रधान पद का दावेदार बताया जा रहा है।

जिसके गांव की गलियों में पंपलेट चिपके हुए है। वहीं, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक समयपाल अत्री ने बताया कि यमुनानगर से आई नारकोटिक्स विभाग की टीम गांव भूरा से मादक पदार्थों की तस्करी में वांछित चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार करके ले गई है।

## साइबर धोखाधड़ी के मामले में झिंझाना पुलिस ने दिखाई तत्परता,

**झिंझाना।** मोहल्ला तलाही के रहने वाले रविन्द्र ने अपने बैंक खाते से 77,254 रूपए की अवैध निकासी की शिकायत साइबर क्राइम पोर्टल पर दर्ज कराई थी। शिकायत मिलते ही साइबर सेवा केंद्र, थाना झिंझाना ने तुरंत संज्ञान लेते हुए जांच शुरू की। पुलिस ने संबंधित बैंक से तत्परता से पत्राचार किया और धनराशि को होल्ड करने का निर्देश दिया। पुलिस की सक्रियता के चलते संपूर्ण राशि को सुरक्षित रोकने में सफलता मिली।

तत्पश्चात, पुलिस ने माननीय न्यायालय से आदेश प्राप्त कर उक्त राशि को पीड़ित रविन्द्र के बैंक खाते में वापस ट्रांसफर करा दिया। इस प्रकार पुलिस की त्वरित कार्रवाई से पीड़ित को उसका पूरा धन वापस मिल गया है।

धन वापस पाकर पीड़ित रविन्द्र ने खुशी जाहिर करते हुए झिंझाना पुलिस के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि पुलिस की सजगता और ईमानदार कोशिकों के कारण ही उन्हें न्याय मिल सका। इस मामले ने साइबर धोखाधड़ी के शिक. ार लोगों के लिए त्वरित शिकायत और पुलिस कार्रवाई पर भरोसा जताया है।

### महीपाल वाल्मीकि ने सुनी लोगों की समस्याएं



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य महीपाल वाल्मीकि ने अपने दो दिवसीय भ्रमण कार्यक्रम के तहत गुरूवार दूसरे दिन कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद के अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के व्यक्तियों की समस्याएं सुनीं। बैठक के दौरान भूमि विवाद, विद्यालयों से संबंधित मुद्दे सहित विभिन्न प्रकार की शिकायतें सदस्य के समक्ष प्रस्तुत की गईं। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त शिकायतों का नियमानुसार निस्तारण समयबद्ध तरीके से किया जाए। इस अवसर पर एडीएम सत्एन्द्र सिंह, एसडीएम सदर अर्चना शर्मा मौजूद रहे।

### ई रिक्शा की चपेट में आया बाइक सवार, गंभीर रूप से हुआ घायल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** कस्बे के मेंन बाजार में बाइक सवार ई रिक्शा में निकल रही स्टील के पाइप की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया पीड़ित ने ई रिक्शा चालक पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए थाने पर तहरीर दी है पुलिस ने जांच करने के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया है।थाना क्षेत्र के गांव मीमला निवासी विपीन पुत्र नन्हा ने बताया कि बुधवार को पीड़ित अपनी बाइक पर सवार होकर कस्बे के मेंन बाजार में सामान खरीदने के लिए आया था जैसे ही वह जैन मंदिर के समीप पहुंचा तो बाजार में एक ई रिक्शा चालक अपनी ई रिक्शा लेकर आ गया उसकी ई रिक्शा में स्टील के नुकीले पाइप बाहर निकले हुए थे। स्टील के नुकीले पाइप पीड़ित के मुंह पर जा लगे जिससे उसके दांत टूट गए और मुंह पर काफी चोट आई। ई-रिक्शा चालक अपनी ई रिक्शा लेकर मौके से फरार हो गया। पीड़ित बाइक सवार ने दुकानदारों से जानकारी की तो किसी भी दुकानदार ने संतोषजनक जवाब नहीं दिया। पीड़ित ने अपना डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद आरोपी अज्ञात ई रिक्शा चालक के विरुद्ध थाने पर तहरीर दी है। दूसरी और थाना क्षेत्र की इदरीश बैग बिहार कालोनी निवासी महिला नूर निशा पत्नी राशिद ने बताया कि उसकी पुत्रवधू रुखसार ने उसके पुत्र शाहरुख के साथ घरेलू विवाद को लेकर लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित महिला ने पुत्रवधू के विरुद्ध थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

# विव्रत महाराज का अवतरण दिवस मनाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के जैन धर्मशाला में गुरुवार को 108 विव्रत सागर महाराज का 32वां अवतरण दिवस बड़े ही धूमधाम व भक्ति भाव के साथ मनाया गया। दसलक्षण महापर्व के आठवें दिन आयोजित प्रवचन का विषय उत्तम त्याग धर्म रहा, जिसमें मुनिराज ने त्याग और दान के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला।



मुनिराज ने कहा कि त्याग ही सफल और जल्द सफल जीवन का आधार है। किसी भी वस्तु को प्राप्त करने के लिए पहले कुछ छोड़ना आवश्यक है, जैसे बर्तन में दूध भरने से पहले उसमें का जल खाली करना पड़ता है। यह सिद्धांत केवल मनुष्यों पर ही नहीं बल्कि पूरी प्रकृति पर लागू होता है। उन्होंने कहा कि इतिहास के सभी महापुरुषों ने त्याग को अपनाकर ही महानता प्राप्त की है। अपने जीवन का उदाहरण देते हुए मुनिराज ने बताया कि अगर भरना है तो खाली होना पड़ेगा। यह वाक्य सुनकर आचार्य को गहन प्रेरणा मिली और उन्होंने त्याग का मार्ग चुना। गृहस्थों के लिए दान, त्याग का ही एक रूप है। चार प्रकार के दान, आहार दान, औषधि दान, अभय दान और शास्त्र दान, जीवन को संतुलित बनाए रखते हैं। मुनिराज ने कहा कि मुनि जन्मदिन नहीं मनाते क्योंकि जन्म कर्मों और संसार चक्र से जुड़ा है। वास्तविक खुशी जीवन यानी आत्मिक उपलब्धियों और जन्म-मरण के चक्र से मुक्ति में है। उन्होंने भगवान ऋषभदेव के जन्म दिवस पर धार्मिक आयोजन की परंपरा का उल्लेख किया और आधु. निक भौतिकवादी जन्मदिन उत्सवों की आलोचना की। इस अवसर पर आदिश जैन, मनोज जैन, रिशु जैन, मुन्ना लाल जैन, सचिन जैन, परविंद जैन, पारस जैन, सुनील जैन, विपुल जैन, मोहित जैन, अमित जैन, अनुज जैन, सुरभि जैन मौजूद रहे।

# अवैध कब्जे पर कार्रवाई, पैमाइश कर की निशानदेही

**थानाभवन।** थाना भवन नगर के दिल्ली सहारनपुर हाईवे पर रतन पेट्रोल पंप के सामने स्थित कब्रिस्तान की भूमि पर कॉलोनाइजरो द्वारा पहले भराव कर दिया गया जिसके बाद अवैध कब्जा कर उस पर प्लाटिंग प्रारंभ कर दी थी मामले को लेकर पूर्व में नगर पंचायत द्वारा भूमि से भराव कार्य को रुकवा दिया गया था परंतु उसके बाद भी भराव करने के बाद प्लाटिंग शुरू कर दी गई गुरुवार को मौके पर पहुंची नगर पंचायत में राजस्व टीम ने अवैध कब्जे को हटवा कर भूमि को चिन्हित किया। मामले में नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी जितेंद्र राणा ने बताया कि अवैध कब्जे की शिकायत पर पहले भी नगर पंचायत एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम मौके पर पहुंची थी और कब्जा हटवाने के लिए जेसीबी मशीन तक बुला ली गई थी। तब कॉलोनाइजर ने पास ही स्थित एक अन्य भूमि पर भराव करने के लिए अवैध कब्जा हटाने के लिए लिखित रूपये से चार दिन का समय मांगा था। तथा कहा गया था कि कब्रिस्तान की भूमि को समतल करके देंगे। आरोप है दो माह का समय बीत जाने के बाद भी कब्जा नहीं हटाया गया। इसके बाद उच्चाधिकारियों से शिकायत हुई। मामले की गंभीरता को देखते हुए नगर पंचायत और राजस्व टीम गुरुवार को फिर हरकत में आई। टीम ने मौके पर भूमि की दोबारा पैमाइश कराई और चूना डालकर निशानदेही कर दी। इस दौरान राजस्व प्रभारी निरीक्षक सुनील दत्त शर्मा, हल्का यतेंन्द्र सिंह, अंकुर कुमार, विशु कुमार एवं नगर पंचायत से वसीक अहमद, मनीष शर्मा सहित कर्मचारी मौके पर मौजूद रहे।

# नदी में लकड़ी पकड़ने वालों पर पुलिस ने कसा शिकंजा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरसावा।** यमुना नदी का जलस्तर धीरे धीरे घटने लगा है। इसी के साथ नदी से लगती किसानों की जमीनों में कटाव तेजी से बढ़ रहा है।सैकड़ों बीघा जमीनें नदी में समा चुकी है। दूसरी ओर चंद पैसों के लालच में अपनी जान खतरे में डाल कुछ लोग नदी में बहकर आ रहे पोपलर के पेड़ पकड़ने में लगे है। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए नदी किनारे पुलिस तैनात की गई है।

गुरुवार को भी यमुना नदी के घटते जलस्तर से शाहजहांपुर झरौली बहलोलपुर के किसानों की सादुल्लापुर खुर्द के रकबे एवं हुसैनपुर के किसानों की जमीनों में कटाव जारी रहा। जिससे किसान चिंतित नजर आए किसान सेठपाल चौधरी,शौकी आदि का कहना है कि उनकी जमीनें फसलों सहित नदी में समा चुकी है।यदि पहले ही नदी किनारे पैचिग लगवाए जाते तो शायद जमीनों में कटाव न होता।वही यमुना में बहकर आ रहे पोपलर के पकड़ने वालों का भी नदी किनारे जमावड़ा लगा हुआ था।जैसे ही नदी में पेड़ बहता दिखाई देता अपनी जान खतरे में डाल नदी में कूद पड़ते शिकायत मिलते ही थाना अध्यक्ष विनोद कुमार द्वारा बुधवार को भी करीब आधा दर्जन से ज्यादा ऐसे लोगों पर सख्त कार्यवाही करते हुए एक ट्रैक्टर रेहड़ा भी सीज किया गया था। उसके बाद भी यह लोग मानने को तैयार नहीं गुरुवार सुबह फिर पेड़ पकड़ने के लिए यमुना में छलांग लगाते नजर आए।जिसपर हरकत में आई पुलिस नदी किनारे मुस्तैदी से ड्यूटी करती नजर आई।

# चलती बाइक में लगी आग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गागलहेड़ी।** चलती बाइक में आग लगने से अफरातफरी मच गई युवक ने कुद कर अपनी जान बचाई है। समय रहते अग्नि सुरक्षा यंत्रो से आग पर काबू कर लिया गया। वही पुलिस भी मौके पर पहुँच गई।

बुधवार को गागलहेड़ी में सड़क पर चलती बाइक में अचानक आग लग जाने से अफरातफरी का माहोल बन गया। इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप के पास हुई घटना, बाइक सवार युवक ने कूदकर अपनी जान बचाई।सिरचन्दी गांव का रहने वाला शाहिद अहमदपुर गाड़ा जा रहा था। भगवानपुर चौराहे से आगे पहुंचते ही उसकी बाइक में अचानक आग लग गई। आग की लपटें देखते ही शाहिद ने तुरंत बाइक से छलांग लगा दी। बीच सड़क में इस घटना से अफरा-तफरी मच गई। मौके पर मौजूद दरोगा ओमपाल यादव व होमगार्ड अरुण यादव व लोगों ने अग्नि सुरक्षा यंत्रो से समय रहते आग को काबू कर लिया नही हो सकता था बडा हादसा। प्रारंभिक जांच में बाइक में पेटोल रिसाव या शॉर्ट सर्किट से आगे की आशंका जताई जा रही है।

# डिप्टी सीएम से मिले मंत्री जसवंत

**रामपुर मनिहारान।** संसदीय कार्य एवं औद्योगिक विकास राज्यमंत्री जसवंत सैनी ने लखनऊ में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या से शिष्टाचार भेंट की और विकास कार्यों पर चर्चा की।



गुरुवार को उत्तर प्रदेश सरकार के संसदीय कार्य एवं औद्योगिक विकास राज्यमंत्री जसवंत सैनी ने लखनऊ के 7 कालिदास मार्ग स्थित उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या के सरक. ारी आवास पर पहुँच कर शिष्टाचार भेंट की।राज्यमंत्री जसवंत सैनी ने जनपद सहारनपुर सहित पूरे प्रदेश में हो रहे अद्भुत विकास और प्रदेशवासियों के जीवन खुशहाली पर आभार प्रकट करते हुए जनपद सहारनपुर सहित अन्य क्षेत्रों के विकास कार्यों पर चर्चा की।सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं पर भी चर्चा हुई। गौरतलब है कि संसदीय कार्य एवं औद्योगिक विकास राज्यमंत्री अपने सरल स्वभाव और सादगी के कारण प्रसिद्ध हैं। विकास के साथ साथ वह जनता की समस्याओं को भी प्राथमिकता से निस्तारण कराते हैं।उनकी इस विशेषता के कारण सभी उनका सम्मान करते हैं। राज्यमंत्री जसवंत सैनी की लोक. प्रियता लगातार बढ़ती जा रही है।

शिष्टाचार भेंट के दौरान प्रमोद कौशिक सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# शिव विवाह की कथा का वर्णन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** सुल्तानपुर नगर में श्री सिद्धि विनायक सेवा दल के तत्वाधान में श्री शिव महापुराण कथा के षष्ठम दिवस पर आचार्य विजयकांत भारद्वाज ने भगवान शिव और पार्वती के विवाह की कथा सुनाकर भक्तजनों को शिव भक्ति में लीन कर दिया।

बृहस्पतिवार की कथा में आचार्य जी ने बताया कि भगवान शिव और पार्वती का मिलन सत्य और श्रद्धा का मिलन है। जहां सच्ची श्रद्धा होगी वहीं पर भगवान होंगे। उन्होंने शिव बारात का सुंदर वर्णन किया। श्याम सुंदर प्रेमी ने शिव विवाह के सुंदर भजन सुनाकर श्रद्धालुओं को भाव विभोर किया। इस दौरान शिव पार्वती का पूजन कर कन्यादान किया गया। पंडित अमरकांत ने राजपाल सैनी के द्वारा पूजन का कार्य संपन्न कराया।

# याद किए गए डा. सर्वपल्ली राधकृष्णन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** नगर के जनता इंटर कालेज में शिक्षक दिवस की पूर्व संध्या पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया।जिसमें शिक्षाविद डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन की 138 वी जयंती की पूर्व संध्या पर प्रधानाचार्य डॉ सुभाष चंद सागर ने उनकी प्रतिमा का अनावरण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।



गुरुवार को जनता इंटर कालेज के प्रांगण में शिक्षक दिवस की पूर्व संध्या पर आयोजित विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्य डॉक्टर सुभाष चंद्र सागर ने कहा हमारे महापुरुषों ने देश व समाज सेवा हेतु कार्य किये है जिनसे राष्ट्र सम्मान में वृद्धि हुई है। ऐसे कृत्य हमारे लिए प्रेरणादायक एवं अनुकरणीय है।पूरा शिक्षक समूह समाज को सकारात्मक दिशा देने का काम करता है। भारत के द्वितीय राष्ट्रपति रहे डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन ने अपना पूरा जीवन एक शिक्षाविद राजनीतिज्ञ व दूरदर्शी के रूप में व्यतीत कर राष्ट्र की प्रगति में सहयोग किया है।

इससे पूर्व सभी शिक्षकों व कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों ने उनकी प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने प्रेरक गीत,भाषण,नृत्य आदि सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से वरिष्ठ प्रवक्ता मास्टर अरुण कुमार गौतम, प्रदीप चौधरी, हरपाल सिंह, नेत्रपाल सिंह, शिव कुमार, ऋषिपाल के अलावा विद्यार्थियों में करण, चांद उस्मानी, मुदस्सिरा, मिस्बाह, सजना आदि ने शिक्षक दिवस के विषय पर विस्तारपूर्वक चर्चा की।

# यूरिया की कालाबाजारी का खुलासा, एक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** थाना पुलिस व कृषि विभाग टीम ने संयुक्त रूप से चैकिंग के दौरान सरकारी यूरिया खाद की कालाबाजारी करते हुए 1 आरोपी को गिरफ्तार किया है जिसके कब्जे से 1 बोलेरो पिकअप मे भरे 82 बोरी यूरिया खाद बरामद किया गया है। वहीं दूसरी ओर पुलिस टीम द्वारा अदालत के आदेश पर अलग अलग मामलों में फरार चल रहे 6 वारण्टी भी गिरफ्तार किए गए है।



बृहस्पतिवार को पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक थाना प्रभारी निरीक्षक चन्द्रसेन सैनी की अगुवाई में पुलिस व कृषि विभाग की सयुक्त टीम द्वारा विगत 02 सितंबर को शाहजहापुर मार्ग पर चौकिंग के दौरान एक गाडी पिकअप को रोककर चौक किया गया तो उसमे 82 बोरी यूरिया उर्वरक कृभको फर्टिलाइजर्स लिमिटेड कम्पनी की भरी पाई गई। मौके से गिरफ्तार पिकअप चालक आरोपी मेहरबान व तीन अन्य के खिलाफ डीएम की अनुमति पश्चात थाना पर आवश्यक वस्तु अधिनियम के अन्तर्गत मुकदमा दर्ज किया गया।

पुलिस पूछताछ पर गिरफ्तार आरोपी मेहरबान पुत्र शरीफ निवासी नौगावा थाना मिर्जापुर जिला सहारनपुर ने बताया है कि यह यूरिया उर्वरक 82 बोरी उसने अपने साथियो के कहने पर ग्राम रूहालका थाना क्षेत्र बेहट से भरी थी जो कि शाकुम्भरी रोड स्थित खाद भण्डार से उसके साथियो द्वारा मंगवाकर किसान सेवा केन्द्र ग्राम रूहालका मे रखवाया गया था। आज उनके कहने पर ही वह इन्हें बेचने के लिये ले जा रहा था।

दूसरी ओर पुलिस टीम ने वारण्टी गालिब पुत्र वाहिद, बलबीर पुत्र प्यारा नीवसी ग्राम शाहपुर दाऊद, नौशाद उर्फ बन्टी पुत्र शहीद निवासी ग्राम नथमलपुर, पूरण पुत्र विशम्भर निवासी ग्राम धौलाहेडी, आशिक उर्फ आरिफ पुत्र तासीन निवासी ग्राम फिरोजाबाद व मदन पुत्र फक्कर निवासी मोहल्ला कोठीवाला को इनके मकानों से अलग अलग समय में गिरफ्तार किया है।

# भारत रत्न डा. सर्वपल्ली का मनाया जन्म दिवस



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** बीआरसी तेलीपुरा में निपुण भारत मिशन के अंर्तगत चल रहे एफएलएन प्रशिक्षण के पंचम बैच के द्वितीय दिवस के अवसर एवं शिक्षक दिवस की पूर्व संध्या देश के दूसरे राष्ट्रपति शिक्षक गौरव भारत रत्न डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्ण का जन्म दिवस सभी प्रशिक्षुओं ने केक काटकर बड़ी धूम धाम के साथ मनाया।

बृहस्पतिवार को आयोजित कार्यक्रम में प्रवीण चौधरी एवं ब्लॉक अध्यक्ष तेजपाल सिंह ने कहा कि डॉ राधा राधा कृष्णन जी के जीवन से हम सबको शिक्षा लेनी चाहिए। उनका जीवन हम सभी के लिए अनुकरणीय है और उनका सम्मान हमारे गौरवानवित करने वाला है। बृजेश तथा अमित कुमार ने कहा है कि हम सभी संकल्प ले कि राधा कृष्णन जी के द्वारा दी गई शिक्षा को जीवन में उतार कर प्रत्येक बच्चे को शिक्षित करने में अपना पूर्ण योगदान देंगे।

संदर्भदाता सैय्यद अहमद ने सभी का धन्यवाद प्रकट करते हुए शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर श्रीमति नीरज, लक्ष्मी, प्रतीक्षा, स्वाति, भावना, निधि, संगीता, धनेन्द्र कुमार,नवीन, रामकुमार, परविन्द्र, यशवीर सिंह, तरुण, कर्म सिंह, अटेवा अध्यक्ष धीर सिंह, विकास कुमार, प्रवीण कुमार, सोनू, नवीन राठी, अमित कुमार, अमरदीप, देवेंद्र एवं सैकड़ों प्रशिक्षु उपस्थित रहे।

# जयकारों के बीच मां शाकंभरी पहुंच रहे श्रद्धालु

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** द्वादशी पर्व पर शिवा. लिक पहाड़ियों के बीच स्थित सिद्ध पीठ श्री शाकंभरी देवी मंदिर पर श्रद्धा का सैलाब उमड पड़ा। श्रद्धालु भारी संख्या में डीजे पर चल रहे माता के भजनों पर नाचते गाते मां शाकंभरी के दर्शनों को पहुंच रहे हैं। यह मेला चर्तुदशी पर्व तक चलेगा। जिसमें भक्तों की भारी भीड़ उमड़ने की संभावना है। श्रद्धालुओं की यात्रा को सकुशल सम्पन्न कराने को लेकर कोतवाली बेहट पुलिस मुख्य तिराहों पर तैनात रही।



गुरूवार को झंडी मेले की द्वादशी पर्व पर सिद्धपीठ श्री शाकंभरी देवी मंदिर पर माता के दर्शनों को डीजे पर चलाये जा रहे भजनों पर नाचते गाते पैदल यात्रा कर रहे श्रद्धालुओं की अपार भीड़ उमड़ पड़ी। श्रद्धालु भारी संख्या में डीजे पर चल रहे माता के भजनों पर नाचते गाते सिद्ध पीठ पहुंच रहे हैं। जिससे संपूर्ण क्षेत्र भक्ति रस में डूबा नजर आ रहा है। श्रद्धालुओं द्वारा ले जाई जा रही मनमोहक झांकियां भी क्षेत्र वासियों के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। श्रद्धालुओं द्वारा लगाये जा रहे मां शाकंभरी देवी जयकारों समूचा क्षेत्र गुंजायमान हो रहा है। लाइनों में लगकर श्रद्धालु माता शाकंभरी के दर्शन कर रहे हैं और मनोकामनाएं मांग रहे हैं। शाकंभरी देवी मार्ग एवं सिद्ध पीठ परिक्षेत्र में कई स्थानों पर विशाल भंडारों को भी आयोजन किया जा रहा है। यह झंडी मेला चतुर्दशी पर्व तक चलेगा जिसमें श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ने की संभावना है। शाकंभरी देवी पैदल जाने वाले श्रद्धालुओं की यात्रा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सतपाल सिंह राठी, इंस्पेक्टर संजीव शर्मा पुलिस बल के साथ सहारनपुर शाकंभरी देवी मार्ग पर पड़ने वाले ताजपुरा कलसिया, कस्बे के शाकंभरी तिराहे, गांव जसमोर तिराहे पर भ्रमण करते रहे और सुरक्षा को लेकर पुलिस बल तैनात किया गया था।

# राशन दुकान का अनुबंध निलंबित

**तीतरों।** गांव महंगी में राशन डीलर की दुकान का अनुबंध पत्र निलंबित कर दिया गया है। राशन उपभोक्ताओं को गांव सांगाठेडा की राशन डीलर के साथ अटैच कर दिया गया है।

पिछले माह राशन डीलर के खिलाफ गांव महंगी में उपभोक्ताओं का गुस्सा फूट पड़ा था। ग्रामीण राशन डीलर के खिलाफ ग्रामीण भूख हड़ताल पर बैठ गए थे। ग्राम प्रधान अमित फौजी तथा राष्ट्रीय भारतीय गरीब यूनियन के अध्यक्ष यशपाल कोरी सहित अनेक ग्रामीणों ने आरोप लगाया था ।

पूर्ति निरीक्षक ने मौके पर जाकर ग्रामीणों को शांत कराया था तथा उनकी शिकायतें सुनी थी। एसडीएम के आदेश के बाद राशन डीलर सुनील कुमार का अनुबंध पत्र निलंबित कर दिया गया है।

# चोरी का खुलासा, नकदी समेत दो पकड़े

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सदर बाजार कोतवाली पुलिस ने गाड़ी से नगदी चोरी करने वाले दो शातिर चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की दो लाख रूपए की नगदी बरामद करने में सफलता हासिल कर ली।

एक सितम्बर को वादी सूरज कुमार पुत्र नीरज कुमार निवासी दलबीर नगर कुटानी रोड पानीपत हरियाणा ने लिखित तहरीर देकर बताया था कि अज्ञात चोरों ने उसकी गाड़ी से दो लाख रूपए चोरी कर लिए हैं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी थी। सदर बाजार कोतवाली पुलिस ने बृहस्पतिवार को प्रभारी निरीक्षक कपिल देव व उपनिरीक्षक रामकुमार गौतम के नेतृत्व में मुकदमा उपरोक्त में कार्यवाही करते हुए चोरी की घटना का खुलासा करते हुए मुखबिर की सूचना पर दो शातिर चोरों मारूफ पुत्र मुर्तजा निवासी ग्राम सिर. सली थाना बड़गांव व मेहताब पुत्र फत्तू निवासी ग्राम खजूरवाला थाना नागल को न्यू पैरामाउंट कालोनी के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से गाड़ी से चोरी किए गए दो लाख रूपए बरामद कर लिए। प्रभारी निरीक्षक कपिल देव ने बताया कि दबोचे गए आरोपियों ने पूछताछ के दौरान बताया कि हमने दो दिन पहले रात्रि के समय दिल्ली रोड से मवीकलां के पास आईसर कैंटर गाड़ी से बरामद नगदी चोरी की थी। पुलिस ने बचने के लिए हमने यह नगदी पैरामाउंट कालोनी के पीछे खाली स्थान पर छिपा दी थी।

# श्रीमद भागवत सप्ताह 15 से होगी शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** गुरू परिवार के तत्वाधान में श्रीमद भागवत सप्ताह 15 सितंबर दिन सोमवार से शुरू होगा। कथा से पहले श्रद्धालुओं द्वारा मंगल कलश यात्रा निकाली जाएगी।

गुरू परिवार के सुशील ऐरन के अनुसार ब्रहमलीन बाबा बंशी वालों के आर्शीवाद से श्रीमद् भागवत सप्ताह का आरंभ 15 सितंबर दिन सोमवार से किया जाएगा। पहले दिन श्रद्धालुओं द्वारा मंगल कलश यात्रा निकाली जाएगी। यात्रा मेन रोड चौ. नारायण सिंह भवन के पास विपिन सिंघल के प्रतिष्ठान से होगी वहां से प्रमुख मार्गो से होकर यात्रा कथा स्थल बाइपास मार्ग प्रभा गार्डन पर समाप्त होगी।

यहां मंगल कलश व्यास गद्दी पर स्थापित कर दिए जाएंगे। आचार्य रजनीश श्री मद भागवत पर रोजाना दोपहर तीन बजे से व्याख्यान देंगे।

# समाज से एकजुटता का आह्वान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** ग्राम पटनी के श्री शिव मार्केडश्वर महादेव मंदिर में आयोजित मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह में विधि विधान के साथ भगवान श्री विश्वकर्मा की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा सम्पन्न की गई।



श्री शिव मार्कण्डेश्वर महादेव मंदिर में चल रहे मूर्तिप्राण प्रतिष्ठा समारोह में पंडित जगदीश शर्मा, नितिन शर्मा, बिट्टू शर्मा, अमित कुमार व रामबीर शर्मा ने विधिविधान के साथ हवन यज्ञ कर भगवान विश्वकर्मा की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा सम्पन्न कराई। कार्यक्रम के अतिथि बहुउद्देशीय ग्रामीण सहकारी समिति थीथकी के सभापति जयपाल धीमान व अखिल भारतीय धीमान ब्राहमण महासभा के प्रदेश अध्यक्ष इंजी. अशोक कुमार शर्मा ने मन्त्रोचारण के साथ भगवान विश्वकर्मा की आरती की। समारोह को भाजपा नेता बोधराम धीमान, रामनाथ धीमान दुष्यन्त कुमार मुन्ना, लोकेश धीमान, बालकृष्ण शर्मा, सतीश धीमान जाटोवाला, सुखवीर सिह धीमान, श्याम कुमार सैनी, कैलाश चंद, पूर्व प्रधान प्रमोद सैनी, तेजपाल सैनी ने भी सम्बोधित किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता वेदपाल धीमान व संचालन मा. बिजेन्द्र सिंह ने किया। इस दौरान अतिथियो को पटका पहनाकर व स्मृतिचिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। समारोह में पवन धीमान, अजय धीमान, पुष्पेन्द्र धीमान, नीटू धीमान, महेन्द्र शास्त्री, राजपाल धीमान, नीरज धीमान, मुक. ेश धीमान, मुन्ना सिंह, अनिल धीमान, रवीश धीमान, आदित्य धीमान, बालेश धीमान, डॉ कमलेश सैनी आदि उपस्थित रहे।

**सूचना**

मैने अपना नाम Mohammad Salman से बदलकर Mo Salman रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये।

**मो सलमान पुत्र सलीम निवासी 89, नियामतपुर मुस्त, सहारनपुर, उत्तर प्रदेश, 247129**

**सूचना**

मैने अपनी पुत्री चांद बेबी को गलत आचरण व नाफरमानी के कारण अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। भविष्य में उसके कार्यो का मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नही होगा।

**रईस पुत्र भूरा निवासी मौहल्ला गुलाम साबिर, कस्बा गंगोह, जिला सहारनपुर।**

**सूचना**

मैने अपने पुत्र अज़ीम को गलत आचरण व नाफरमानी के कारण अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। भविष्य में उसके कार्यो की मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नही होगा।

**राशदा पत्नि अब्दुल रहमान निवासी मौहल्ला सैय्यदान कस्बा गंगोह, जिला सहारनपुर।**

**नीलामी सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि थाना नकुड पर खड़े 92 मुकदमाती वाहनो की दिनांक 12.09.2025 को नीलामी की जाएगी इच्छुक व्यक्ति दिनांक 12.09.2025 को समय 10.00 बजे एक लाख रुपए अग्रिम धनराशि लेकर नीलामी में भाग ले सकता है।

**सम्पर्क सूत्र**
**थाना नकुड जनपद सहारनपुर**
**मो. न.**- 9528082158, 7060656904

# दशलक्षण पर्व: जैन समाज ने उत्तम त्याग धर्म के रूप में मनाया आठवां दिवस

**रामपुर मनिहारान।** जैन समाज के दस दिवसीय दशलक्षण महापर्व का आठवां दिन उत्तम त्याग धर्म के रूप में मनाया गया।

प्रात: मंदिर में श्री आदिनाथ भगवान की प्रतिमा को पाण्डुकशिला पर विरा. जमान कर अभिषेक और शांतिधारा की गई। श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए पं अंकित शास्त्री ने कहा कि दशलक्षण पर्व का आठवां दिन उत्तम त्याग धर्म का दिन है। त्याग धर्म का अर्थ बताते हुए कहा कि हमें अपने जीवन में त्याग करना चाहिए। त्याग से ही जीवन अच्छा बनता हैं। जो वस्तु अपने को सबसे ज्यादा प्यारी है उसे छोड़ देना ही त्याग कहलाता हैं हमें दान देना चाहिए। दान के बारे में बताया कि हमें सुपात्र को दान देना चाहिए कुपात्र को नहीं। शाम के समय श्री जी की भव्य आरती की गई। इस दौरान प्रधान मनोज जैन, उपप्रधान डॉ राजेश जैन,महामंत्री निपुण जैन, अमित जैन, सुधीर जैन, विद्यासागर जैन, शशांक जैन, अतुल जैन, प्रशांत जैन, ललित जैन, अभिषेक शास्त्री, संजय जैन, अशुंल जैन, राकेश जैन, आकाश जैन, अर्पित जैन, नमन जैन, आर्जव जैन, नवीन जैन, ललित जैन, शुभम जैन, पुष्पेन्द्र जैन, नीरज जैन, वीरेश जैन, अरविन्द जैन, अंकित जैन, वर्षा जैन, प्रीति जैन, सुनीता जैन, रेणु जैन, माधवी जैन, पूजा जैन, संगीता जैन, सृष्टि जैन, गरिमा जैन, करुणा जैन, परख जैन, विनीता जैन, पायल जैन, दीपा जैन सहित समाज के सैकड़ों महिला पुरुष मौजूद रहे।

**नकुड़।** श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर एवं चंद्रप्रभु चौताल्य में चल रहे पर्युषण महापर्व का आठवां दिन उत्तम त्याग धर्म के नाम रहा। कार्यक्रम में पारसनाथ भगवान की आराधना और नेमीनाथ भगवान के अतिशयकारी जिनबिंब पर अभिषेक एवं शांति धारा के साथ श्रावक श्राविकाओं ने मानवता के कल्याण की कामना की। धर्मसभा को संबोधित करते हुए नीलम जैन, सरिता जैन, अनिता जैन और निशा जैन ने कहा कि त्याग धर्म का वास्तविक स्वरूप अपनी इच्छाओं पर नियंत्रण, बुरे कर्मों का नाश और जीवन को संतोष एवं गुणों से समृद्ध करना है। त्याग ही आत्मा को मोक्ष की ओर ले जाने वाला मार्ग है।







विगत रात्रि महिला जैन मिलन द्वारा आयोजित खुल जा मोक्ष का द्वार प्रतियोगिता ने श्रद्धालुओं को विशेष आकर्षित किया। प्रतियोगिता में बारह भावना, केवलज्ञान, सिद्ध क्षेत्र, गतियां और सुमेरु पर्वत जैसे गूढ़ विषयों से जुड़े प्रश्नों के सटीक उत्तर देकर प्रतिभागियों ने अपने गहन धार्मिक ज्ञान का परिचय दिया। कार्यक्रम का संचालन निशा जैन, सरिता जैन, बीना जैन और अंजली जैन ने किया। जैन मिलन के महामंत्री पंकज जैन एवं राजेश जैन 'राजू' ने बताया कि शुक्रवार रात्रि जैन अतिथि भवन में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के तहत लघु नाटिका, रात्रि भोजन त्याग, जियो और जीने दो का संदेश तथा जैन धर्म की महिमा का मंचन किया जाएगा। समारोह की सफलता में जैन मिलन, महिला जैन मिलन और समूचे जैन समाज का उल्लेखनीय सहयोग रहा।

**चिलकाना।** प्रात: काल श्री दिगंबर जैन मंदिर चिलकाना में सांगानेर जयपुर से आये पंडित अरिहंत जैन शास्त्री व दिगंबर जैन मंदिर सुल्तानपुर में पंडित अंश जैन व सक्षम जैन शास्त्री के नेतृत्व में जैन समाज के लोगों द्वारा शान्तिधारा व विशेष पूजा अर्चना की गई। इस दौरान जैन समाज चिलकाना के अध्यक्ष राकेश जैन, तरसैन जैन, जिनेंद्र जैन, अभिनंदन जैन, प्रमोद जैन, पवन जैन, नगर सभासद अनुपम जैन, विपुल जैन, अनुज जैन, संजय जैन, अंकुर जैन, मन्नू जैन, राजीव जैन, विनय जैन, श्रेयांश जैन, नितिन जैन, सचिन जैन, सौरभ जैन, मन्नू जैन, नीरज जैन, अनमोल जैन, आशीत जैन, रक्षित जैन, सुल्तानपुर जैन समाज संरक्षक सुधीर कुमार जैन, अध्यक्ष राकेश जैन, मंत्री बिजेंद्र जैन, बोस जैन, राजीव जैन, निशांक जैन, लवी जैन, अर्पित जैन, ऋषभ जैन मौजूद रहे।

# करंट की चपेट में आने के कारण युवक की मौत



शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** बिजली की फिटिंग करते समय करंट की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई। परिजनो द्वारा कोई कानूनी कार्रवाई नहीं किये जाने से मना करने पर पुलिस ने पंचनामा भर शव परिजनो को सुपुर्द कर दिया।

नगर के मोहल्ला बेरुन कोटला निवासी 20 वर्षीय शारिक पुत्र सलीम बिजली का मिस्त्री था। बुधवार की शाम शारिक रहमान कॉलोनी के एक मकान में बिजली फिटिंग का कार्य कर रहा था, इसी दौरान वह करंट की चपेट में आ गया। मोहल्ले के लोग उसे लेकर तुरंत एक चिकित्सक के यहां पहुंचे जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। स्वजनों द्वारा किसी भी प्रकार की कार्रवाई से इंकार करने पर पुलिस ने पंचनामा भर शव उनके सुपुर्द कर दिया। गुरुवार की सुबह मृतक शारिक को सपुर्दे खाक कर दिया गया है। शारिक की हादसे में हुई अचानक मौत से परिजनों में गम का पहाड़ टूट गया है वह घर में अकेला कमाने वाला था। मृतक शारिक के पिता सलीम की भी करीब छह माह पूर्व कैंसर बीमारी से ग्रस्त होने के कारण मौत हो गई थी।

# शुगर मिल के पावर प्लांट में लगी भयंकर आग

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** त्रिवेणी शुगर मिल के कोजन पावर प्लांट में शार्ट सर्किट के कारण भयंकर आग लगने से अफरा तफरी मच गई। देवबंद के अलावा सहारनपुर और रामपुर मनिहारान से पहुंची फायर ब्रिगेड की गाडियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

त्रिवेणी शुगर मिल के पावर प्लांट में बिजली बनाने के लिए प्रयोग की जाने वाली खोई (बेगास) में सुबह करीब नौ बजे अचानक आग लग गई। कुछ देर में ही आग ने भयंकर रूप ले लिया और .ंची .ंची लपटें उठने लगी। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे मिल अधिकारियों ने तुंरत फायर ब्रिगेड को सूचित किया। इस दौरान मिल में उपलब्ध संसाधनों और पानी आदि की मदद से कर्मियों ने आग बुझाने क प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिल पाई। कुछ समय बाद पहुंची देवबंद फायर ब्रिगेड की टीम ने आग बुझाने का काम शुरू किया और आग के भयावह रूप को देखते हुए रामपुर मनिहारान और सहारनपुर से अग्निशमन विभाग की गाडियों को मौके पर बुला लिया। उपजिलाधिकारी युवराज सिंह और मुख्य अग्निशमन अधिकारी प्रताप सिंह भी मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। दोपहर करीब 12.30 बजे मिल के फायर फाइटिंग विभाग और अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

त्रिवेणी चीनी मिल के यूनिट हेड पुष्कर मिश्र ने बताया कि .परी तौर पर आग पर काबू पा लिया गया है। लेकिन आग काफी नीचे तक पहुंचने के कारण नीचे दहक रही आग को बुझाने के लिए अगले 24 घंटे तक खोई पर पानी डाला जाएगा। गनीमत रही आग से जनहानि नहीं हुई है। हालांकि 40-50 लाख के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है। आग से 25 हजार कुंतल खोई, खोई ले जाने वाली करीब 150 मीटर बेल्ट, इंडल्ट फ्रेम आदि जलकर नष्ट हो गए।



# बैंक कैशियर पर लगाया गाली गलौज का आरोप

**देवबन्द।** ग्रामीण द्वारा बैंक कैशियर पर गाली गलौज करने का आरोप लगाये जाने की शिकायत पर क्षेत्रीय महाप्रबंधक ने मामले की जांच के आदेश दिए हैं। तल्हेड़ी निवासी संजीव त्यागी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और जिलाधिकारी मनीष बंसल को भी शिकायती पत्र भेजा है। आरोप है कि एक सितंबर को तल्हेड़ी बुजुर्ग की पंजाब नेशनल बैंक शाखा में पेमेंट जमा कराने गया था, लेकिन अधिक कैश होने की बात कहकर कैशियर ने उसे लौटा दिया। आरोप है कि कुछ समय बाद कैशियर ने फोन कर उसके साथ अभद्रता की। बैंक के क्षेत्रीय महाप्रबंधक ललित भाटिया ने कहा कि पूरे मामले की जांच कराई जा रही है, दोषी पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी। वहीं, कैशियर ने अपने उपर लगे आरोपों को निराधार बताया है।

# बोर्ड बैठक में सर्वसम्मती से प्रस्ताव पारित

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** पालिका बोर्ड बैठक में आय व्यय समेत विकास से सम्बंधित सभी प्रस्ताव सर्वसम्मति से पास किए जाने के साथ ही लाईसेंसिंग शुल्क की दरें निर्धारित करने के लिए सभासदों की कमेटी का गठन किया गया। बोर्ड बैठक में साप्ताहिक पैंठ 'बुध बाजार' रामलीला ग्राउंड से परिवर्तित कर तहसील चौक से नीम तले की ओर जाने वाले मार्ग पर भरवाए जाने का निर्णय लिया गया।



नगर पालिका परिषद सभागार में पालिकाध्यक्ष विपिन गर्ग की अध्यक्षता में आयोजित बोर्ड बैठक में अप्रैल, मई, जून व जुलाई माह के आय व्यय के विवरण व मलिन बस्तियों की चिंह्नांकन सूची को सर्वसम्मति से स्वीकार किया गया। इसके अलावा सडकों की रिपेयरिंग, नाली व चैनल फिक्सिंग निर्माण के तैयार स्टीमेट भी पटल पर रखे गए जिन्हें बोर्ड द्वारा स्वीकार किया गया। बैठक में पिछले कई माह से बंद साप्ताहिक पैंठ बुध बाजार पर चर्चा हुई जिसके बाद उक्त पैंठ को नीम तले मार्ग पर भरवाए जाने की सहमति बनी। पालिकाध्यक्ष विपिन गर्ग ने बताया कि भारी यातायात और जनसंख्या दबाव के चलते नगर पालि. का ने पुलिस प्रशासन की सलाह पर रामलीला मैदान में लगने वाले साप्ताहिक बुध बाजार को स्थगित कर दिया था। अब बोर्ड की बैठक में बुध बाजार को मोहल्ला किला में नीम तले मार्ग पर लगवाए जाने पर सर्वसम्मति बनी है। बताया कि विद्युत विभाग ने नगर के विभिन्न स्थानों पर ट्रांसफार्मर स्थापित किए हैं। जबकि विद्युत ट्रांसफार्मर गृहकर की श्रेणी में आते हैं। इन पर गृहकर आरोपित किए जाने का प्रस्ताव भी पारित किया गया है। नगर के मुख्य बाजार में जाम का कारण बनने वाले ई रिक्शाओं के संबंध में चर्चा के बाद एमबीडी चौक से मेन बाजार होते हुए हनुमान चौक तक ई-रिक्शा के आवागमन पर सुबह 10 बजे से रात 8 बजे तक प्रतिबंध लगाए जाने पर भी सहमति बनाई गई। बोर्ड बैठक में अधिशासी अधिकारी राजपति बैस, सभासद मनोज सिंघल, विपिन त्यागी, अंकित राणा, सैयद हारिस, नदीम चौधरी, ओसाफ सिद्दीकी, इकबाल अंसारी, मौहम्मद शाहिद, वाजिद मलिक आदि सभासद शामिल रहे।

# जल भराव से परेशान कॉलोनी वासियों ने पालिकाध्यक्ष को दिया ज्ञापन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** जलभराव के चलते काला. ेनी वासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कालोनीवा. सियों ने पालिकाध्यक्ष को ज्ञापन देकर समस्या के निराकरण की मांग की हैं।



सभासद सैयद हारिस के नेतृत्व में पहुंचे ईदगाह रोड स्थित मरगूब कालोनीवासियों ने पालिकाध्यक्ष विपिन गर्ग को ज्ञापन दिया। ज्ञापन में कहा कि कालोनी की सडकें टूटी फूटी है। नालियों का निर्माण भी नहीं हुआ है। पानी निकासी का कोई साधन नहीं होने के चलते बरसात में कालोनी में जलभराव की समस्या गहरा गई है। लोगों का घर से निकला मुश्किल हो गया है। इतना ही नहीं जलभराव के चलते कालोनी के बच्चे भी स्कूल नहीं जा पा रहे है। लोगों को जलभराव के बीच से होकर आना जाना पड़ रहा है।

उन्होंने पानी निकासी की व्यवस्था सुनिश्चित कराए जाने के साथ ही कालोनी की सडकों व नाले नालियों का निर्माण कराने की मांग रखी। पालिकाध्यक्ष ने समस्या के निराकरण का आश्वासन कालोनीवा. सियों को दिया। इस मौके पर आसिफ, सलमान, पप्पू, शबाना, रानी, फौजिया आदि कालोनीवासी शामिल रहे।

# पूर्व सभासद फैजान कुरैशी के निधन पर जताया दुख



शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** पूर्व सभासद फैजान कुरैशी का लंबी बिमारी के चलते निधन हो जाने से नगर में शोक की लहर दौड़ गई और देखते ही देखते उनके मोहल्ला शाहजीलाल स्थित आवास पर शोक व्यक्त करने वालो का तांतां लग गया। फैजान कुरैशी को बाद नमाज-ए-असर नम आखों के साथ सुपूर्द-ए-खाक किया गया।

मोहल्ला शाहजीलाल निवासी नगर पालिका के पूर्व सभासद फैजान कुरैशी का बृहस्पतिवार को बीमारी के चलते निधन हो गया। निधन की सूचना मिलते ही उनके आवास पर श्रद्धांजलि अर्पित करने वालो का तांतां लग गया।

दुख व्यक्त करने वालो में पालि. काध्यक्ष विपिन गर्ग, पूर्व विधायक माविया अली, पालिका सभासद हैदर अली, सैयद हारिस, औसाफ अहमद, शराफत मलिक, सतीश त्यागी, अजीज खां, इकबाल अंसारी, सपा नगर अध्यक्ष रमजानी कुरैशी, इस्राइल गौड, मुल्ला फुरकान कुरैशी, हाफिज अकरम कुरैशी, जहीर कुरैशी, अफजाल कुरैशी, शहजाद कुरैशी उर्फ मुन्ना, शाहनवाज सिद्दीकी आदि शामिल रहे।

# जैन मंदिरों में की गई उत्तम त्याग धर्म की विषेश पूजा अर्चना

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** दशलक्षण पर्व के आठवें दिन जैन मंदिरों में उत्तम त्याग धर्म की विशेष पूजा अर्चना की गई। तत्वार्थ सूत्र विधान के आठवें अध्याय के 26 अर्ध चढ़ाए गए।



गुरुवार प्रात: श्री 1008 दिगंबर पारसनाथ जैन मंदिर सरागवाड़ा में श्री जी का अभिषेक, शांतिधारा, आरती, नित्य-नियम एवं सोलहकरण पूजा हुई। श्रीजी की शांतिधारा का सौभाग्य संजीव कुमार आर्जव जैन परिवार को प्राप्त हुआ। इस दौरान जैन समाज ने उत्तम त्याग धर्म का संकल्प लिया। आचार्य अरुण सागर महाराज ने अपने प्रवचन में कहा कि अहंकार का त्याग कर नम्र और विनयशील बनना ही उत्तम त्याग धर्म है। इस अवसर पर चंदनबाला जैन व अर्चना जैन द्वारा फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। ग्वाला, इंद्र, आर्यिका आदि वेशभूषा में सजे बच्चे आकर्षण का केंद्र रहे। इस मौके पर सुदेश जैन, अनुज जैन, रविंद्र जैन, विनोद जैन, सुनील जैन, अंकित जैन, मनोज जैन, प्रदीप जैन, आस्था जैन, अंजू जैन, नीलिमा जैन, उषा जैन, सौरभी जैन, मनीषा जैन, धैर्य र्जन आदि मौजूद रहे।

# शिक्षा दिवस पर शिक्षकों को किया सम्मानित

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** शिक्षण संस्थाओं में डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में शिक्षको को सम्मानित किया गया।



इण्डस्ट्रीयल स्टेट स्थित केएल जनता इण्टर कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में शिक्षकों व कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर स्कूल के प्रबंधक दीपक राज सिंघल ने कहा कि शिक्षकों की सेवाएं अमूल्य है। क्योंकि शिक्षक अनुशासन व शिक्षा के माध्यम से स्कूल का नाम रोशन करते हैं। अध्यक्षता प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष अनुपम वशिष्ठ व संचालन अनुज त्यागी ने किया। इस मौके पर पूर्व प्रधानाचार्य यशपाल त्यागी, राकेश शर्मा, रमेश शर्मा, नरवदा त्यागी, संजय धीमान, बलदेव शर्मा, सुमन शर्मा, अर्चना शर्मा, शिखा सिंघल, सचिन कुमार, स्वाती सिंघल, ओम कुमार, संदीप कुमार, आशीष शर्मा, विनय चौहान आदि शामिल रहे। उधर, मोहल्ला खानकाह स्थित एमएम पब्लिक स्कूल में शिक्षा दिवस धूमधाम से मनाया गया। शिक्षिकाओं को उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर स्कूल की प्रधानाध्यापिका इफ्फत फातमा ने कहा कि शिक्षक के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता क्योंकि शिक्षक ही स्कूल में बच्चो के अभिभावक होते हैं। इस अवसर पर निशात फातमा, वलिया जमाल आदि अध्यापिकाएं शामिल रहीं।

# एमएससी ( जन्तु विज्ञान ) चतुर्थ सेमेस्टर का परीक्षाफल रहा शत-प्रतिशत



**बिजनौर।** एम.जे.पी. रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय बरेली द्वारा एम.एस.सी. (जन्तु विज्ञान) चतुर्थ सेमेस्टर के घोषित परिणाम में कृष्णा कालेज ऑफ साइंस एण्ड इंफार्मेशन टैक्नोलॉजी के छात्र-छात्राओं का परीक्षाफल शत-प्रतिशत रहा। जन्तु विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्षा डा. शोमा सिंह ने बताया कि एम.एस.सी. चतुर्थ सेमेस्टर (जन्तु विज्ञान) की छात्रा ईरम नाज ने 8.05 सीजीपीए के साथ प्रथम, मदीहा खान ने 7.93 के साथ द्वितीय तथा नमनप्रीत कौर ने 7.90 के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। चेयरमैन मनोज कुमार ने सभी उत्तीर्ण छात्रओं को बधाई देते हुए कहा कि कृष्णा कालेज का परिणाम सदैव ही अत्युत्त्म रहा है। हमारा निरन्तर यही प्रयास रहता है कि छात्र-छात्राओं को कालेज में आधुनिक व शैक्षिक वातावरण मिलें, जिससे कि वह प्रोफेशनल एजुकेशन को बेहतर रुप से समझ सकें व अपने जीवन में उपयोग कर लाभांवित हो सकें।

# घरों का प्रशिक्षण कर वार्ड वासियों को किया स्वास्थ्य के प्रति जागरूक

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** स्वास्थ्य जागरूक अभियान के तहत समस्त वार्डो के घरो का प्रशिक्षण कर वार्ड वासियों को सफाई से सम्बंधित जानकारी दी गई।



नगर पालिका परिषद द्वारा शिक्षक नगर में स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समिति मोहल्ला समिति में कूड़े के प्रथक्करण एवं विकेंद्रीकरण अवधारण अंतर्गत प्रोसंसिंग एवं वार्ड वार प्रत्येक घरो का प्रशिक्षण कर लोगो को जागरूक किया गया। इस अवसर पर पालिका अधिशासी अधिकारी राजपति बैस, स्वास्थ्य निरीक्षक पोपिन कुमार, बिरला सूध, सभासद विपिन त्यागी, सफाई नायक नरेंद्र कुमार, संतर पाल, सर्वण कुमार आदि पालिका कर्मी शामिल रहे।

# धामपुर में राधा अष्टमी पर्व व शुक्ल पक्ष की एकादशी पर गूंजे भजन

शाह टाइम्स संवाददाता

**धामपुर।** मोहल्ला लोहियान स्थित श्री वैश्य अग्रवाल लोहिया धर्मशाला में राधा अष्टमी पर्व एवं शुक्ल पक्ष की एकादशी का आयोजन बड़े ही धार्मिक उल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर आयोजित सामूहिक भजन उच्चारण में महिलाओं ने विभिन्न भजनों की प्रस्तुति देकर कार्यक्रम स्थल को राधा-कृष्णमय बना दिया।



कार्यक्रम में भगवान श्रीकृष्ण एवं राधा रानी की भव्य व आकर्षक झांकी सजाई गई। झांकी में भगवान कृष्ण की भूमिका साक्षी गुप्ता के पुत्र एकांश गुप्ता ने निभाई, जिनके मनोहारी रूप दर्शन कर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। महिलाओं ने पुष्पवर्षा कर बच्चों का सम्मान किया और उन्हें प्रोत्साहित किया। महिलाओं ने राधा रानी का जन्मोत्सव मनाने के लिए सामूहिक रूप से केक काटा और एक-दूसरे को मंगलकामनाएं दीं। सामूहिक जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय गूंज उठा। इस अवसर पर भाजपा महिला मोर्चा की जिला मंत्री एवं पूर्व पालिका अध्यक्ष राजू गुप्ता की धर्मपत्नी श्रीमती योजना गुप्ता ने भजन प्रस्तुत करने वाली महिलाओं का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि प्रत्येक सनातन परिवार को चाहिए कि वह बच्चों में बचपन से ही भारतीय संस्कृति और संस्कारों के प्रति चेतना जगाए।

# एजुकोल में शिक्षक दिवस मनाया



**धामपुर।** एजुकोल द गर्ल्स स्कूल में शिक्षक दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। प्रधानाचार्य प्रीति अग्रवाल ने कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके किया। तत्पश्चात छात्राओं द्वारा डांस, गायन, भाषण, खेलों के माध्यम से वहां उपस्थित सभी शिक्षक- शिक्षिकाओं को मंत्र मुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का संचालन तरुणा सिंह और युगांशी सिसोदिया ने किया। इस अवसर पर प्रबंधक डॉ. लोकेंद्र सिंह ने सभी को शिक्षक दिवस की बधाई देते हुए उपहार भेंट किए। प्रधानाचार्या प्रीति अग्रवाल ने सभी को शिक्षक दिवस की बधाई देते हुए डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन के महत्वपूर्ण पहलुओं से अवगत कराया। छात्राओं में इशल, हमदा, अन्विका, हुरैन, आव्या, कनिका, परुषी, रिद्धि, हिदाया,अलीना, हंशिका, दीक्षा , अदिबा,अदिति ,पलक, सारिका , तूबा, आफिया , सदफ, अज्बा, यशी, मोहिनी, लक्षिता, अरीबा, अक्षिता, सौम्या, आस्मा, निदा, अफीफा हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं का योगदान सराहनीय रहा।

# एस.डी. कॉलेज में मनाया शिक्षक दिवस

**मुजफ्फरनगर।** एस.डी. कॉलेज ऑफ मैनेजमेन्ट स्टडीज में एम.बी.ए. / एम.सी.ए. व डी.एल.एड. के सभागार में शिक्षक दिवस के उपलक्ष में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कॉलेज प्राचार्य डा. आलोक कुमार गुप्ता व डी.एल.एड. प्राचार्या बबली तोमर ने डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की प्रतीमा के समक्ष पुष्प अर्पित करके कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम प्राचार्य डा. आलोक कुमार गुप्ता ने बताया कि शिक्षक दिवस भारत में प्रतिवर्ष 5 सितम्बर को देश के विद्वान, दार्शनिक व भारत रत्न से सम्मानित पहले राष्ट्रपति डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिन के उपलक्ष में मनाया जाता है।

हमे उनके जीवनपथ का अनुसरण करें, लगातार अच्छे कार्य करें, अधिक से अधिक जिम्मेदारी उठाएं तथा सामाजिक जिम्मेदारियों में भागीदारी सुनिश्चित करें और कहा कि शिक्षक ही एक ऐसा व्यक्ति होता है जो सिर्फ शिक्षा ही नहीं दुनिया की समझदारी और सही-गलत का अंतर बताता है। शिक्षक दिवस की जरूरत इसलिए भी है कि छात्रों और उनके माता-पिता को एक शिक्षक की समाज में महत्वता समझ में आ पाए, ओर उन्हें समझ आए कि शिक्षा के बिना उनकी कोई पहचान नही हो सकती है। डी. एल.एड. प्राचार्या बबली तोमर ने बताया कि शिक्षक दिवस को बहुत ही उत्साह और खुशी के साथ हमारे कॉलेज और अन्य शिक्षण संस्थाओं में छात्र अपने प्रिय शिक्षकों के प्रति अपनी प्रंशसा व्यक्त करने के लिए कई तरह के कार्यक्रम करके धुमधाम से मनाया। शिक्षक दिवस शिक्षकों और छात्रों के रिश्तो को ओर भी अच्छा बनाने का यह एक महान अवसर होता है, जो बहुत ही खुशी के साथ मनाया जाता है। कार्यक्रम का मंच संचालन छात्रा श्रुति सक्सेना ने सफलतापूर्वक किया व डी.एल.एड. प्रथम सेमेस्टर की छात्र ६ छात्राओं साक्षी, विधि, दिव्यांशी, दीपा, पल्लवी व तृतीय सेमेस्टर से अंशुल, गौरव, वर्षा, रिया, रितिका, स्वाति,




विधि, आयुषी, प्रियम, आकांक्षा, आरती, काजल व शिवानी आदि ने कार्यक्रम में मुख्य भूमिका निभाई। कार्यक्रम के मध्य में विभिन्न मौखिक खेलो का आयोजन हर्षोल्लास के साथ शिक्षको के मनोरंजन के लिए किया गया। इस अवसर पर कॉलेज के शिक्षकों द्वारा केक काटकर सम्मानित किया। इस दिन महान शिक्षाविदों को याद किया गया और छात्र ६ छात्राओं ने अपने सभी शिक्षकों को सम्मानपूर्ण शुक्रिया किया, जिन्होने उनकी जिंदगी में ज्ञान के दीपक को जलाया है। कार्यक्रम में संकाय सदस्य रितू मित्तल, डा. विभूति अग्रवाल, पारूल कुमार, देवेश गुप्ता, महिमा मंगल, डा. अनम जैद, डा. शुभम तायल, आस्था सिंगल, तुषार भारद्वाज, प्रशान्त तोमर, अन्नु त्यागी, उमंग शर्मा, आयुष गुप्ता, विवेक सैनी, राजीव कुमार, वरूण कुमार, संगीता कौशिक, रश्मि कौशिक, अन्जना शर्मा, अनुराग सैनी व रवि भार्गव आदि समस्त शिक्षकगण व। स्टॉफगण एवं समस्त छात्र ६ छात्राएं उपस्थित रहे।

# 288 वाहनों के लाइसेंस निरस्त



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी मनीष बंसल ने सडक सुरक्षा समिति की बैठक में निर्देश देते हुए कहा कि हाईवे पर यातायात के नियमो का उल्लंघन करने वाले के विरूद्व अभियान चलाकार सघन कार्यवाही की जाये जिन लाईसेंस धारको के तीन बार चालान कट गये हैं, उनके लाईसेस निलम्बन की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए जिन लाईसेस धारको के 10 से अधिक चालान है उनके लाईसेस निलम्बन की कार्यवाही की जाये।

जिलाधिकारी ने नगर निगम को निर्देश देते हुए कहा कि मुख्य चौराहा जैसे घण्टाघर पर स्मार्ट सिटी द्वारा लगाये गये पीए सिस्टम के माध्यम से 50 मीटर की परिधी के अन्दर खडे वाहनो के तत्काल हटाने हेतु अनाउसमेंट किया जाए। उन्होंने कहा कि समस्त मार्ग में सम्बन्धित विभागो को वर्षा ऋतु में क्षतिग्रस्त हुए मार्गो को वर्षा समाप्त होते ही प्राथमिकता के आधार पर मार्गो की मरम्मत करायी जाए। मनीष बंसल ने संबंधित विभाग को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के बारे में प्रचार प्रसार बढाते हुए अभियान चलाकार पंजीकरण कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होने सम्बन्धित बैंक के अधिकारी एवं ट्रैफिक चैक पोइन्ट पर उपस्थित अधिकारियो द्वारा मौके पर ही बीमा कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि मार्गो के किनारे खडे होने वाले वाहनो के विरूद्व अभियान चलाकर प्रर्वतन की कार्यवाही की जाए जिससें दुर्घटना से बचा जा सकें। बैठक में एसपी ट्रैफिक सिद्वार्थ वर्मा, अधिशासी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग धर्मेन्द्र सिंह, एआरटीओ एम. पी. सिंह, समिति के सदस्य सुरेन्द्र चौहान आदि मौजूद रहे।

## रामलीला मंचन 17 से

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** नगर एवं क्षेत्र में रामल. ीला की तैयारियां तेजी से चल रही है। मंचन के लिए पात्रों को तैयार करने का कार्य तेजी किया जा रहा है। नगर में शिव चौक स्थित प्राचीन रामलीला द्वारा मंचन का कार्य 17 सितम्बर से शुरू होगा।

शिव चौंक स्थित प्राचीन रामल. ीला रंगमंच पर रामलीला मंचन की शुरूआत 17 सितम्बर से होगी। 16 सितंबर को शिव बरात निकाली जाएगी। रामलीला मंचन के लिए पात्रों को तैयार करने का कार्य रोजाना तेजी किया जा रहा है। मंचन का कार्य 17 सितम्बर को उद्घाटन व नारद मोह विष्णु लोक से होगा। रामलीला भवन से 22 सितंबर दिन सोमवार प्रथम नवरात्र को भगवान राम की बरात निकली जाएगी। जो नगर के मुख्य मार्गो होती हुई रामलीला भवन पर ही समापन होगी। भगवान राम की बारात का स्वागत पीठ बाजार स्थित जनकपुरी में व रामलीला भवन में राम-जानकी विवाह सम्पन्न होगा। 2 अक्तूबर को दशहरा उत्सव मनाया जाएगा।

# मेला गुघाल की भव्यता को दी गई दो दर्जन अफसरों को जिम्मेदारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** मेला गुघाल को भव्य और व्यवस्थित रुप से आयोजित करने के लिए करीब दो दर्जन अधिकारियों को उनके विभागों से सम्बंधित जिम्मेदारियां दी गयी है। इन जिम्मेदारियों में बेरिकेटिंग से लेकर साफ-सफाई, अतिक्रमण और पेयजल आदि सभी व्यवस्थाएं शामिल हैं।

नगरायुक्त शिपू गिरि के निर्देश पर निगम के मेला अधिकारी व अपर नगरायुक्त प्रदीप कुमार यादव द्वारा अधिकारियों को दी गयी जिम्मेदारियों के अनुसार मुख्य अभियंता निर्माण बी के सिंह के पर्यवेक्षण में अधिशासी अभियंता आलोक श्रीवास्तव को मेला परिसर में झूले, व दुकानों के आस-पास बेरीकेटिंग आदि की व्यवस्था कराने तथा जीएम जलकल पुरुषोत्तम कुमार के पर्यवेक्षण में अधिशासी अभियंता जलकल विजय बहादुर सिंह को मेला परिसर में पाईप लाइन लिकेज आदि समस्याओं का तत्काल निस्तारण और पेयजल आदि की व्यवस्था करने की जिम्मेदारी दी गयी है। जबकि सहायक नगरायुक्त जेपी यादव के पर्यवेक्षण मे कर अधीक्षक आशुतोष गुप्ता को मेला परिसर व जनमंच में टेंट व अन्य समस्त व्यवस्थाओं का दायित्व दिया गया है।

सहायक नगरायुक्त जेपी यादव के पर्यवेक्षण में ही कर अधीक्षक सुधीर शर्मा को मेला परिसर में आरक्षित दुकानों को व्यवस्थित रुप से लगवाने व अवैध दुकानों को हटवाने आदि का कार्य दिया गया है। नगर स्वास्थय अधिकारी डॉ. प्रवीण शाह के पर्यवेक्षण में मुख्य सफाई निरीक्षक परमानंद को मेला परिसर में सफाई सम्बंधी समस्त व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी तथा अधिशासी अभियंता वी बी सिंह के पर्यवेक्षण में मुख्य सफाई निरीक्षक इंद्रपाल सिंह को मेला परिसर में फॉगिंग, एंटीलार्वा, कूड़ा उठान, जलभराव व रंगौली आदि की समस्त व्यवस्थाएं कराने तथा अवर अभियंता समरपाल को मेला परिसर व जनमंच में सजावट व विद्युत सुरक्षा और प्रकाश आदि की व्यवस्था का जिम्मा दिया गया है।

सहायक नगरायुक्त जेपी यादव की ही देखरेख में अवर अभियंता अनुज कुमार को मेला परिसर में उद्यान से सम्बंधित व्यवस्थाएं तथा निगम के पशुधन एवं कल्याण अधिकारी डॉ. संदीप मिश्रा के पर्यवेक्षण में पर्यावरण अभियंता दीपक विशाल को मेला परिसर में आवारा पशुओं के प्रवेश को निषेध रखने का दायित्व दिया गया है। जबकि प्रवर्तन दल प्रभारी कर्नल एच बी गुरुंग को मेला परिसर में आने वाले समस्त मार्गो को अतिक्रमण मुक्त रखने का जिम्मा दिया गया है।

# हर जिले में होंगे कार्यकर्ता सम्मेलनः चौ. नीरपाल



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** केंद्रीय कार्यालय पर राष्ट्रीय लोकदल खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय कार्यकारिणी पदाधिकारी, प्रदेश पदाधिकारी, जिलाध्यक्षों की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में मुख्य अतिथि त्रिलोक त्यागी ने कहा कि खेल प्रकोष्ठ खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए सराहनीय कार्य कर रहे है। खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ नीरपाल सिंह एवं इनकी पूरी टीम बधाई की पात्र जो रात दिन मेहनत करते हैं। त्रिलोक त्यागी ने कहा कि खेल प्रकोष्ठ के सभी पदाधिकारियों को पूरा सम्मान, सहयोग मिलेगा। इस अवसर पर डॉ सुमित सुशीलन को खेल प्रकोष्ठ का राष्ट्रीय प्रभारी बनाया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ नीरपाल सिंह ने कहा कि आज मीटिंग का उद्देश्य था कि हर जिले मे कार्यकर्ता सम्मेलन, खेल प्रतियोगिता कराई जाएगी जिनकी तारीखों का ऐलान अगले सप्ताह कर दिया जाएगा। खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय प्रभारी डॉ सुमित सुशीलन ने कहा कि मुझे पार्टी ने जो जिम्मेदारी सौंपी है उसे पूरी ईमानदारी से निभाई जाएगी।पूरे देश में खेल प्रकोष्ठ अपना गठन करेगा।

इस अवसर पर राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय सचिव प्रबुद्ध कुमार, प्रदेश अध्यक्ष दीपक तोमर, उत्तराखंड प्रदेश अध्यक्ष सिद्धान्त चौधरी, दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष रेयान त्यागी, राष्ट्रीय महासचिव जगराज बालियान, राष्ट्रीय सचिव सतवीर घिस्सा, शमशाद चौधरी, संजीव चौधरी, अभिनव निर्वाल, जयप्रकाश, अनिल आदि ने संबोधित किया।

## राजभर के आवस पर हमला निन्दनीयः शकील

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**सहारनपुर।** सुहैलदेव भारतीय समाज पार्टी के वरिष्ठ नेता व पूर्व मंत्री सय्यद शकील अहमद ने कैबीनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर के आवास पर हमले की निन्दा कर उपद्रवियों पर कार्यवाही की मांग की है।

सय्यद शकील ने कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व कैबीनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर के आवास पर पथराव व हमला निन्दनीय है जिसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नही किया जायेगा। उन्होने मुख्यमंत्री से मांग करते हुए कहा कि तत्काल ही पथराव हमला करने वाले उपद्रवियों पर संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार कर कैबीनेट मंत्री व उनके परिवार की सुरक्षा बढाई जाये।

# मोदी, योगी सरकार में हर वर्ग को लाभः डा. अजय

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सहारनपुर।** प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अंर्तगत मेयर डा.अजय, स्टार पेपर मिल व रोटरी क्लब ने टीबी मरीजों को पोषण किट वितरित की।



आज जिला चिकित्सालय स्थित जिला क्षय रोग अधिकारी कार्यालय प्रांगण मे महापौर ड़ा अजय कुमार सिंह, स्टार पेपर मिल और रोटरी क्लब सहारनपुर ग्रेटर द्वारा आज टीबी का इलाज ले रहे मरीजो को पोषण किट वितरित की। महापौर ड़ा अजय कुमार सिंह ने कहा कि योगी एवं मोदी सरकार द्वारा हर वर्ग के हर धर्म के लोगो को हर सरकारी योजना का लाभ दिया जाता है। उन्होंने सभी टीबी मरीजों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

स्टार पेपर मिल के वेलफेयर ऑफिसर अशोक कुमार, असिस्टेंट ऑफिसर करण सिंह तथा रोटरी क्लब सहारनपुर के पूर्व अध्यक्ष नीरज रहेजा, सचिव मोहम्मद आलम ने भविष्य मे भी टीबी मरीजो को लगातार पोषण किट देते रहने का संकल्प लिया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा प्रवीण कुमार एवं जिला क्षय रोग अधिकारी डा सर्वेश कुमार ने पोषण किट के बारे मे बताते हुए कहा कि इस किट मे गुड़, चना, सतू, बोर्नबीटा आदि प्रोटीन के श्रोत हैं जिनसे इलाज के दौरान मरीज की प्रतिरोधक क्षमता अच्छी बनी रहती है और मरीज निर्धारित इलाज अवधि मे ठीक हो जाता है इसलिए इस सामग्री को मरीज घर जाके रोज स्वयं ही खायें ना कि परिवार के किसी अन्य सदस्यों को खिलाएं।

कार्यक्रम में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी के अलावा टीबी विभाग के पीपीएम कॉर्डिनेटर परवेन्द्र यादव, जिला कार्यक्रम समन्वयक मुकेश कुमार वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षक विजेंदर, देवेंद्र बंसल, अशोक पँवार, संदीप मौर्या, सजनीत, आशुतोष, ओमप्रकाश, बृजेश आदि का विशेष योगदान रहा। संचालन स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ क्षय रोग लैब पर्यवेक्षक एवं रोटरी क्लब सहारनपुर ग्रेटर के अध्यक्ष एम पी सिंह चावला ने किया।

# 31 अक्टूबर तक चलेगा सदस्यता अभियानः शाहजमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** राष्ट्रीय लोकदल के क्षेत्रीय महासचिव धर्मेंद्र तोमर, हरनेक सिंह व क्षेत्रीय महासचिव विनोद चौधरी का पार्टी कार्यालय पर स्वागत किया गया। उन्होंने सभी पदाधिकारियों से संगठन को मजबूती प्रदान किये जाने का आहवान किया।



दिल्ली रोड स्थित पार्टी कार्यालय पर आयोजित बैठक में अतिथियों ने कहा की राष्ट्रीय लोक. दल चौधरी चरण सिंह की नीतियों पर चलने वाली पार्टी है। पार्टी का सदस्यता अभियान 31 अक्टूबर सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती तक चलेगा। इसलिये सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है कि वह गांव गांव जाकर अधिक से अधिक लोगों को पार्टी का सदस्य बना कर पार्टी को मजबूती प्रदान करें। उन्होंने कहा कि पार्टी संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने के लिए विधानसभाओं को सेक्टरों में बांट कर गांव के प्रभावशाली व्यक्तियों्को जिम्मेदारी दी जाए।

जिलाध्यक्ष शाहजमा खान ने कहा कि प्रदेश के अंदर जल्द ही जिला पंचायत चुनाव होने हैं जिसकी तैयारी के लिए प्रत्येक वार्ड में 11 सदस्य कमेटी का गठन किया जाएगा और यह कार्य एक सप्ताह में पूरा किया जाना है। जिसकी रिपोर्ट क्षेत्रीय अध्यक्ष के माध्यम से पार्टी हाई कमान को दी जाएगी

बैठक में प्रदेश महासचिव चौधरी धीरसिंह, महानगर अध्यक्ष भूषण चौहान, प्रदेश सचिव चौधरी अयूब हसन, किसान प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रियव्रत त्यागी, क्षेत्रीय महासचिव रमेश चौहान, महावीर सैनी एडवोकेट, क्षेत्रीय सचिव मनोज वर्मा, चौधरी अर्जुन सिंह, जिला उपाध्यक्ष हरपाल वाल्मीकि, जिला महासचिव दिनेश शर्मा, पीके शर्मा, चौधरी यशवीर सिंह, एससी एसटी प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष जसमेर सिंह, अमरीश कुमार, चौधरी गजेंद्रसिंह, नेत्रपाल सिंह, डॉक्टर अनिल सैनी, ठाकुर मूलचंद, राव इरफान, रेखा धनगर, प्रवीण धनगर, सरदार दरबारा. सिंह, गौरव ठाकुर, चौधरी जबर सिंह, चांद मलिक, प्रधान मेहरबान, मोहम्मद यासीन, जाहिद हसन, तनवीर अहमद आदि मौजूद रहे। संच. ालन अरविंद मलिक ने किया।

## नदीम अंसारी के संयोजन में 21 को होगी कव्वाली

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**सहारनपुर।** मेला गुघाल के सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में 21 सितंबर को कव्वाली का आयोजन होगा।

सात सितंबर से शुरू होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों के तहत 21 सितंबर को पार्षद प्रतिनिधि नदीम अंसारी के संयोजन में कव्वाली आयोजित होगी। नदीम अंसारी ने बताया कि कव्वाली कार्यक्रम में एक से एक दिग्गज कव्वाल शामिल होंगे। उन्होंने लोगों से आग्रह किया है कि अधिक से अधिक संख्या में इस कार्यक्रम में शामिल हों और कव्वाली के कार्यक्रम का भरपूर आनंद लें।

# ग्लोकल विश्वविद्यालय रैंक बैंड में मिला स्थान




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई नेशनल इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क इंडिया 2025 की सूची में ग्लोकल विश्वविद्यालय को देश के उच्च शिक्षण संस्थानों में 151- 200 के रैंक बैंड में स्थान मिला है। जिससे ग्लोकल विश्वविद्यालय में खुशी का माहौल है।

ग्लोकल विश्वविद्यालय के अतिरिक्त प्रतिकुलाधिपति सैयद निजामुद्दीन ने इस सफलता पर विश्वविद्यालय के समस्त स्टाफ को बधाई दी। इस उपलब्धि पर ग्लोकल विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर एच. एस. सिंह ने कहा यह गर्व का विषय है कि ग्लोकल विश्वविद्यालय ने विश्वविद्यालय कैटेगरी में केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय द्वारा जारी एनआईआरएफ इंडिया रैंकिंग 2025 में 151- 200 के रैंक बैंड में स्थान प्राप्त किया है।

ग्लोकल विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति प्रोफेसर जॉन फिनबे ने कहा कि यह सफलता हमारी गुणवत्ता और शिक्षा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दशार्ती है। कुलसचिव प्रोफेसर शिवानी तिवारी ने कहा कि ग्लोकल विश्वविद्यालय को फार्मेसी कैटेगरी के रैंकिंग में भी सर्वश्रेष्ठ 100वां स्थान प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि ग्लोकल विश्वविद्यालय के प्रबंधन की शिक्षा के गुणवत्ता के प्रति प्रतिबद्धता को दशार्ती है और साथ ही सभी विभागों और कर्मचारियों की कठोर मेहनत, समर्पण का भी प्रतीक है।

इस उपलब्धि पर ग्लोकल विश्वविद्यालय के आईक्यूएसी निदेशक प्रोफेसर डॉ. संजय कुमार ने आईक्यूएसी विभाग सहित सभी स्टाफ के सहयोग की सराहना की और सभी को को बधाई दी।

# जेल में निरूद्ध बंदियों पर पुलिस ने लिखा हमले का मुकदमा

**बेहट।** कोतवाली बेहट पुलिस का एक ऐसा कारनामा सामने आया है, जिसने विभाग की फजीहत करा दी। बेहट पुलिस ने जेल में निरुद्ध चार लोगों के खिलाफ धारदार हथियारों के बल पर धमकाने और जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज किया है। घटना को लेकर पीड़ित परिजनों ने एसएसपी को शिकायती पत्र देकर इंसाफ की गुहार लगाई है।

कोतवाली बेहट इलाके के गांव गांव रण्डौल निवासी दिलशाद पुत्र जिंदा हसन निवासी ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि समून, दिलशाद व वसीम पुत्रगण वहीद पुत्र, नदीम पुत्र दिलशाद तथा शायान पुत्र समून, शोएब पुत्र बुलू निवासीगण गांव रण्डौल और गुड्डू त्यागी निवासी रूहालकी आदि उसके घर आए और हथियारों के बल पर उसे धमकी दी और पूर्व में चल रहे मुकदमे वापस लेने का दबाव बनाया। पुलिस ने तहरीर लेकर बिना जांच किए उपरोक्त के खिलाफ 30 अगस्त को बीएनएस की धारा 191 (2), 352 और 351 (3) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया। मजेदार बात यह है कि जिन लोगों के खिलाफ हथियारों के बल पर धमकाने का मुकदमा दर्ज किया गया है उनमें से दो लोग पिछले एक साल से जेल में बंद है। मामले को लेकर अब वहीद पुत्र रसीद ने एसएसपी के दरबार में पहुंचकर बताया कि बेहट पुलिस ने जिन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है उनमें से वसीम व नदीम पुत्रगण नजीर व दिलशाद पुत्र वहीद तथा गुड्डू त्यागी पिछले एक साल से जेल में बंद है। मामले को लेकर एसपी देहात सागर जैन ने बताया कि यदि जेल में निरुद्ध लोगों के नाम मुकदमे में शामिल है तो जांच में उनके नाम मुकदमे से निकाल दिए जाएंगे।

# बाढ़ पीड़ितों को भेजी जाएगी मददः मुगीसी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जामिया रहमत घघरौली के प्रबंधक मौलाना डा. अब्दुल मालिक मुगीसी ने कहा कि पंजाब के बाढ पीडितों के लिये शीघ्र ही मदद सामग्री भेजी जायेगी।

मौलाना मुगीसी ने यह घोषणा कई गांवों जिम्मेंदारों, मस्जिदों के इमामों के साथ मशवरा बैठक में कही। उन्होंने कहा कि जब भी इंसा. नियत किसी मुसीबत में हो या कोई इंसान भूखा और परेशान नजर आए, इस्लाम हमें सिखाता है कि हम इंसा. नियत की सेवा के लिए खड़े हों। उन्होंने कहा कि जामिया रहमत ने हमेशा मुसीबत की घड़ी में सेवा का काम किया है। मौलाना ने ऐलान किया कि पंजाब के बाढ़ प्रभावित इलाकों के लिए बहुत जल्द जरूरी सामान भेजा जाएगा। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे आगे आएँ और अपनी मदद जामिया में जमा करें ताकि यह राहत सामग्री समय पर पीड़ितों तक पहुँचाई जा सके।




बैठक में मौजूद गाँवों के जिम्मेदार लोगों ने कुछ कमेटियाँ बनाई और वादा किया कि दो दिनों के अंदर ही वे अपनी ओर से मदद जामिया में जमा कर देंगे, ताकि इसे तुरंत पंजाब भेजा जा सके। बैठक में चौधरी हाशिम, चौधरी नदीम, सादिक मिस्त्री, चौधरी यूनुस, चौधरी अब्दुल वाजिद, मोहम्मद गुलफाम, मोहम्मद नौशाद, मशकूर, साबिर, मोहम्मद अशरफ, रियाज, नौशाद, असलम प्रधान, हाफिज शमीम, लियाकत अमीर, हाजी मुनीर, हाफिज फरहत, कारी तारिक, चौधरी हुसैन, चौधरी अनीस, मोहम्मद राशिद, चौधरी जाबिर, हाजी अतीक, अमजद, मोहम्मद फरहान, अब्दुर्रहमान, मजकर, शुऐब, फुरकान, कारी अब्दुल कादिर, मौलाना इबरार, मुस्तफा अमीर, मास्टर नवाब, आकिल, मोहम्मद शाबान, हाफिज हामिद, मौलाना मुखघ्तार मजाहिरी, हाजी सलमान, हाजी नदीम, सफदर चेयरमैन, हाजी महरबान, गालिब हसन, इरफान व चौधरी दिलशाद, चौधरी रामू और उनके साथी मौजूद रहे।

## डीएम की सख्ती से बढ़ी ग्राम सचिवालयों में पंचायत सहायकों की उपस्थिति

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी मनीष बंसल की सख्ती के बाद पंचायत सहायकों की उपस्थिति में सुधार आया है। इसी का परिणाम है कि प्रदेश स्तर पर जारी माह अगस्त की रैंकिंग में जनपद दूसरे स्थान पर आया है। इसमें ब्लॉक पुंवारका को प्रदेश स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। इसी प्रकार ब्लॉक सरसावा को 7वां, गंगोह को 14वां और नकुड़ को 15वां स्थान मिला है।

डीएम की भूमिका से पंचायत सहायकों के काम में सक्रियता दिखाई दी है, जिससे उनकी उपस्थिति और कार्यप्रणाली में सुधार हो पाया है। जनपद में ग्रामीण स्तर पर अब पंचायत सहायक अधिक जिम्मेदारी के साथ काम कर रहे है, जिससे आमजन की समस्याओं का स्थानीय स्तर पर ही निस्तारण हो रहा है। अब पंचायत सहायक अपने दैनिक कार्यों को प्रभावी ढंग से पूरा कर रहे है और उनकी उपस्थिति और जवाबदेही निर्धारित हुई है। जिलाधिकारी मनीष बंसल ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशों के क्रम में ग्राम स्तर पर पंचायत सहायकों की नियुक्ति की गई है जो ग्राम पंचायत स्तर पर सरकारी योजनाओं को जमीनी स्तर पर पहुंच. ाने का महत्वपूर्ण कार्य करते हैं। पंचायत सहायकों की तैनाती और निरंतर उपस्थिति से ग्रामीणों के जीवन को नई दशा और दिशा मिली है। उन्होंने बताया कि जनपद माह जून में 72वें स्थान पर था, जुलाई में 27वां और अब माह अगस्त में दूसरे स्थान पर रहा है। विकासखंड पुंवारका ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

# गांधी पार्क में विधिवत बल्ली पूजन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** श्री राधा कृष्ण मंदिर क्लब के तत्वावधान में 39वां श्री रामलीला एवं दशहरा महोत्सव बड़े ही धूमधाम और श्रद्धाभाव के साथ गांधी पार्क में आरंभ हुआ। शुभारंभ अवसर पर पंडित आत्माराम जी ने विधिविधान से बल्ली पूजन कराया।

क्लब के संयोजक राकेश वत्स ने जानकारी देते हुए बताया कि आगामी 16 सितंबर (मंगलवार) से ध्वजारोहण एवं मंच पूजन के साथ रामलीला प्रारंभ होगी तथा 3 अक्टूबर (शुक्रवार) को राजतिलक एवं समापन समारोह के साथ दशहरा महोत्सव का भव्य समापन होगा। पूजन के उपरांत पंडाल में गूंजे जय श्रीराम और जय हनुमान के जयकारों ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। क्लब के प्रधान जोगेंद्र कुमार एवं अन्य पदाधिकारियों ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित किया। इस अवसर पर जोगेंद्र कुमार, राकेश शर्मा, गुरमीत सिंह शंटी, विक्रांत सैनी, विकास शर्मा, रमेश चंद्र छबीला, विपिन सलूजा, विनय वत्स, अक्षय त्यागी (दशहरा प्रधान), गगन सैनी, गगन भंडारी, रंजन करल, इतन खुराना, अरविंद गोसाई, सचिन घई, सनी नागपाल, राजीव ठाकुर, सरदार राजेंद्र सिंह कोहली, रवि बख्शी, विनोद खुराना, हनी वर्मा, पंडित उद्धव कोदंड, संकल्प नैब, चमन लाल, नवदीप आनंद सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। पूजा-अर्चना के बाद भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया और कार्यक्रम के सफल आयोजन की मंगलकामनाएँ दीं।

# उत्तम त्याग धर्म की भक्ति, श्रद्धा व उत्साह से की पूजा अर्चना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नगर के समस्त जिनालयों में चल रहे दस दिवसीय दशलक्षण महानुष्ठान के आठवें दिवस पर उत्तम त्याग धर्म की अत्यन्त भक्ति, श्रद्धा, उमंग और उत्साह के साथ पूजा-अर्चना सम्पन्न हुई।



प्रात:काल की मंगल बेला में जैन बाग स्थित अतिशयकारी मंदिर में श्री जिनेंद्र प्रभु के मनोज्ञ जिनबिम्ब पर प्राणीमात्र के शांति एवं कल्याण हेतु अभिषेक और शांतिधारा की गई। इसके उपरांत श्री वीरोदय तीर्थ मंडपम् में परम पूज्य आचार्य प्रवर श्री विमर्श सागर जी महाराज ने धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा कि जो मनुष्य संसार के समस्त पदार्थों का मोह छोड़कर भोग-विलास से उदास. ीन होकर वैराग्य की भावना रखता है, वही सच्चे अर्थों में त्याग धर्म का पालन करता है। आचार्य श्री ने बताया कि गृहस्थों के लिए त्याग धर्म दान के रूप में तथा मुनि महाराज के लिए सम्पूर्ण त्याग के रूप में परिभाषित है। दान को धर्म का प्रमुख अंग बताते हुए उन्होंने आहार दान, औषधि दान, ज्ञान दान एवं अभय दान की महत्ता पर विस्तार से प्रकाश डाला। जैन समाज के अध्यक्ष राजेश कुमार जैन ने कहा कि जो अपनी लक्ष्मी को धर्म की प्रभावना और दूसरों की सहायता में खर्च करता है, वही धन सार्थक है। यह जीवन, यौवन और वैभव क्षणभंगुर है, परंतु पुण्यरूप में कमाया गया दान ही परलोक में साथ जाता है। अनुष्ठान के मुख्य संयोजक पूर्व महानगर भाजपा अध्यक्ष राकेश जैन ने कहा कि भोजन तभी सफल होता है जब दानपूर्वक किया जाए। धन का सदुपयोग धर्म कार्यों और दीन-दुखियों की सेवा में होना चाहिए, अन्यथा वह व्यर्थ है। सीए अनिल जैन ने कहा कि पूर्व जन्मों के पुण्य से प्राप्त वैभव का उपयोग मंदिर निर्माण, शास्त्र प्रकाशन, पूजा-प्रतिष्ठा एवं आचार्यों-मुनिराजों के आहार-विहार में करना ही श्रेष्ठतम दान है। आवास विकास के चौधरी संदीप जैन और चन्द्र नगर के चौधरी डॉ. ए.के. जैन ने भी दान की महत्ता पर जोर देते हुए प्राप्त धन को सार्वजनिक व धार्मिक कल्याणकारी कार्यों में लगाने का आह्वान किया। इस मांगलिक अवसर पर नगर के अनेक श्रेष्ठीगण एवं समाजबंधु बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इनमें प्रमुख रूप से अध्यक्ष राजेश कुमार जैन, संरक्षक राकेश जैन, चन्द्र जैन, कुलभूषण जैन, सीए अनिल जैन, महामंत्री सजीव जैन, उपमंत्री अविनाश जैन नाटी, अरुण जैन, विपिन जैन, वरिष्ठ पत्रकार नीना जैन, डा. सुशील जैन, उप चौ. संदीप जैन, अजय जैन, पंकज जैन , संजय जैन, विनोद जैन, आदित्य जैन, विभोर जैन, नितिन जैन, दीपक जैन, मनोज जैन एडवोकेट, गौरव जैन, अनुज जैन पार्षद, मान सिंह जैन, मनोज जैन, रवींद्र जैन, पंकज जैन, नीरज जैन, मनोज जैन सहित सैकड़ों श्रावक-श्राविकाएँ उपस्थित रही।











# नव दुर्गा के रूप में पूजी जाती है सरोवर नगरी की नयना देवी मां



- ज्येष्ठ शुक्ल नवमी को स्थापना दिवस पर शाह वंशज गर्भ गृह में करते हैं पूजा
- 1880 में विनाशकारी भूस्खलन के कारण धवस्त हो गया था मूल देवी का मंदिर

**अफजल फौजी, नैनीताल।** उत्तराखंड में पुरातनकाल से ही मां नंदा देवी को कुल देवी का दर्जा प्राप्त है। नैनीताल स्थित मां नयना देवी को जहां मां नंदा देवी का प्रतिरूप माना जाता है। कुमाऊं में सबसे पुराने नंदा देवी मंदिर की मान्यता अल्मोड़ा के मंदिर को मिली है। लेकिन नैनीताल की नयना देवी मंदिर को भी भारी ख्याति मिली है। नैनीताल की नयना देवी मां नव दुर्गा के रूप में पूजी जाती है। नैनीताल में वर्तमान मंदिर की स्थापना 1883 में की गई इससे पूर्व यह मंदिर वर्तमान बोट हाऊस क्लब के पास था लेकिन 1880 में आये विनाशकारी भूस्खलन के कारण यह मंदिर धवस्त हो गया था। वर्तमान मंदिर की स्थापना 1883 में करने के बाद। मंदिर का स्वरूप विस्तार पाता चला गया। आज इस मंदिर के दर्शनों के लिए देश-विदेश से लोग यहां आते है। इस वर्श मंगलवार को नयना देवी मंदिर का 136 वां स्थापना दिवस मनाया जा रहा है। इस वर्श श्री नयना देवी मंदिर अमर उदय ट्रस्ट के सहयोग से पांच दिवसीय मां नयना देवी जन्मोत्सव व नवीन मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह भी बीते दिनों से मनाया जा रहा है।मालूम हो कि प्रत्येक वर्ष मंदिर में ज्येश्ठ शुक्ल नवमी को विशेष पूजा होती है। स्थापना दिवस पर मंदिर के पुर्नसंस्थापक स्व. मोती राम शाह वंशज नयना देवी मंदिर के गर्भगृह में विशेष पूजा करते है। मंगलवार को मंदिर का 136 वां स्थापना दिवस मनाया जा रहा है। इसके लिए उदय साह नयना देवी मंदिर ट्रस्ट ने पूरी तैयारी की है। कार्यक्रम के अनुसार मंगलवार को ब्रह्म मुहूर्त में शाह वंशज गर्भगृह में नयना देवी की मूर्ति की विशेष पूजा करेंगे। इसके बाद हवन यज्ञ के अलावा अन्य धार्मिक अनुष्ठान होंगे। मान्यता है कि कुमाऊं की ईश्ट देवी गौरी के साथ नंदा का आगमन हुआ। नंदा चन्द वंशीय राजाओं की कुलदेवी है। कुमाऊं में नंदा के कई मंदिर है। जिनमें नैनीताल का नयना देवी मंदिर भी शामिल है। स्कंद पुराण के मानस खंड में नैनीताल का त्रिऋषि सरोवर के रूप में उल्लेख होना इसकी पौराणिक महत्ता को दर्शाता है। दरअसल स्थापना दिवस के साथ ही नंदा देवी का जन्म भी ज्येश्ठ शुक्ल नवमी को माना जाता है। इस दिन को स्थापना दिवस के रूप में मनाने की परंपरा है। वर्तमान मंदिर की स्थापना 1883 में ज्येष्ठ शुक्ल नवमी को स्व. मोती राम साह ने अंग्रेजों से सवा एकड़ भूमि लेकर की थी। पूर्व में यह मंदिर बोट हाऊस क्लब के पास था। 18 सितम्बर 1880 को आल्मा पहाड़ी में हुए भयंकर भूस्खलन के कारण मूल मंदिर ध्वस्त हो या था। लिहाजा इस मंदिर के अवशेषों को लेकर ज्येष्ठ शुक्ल नवमी को स्व. शाह ने वर्तमान मंदिर की स्थापना की। पौराणिक महत्व प्राप्त इस मंदिर में स्थापित नयना देवी की प्रस्तर मूर्ति काले पत्थर की नेपाली शैली में बनी है। मंदिर परिसर में मंदिरों का आकार गौथिक व नेपाली पगौड़ा शैली में बने है। मंदिर परिसर में स्थित भैरव व नयना देवी मंदिर एक ही शैली में निर्मित है। जबकि नवग्रह मंदिर ग्वालियर शैली में निर्मित किये गये है। अपने सुन्दर स्वरूप में नैनी झील से लगे इस मंदिर के दर्शन ही औलिककता का अनुभव कराता है।

## नयना देवी को शैल पुत्री व सती की भी मान्यता

**नैनीताल।** नयना देवी को शैल पुत्री व सती की भी मान्यता है। स्कंद पुराण के मानस खंड में नैनीताल का जिक्र त्रिऋषि सरोवर के नाम से है। शिव पुराण के रूद्र संहिता के सती खंड के मुताबिक जब सती के पिता दक्ष प्रजापति ने कनखल हरिद्वार में महायज्ञ का आयोजन किया तो सती के पति भगवान शिव को इस यज्ञ में नही बुलाया। दरअसल दक्ष प्रजापति शिव-सती के विवाह से नाराज थे। पिता द्वारा शिव को नही बुलाये जाने पर क्रोधित सती महायज्ञ में पहुंच गई। जब महायज्ञ में हवन हो रहा था तो क्रोधित सती हवनकुंड में प्रवेश कर लिया। जिससे सती अर्द्धभस्म हो गई। जब इसका पता शिव को लगा तो वह तांडव करते महायज्ञ स्थल पर पहुंच गये। सती के अर्द्धभस्म काया को लेकर वह कैलास की ओर आ गये। शिव के इस रूप से चिंतित विश्णु भगवान ने सती की काया को कई हिस्सों में विभाजित कर दिया। माना जाता है कि इस स्थान सती की काया का बांया आंख गिर गया। इस स्थान पर नयना अर्थात नैना के आकार की झील बन गई। इसी से प्रेरित नैना या नयना मंदिर स्थापित हुआ।

## गढ़वाल से कुमाऊं में शक्ति के रूप में किया है मां नंदा ने पर्दापण

**नैनीताल।** उत्तराखंड के गढ़वाल में देवी रूप में नंदा को पूजा जाता है। कुमाऊं में यही देवी नंदा-सुनंदा के रूप में पूजी जाती है। इतिहास में इसका रोचक वर्णन है। इतिहासविद् प्रो. अजय रावत के अनुसार जब 17 वीं शताब्दी में चन्द राजा बाजबहादुर के राज्य में रोहिलों व अंग्रेजों की ओर से राज्य हड़पने की कोशिश की जा रही थी तो राजा बाजबहादुर गढ़वाल के परमार वंशीय शासक पृथ्वीपद शाह से सहायता मांगने पहुंचे तब पृथ्वीपद शाह से राजा को यह भी ज्ञात हुआ की मां नंदा की पूजा करने के कारण उन्हें दुश्मनों का कोई भय भी नही है। गढ़वाल के राजा ने बाजबहादुर चन्द को सुझाव दिया कि वह नंदा की प्रतिमा को लेकर कुमाऊं में स्थापित करें। राजा प्रतिमा को लेकर जब गढ़वाल से लेकर बैजनाथ बागेष्वर पहुंचे और कोट नामक स्थान पर उन्होंने रात्रि विश्राम किया। जब सिपाहियों ने देवी प्रतिमा को उठाने की कोशिश की तो प्रतिमा दो भागों में विभाजित हो गई। तब राजा ने दोनों प्रतिमाओं को अल्मोड़ा में स्थापित करवाया और इन्हें नंदा सुनंदा का नाम दिया गया।

## शास्त्रों व पुराणों में भी है नंदा के नाम का उल्लेख

**नैनीताल।** मंदिर पुरोहितों का कहना है कि नंदा देवी का उल्लेख शास्त्रों व पुराणों में भी है। गिरीराज हिमाचल के यहां वह नंदा-सुनंदा के नाम से जानी जाती है, वहीं देवी संसार में सताकक्षी, शाकांबरी, दुर्गा, परारंबा, भीमादेवी व भ्रामरी आदि के नामों से पूजी जाती है। उत्तराखंड में परांबा ही नंदा देवी है। सती का नेत्र गिरने से वही नैना देवी कही गई। नैना के नाम से ही नैनीताल नाम हुआ। ताल का स्वरूप आंखों की तरह है यहां वह नयना देवी कहलाई।


















शाह टाइम्स

सम्पादकीय

शुक्रवार, 5 सितम्बर 2025

# तर्कसंगत जीएसटी

केंद्र सरकार ने जो अब वस्तु एवं सेवा कर जीएसटी में जो सुधार किया है, उसका विपक्षी दल कांग्रेस ने भी स्वागत किया है। नए सुधार में अब चार की जगह केवल दो स्लैब पांच प्रतिशत और 18 प्रतिशत होंगे। इस राहत के चलते आम जरूरत की चीजें साबुन, शैंपू, एसी, कार भी सस्ते होंगे। जीएसटी को लेकर काउंसिल की 56वीं मीटिंग में फैसला लिया गया है। इस मीटिंग की संख्या बताती है कि सरकार ने पहले भी इसमें सुधार करने की कोशिश की। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के अनुसार नए जीएसटी नियमों में राहत से दूध, रोटी, पराठा, छेना समेत कई फूड आइटम जीएसटी फ्री होंगे। इतना ही नहीं 33 जीवन रक्षक दवाएं, दुर्लभ बीमारियों और गंभीर बीमारियों की दवाएं टैक्स फ्री होंगी। लग्जरी आइटम और तंबाकू प्रोडक्ट पर अब 28 की जगह 40 प्रतिशत जीएसटी लगेगा। यह नया स्लैब नवरात्रि के पहले दिन यानि 22 सितम्बर से लागू हो जाएगा। होटलों के कमरों की बुकिंग पर जीएसटी अब 12 से घटाकर 5 प्रतिशत कर दी गई है, लेकिन वह तब है जब कमरे का किराया प्रतिदिन 7.5 हजार रुपये या उससे कम हो। इसमें कोई दोराय नहीं है कि जो नया स्लैब सरकार ने बनाया है, वह काफी सराहनीय है और इसमें आम आदमी का काफी ध्यान रखा गया है। कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने भी सरकार की इस पहल को सही बताया। हालांकि उन्होंने कहा कि यह पर्याप्त नहीं है और अभी इसके अनुपालन की जटिलताओं को खत्म कर और जनुपयोगी बनाने की जरूरत है। कांग्रेस जीएसटी को लेकर काफी मुखर रही है और सरकार ने जिस तरह की नीतियां जीएसटी को लेकर बनाई थी उसकी आलोचना करती रही है। 2019 और 2024 के घोषणा पत्रों में भी कांग्रेस ने सरल और तर्कसंगत कर व्यवस्था के साथ जीएसटी 2.0 की मांग की थी। हालांकि कांग्रेस मानती है कि जिस जीएसटी का श्रेय मोदी सरकार ले रही है, उसे कांग्रेस ही 28 फरवरी 2005 में लोकसभा में लेकर आई थी और 2011 में जब तत्कालीन वित्त मंत्री प्रणब मुखर्जी यह विधेयक लेकर आए, तब भाजपा ने उसका विरोध किया था। खड़गे ने कहा कि आज यही भाजपा सरकार रिकॉर्ड जीएसटी संग्रहण का जश्न मनाती है जैसाकि टैक्स वसूलकर उसने बहुत बड़ा काम किया हो। खड़गे ने यह भी बोला कि पिछले पांच सालों में आयकर वसूली में 240 प्रतिशत की वृद्धि हुई और जीएसटी में 177 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई, लेकिन खड़गे ने यह कहकर सरकार की सराहना भी की कि दूर आयद दुरुस्त आयद। आठ वर्ष बाद ही सही जीएसटी पर मोदी सरकार की कुंभकर्णी नींद खुली और उसने जागकर जीएसटी को तर्कसंगत बनाने की बात की। इसमें कोई दोराय नहीं कि कानून कितना भी अच्छा हो, नियम कितने भी अच्छे हों, अगर वह आम लोगों के हित में नहीं हैं, तो उनका कोई लाभ नहीं होता। सरकार भले ही जीएसटी का बचाव समय-समय पर करती रही हो, लेकिन इसको लेकर जो जटिलताएं थीं, विशेषकर छोटे व्यापारियों के लिए इसको लेकर सरकार का विरोध समय-समय पर होता रहा है। जानकार लोग भी जीएसटी की जटिलता को लेकर सरकार को घेरते रहे हैं।

## रोजगार से खुशहाली आती है



व्यापारियों और उद्यमियों से गुंडा टैक्स की वसूली सपा सरकार के संस्कार का हिस्सा था, आज प्रदेश में विकास, निवेश और रोजगार की संभावनाओं को तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है, जब सुरक्षा का माहौल बनता है, तो निवेश आता है, निवेश से नौकरी और रोजगार के द्वार खुलते हैं, रोजगार से खुशहाली आती है और समृद्धि का मार्ग प्रशस्त होता है, डबल इंजन की सरकार सुरक्षा का माहौल देकर समृद्धि का मार्ग सुगम कर रही है, जाति के नाम पर समाज को बांटने वाले, प्रदेश को दंगों की आग में झोंकने वाले लोगों ने नागरिकों के सामने पहचान का संकट खड़ा किया, वोट बैंक की राजनीति में सुरक्षा से खिलवाड़ किया, बेटी-बहन की इज्जत की परवाह नहीं की, मातृशक्ति की गरिमा का ख्याल नहीं किया।

**-योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री, उप्र**

# नबी की शिक्षाओं पर चलकर हो सकती है समाज की तरक्की



**अमीर खान**



सैकड़ों वर्ष पूर्व शायद किसी ने सोचा भी नहीं होगा कि 12 रबी-उल अव्वल 570 ई. को मक्का मुकर्रमा में कुरैश परिवार की एक साधारण और नेक महिला हजरत आमना के यहां एक ऐसा बालक भी पैदा होगा जो बड़ा होकर आखिरी नबी के रूप में न केवल मुसलमानों बल्कि इन्सानियत और ईमान में विश्वास रखने वाले हर इंसान के दिलों में राज करेगा और जिसके जीवन पर दुनिया में शोध चलता रहेगा। कौन नहीं जानता कि आज भी दुनिया हजरत मुहम्मद (सल्ल.) की सुन्नतों पर शौध रहे हैं और दुनिया अपनी तरक्की के लिए उनकी सुन्नतों को अपना रही है जिसका सबसे बड़ा उदाहरण यह है कि खतना (सुन्नत) द्वारा दुनिया की सबसे बड़ी और खतरनाक बीमारी एड्स से बचा जा सकता है तथा उनकी सुन्नत पर चलकर अन्य बीमारियों से भी बचा जा रहा है। मेरा मानना तो यह है कि सुन्नते रसूल जीने का एक ऐसा ढंग है जो शैतान को भी इंसान बना सकता है मगर अफसोस इस बात की है कि जिस नबी की सुन्नतों पर चलकर लोग जीने का ढंग सीखने मे लगे हैं आज उसी नबी में उम्मती इस्लाम को फिरकों में बांटकर खुद इस्लाम को कमजोर करने में लगे हुए हैं। कोई शिया तो कोई सुन्नी और कोई देवबन्दी तो कोई बरेलवी बनकर अपनी पहचान बनाने में सक्रिय है। आखिर क्या कारण है कि एक इस्लाम, एक कुरआन और एक रसूल को मानने वाले सुन्नी और शिया क्यों हो गए। सुन्नी और शिया दोनों ही वाकयाए करबला के लिए यजीद को दोषी मानते हैं। फिर नबी की पैदाईश व वफात को लेकर मतभेद दोनों में क्यों? एक कुरआन एक नबी को मानने के बावजूद भी हम देवबंदी, बरेलवी, वहाबी आदि क्यों? क्या कभी हमने सोचा है कि सुन्नते रसूल पर हम चल भी रहे हैं या नहीं? क्या हम रसूल को शिक्षाओं को वास्तविक रूप से अपना रहे हैं या फिर हम सिर्फ रसूल की उम्मत में होने का ढिंढोरा ही पीटकर अपना कर्तव्य निभा रहे हैं? जरा सोचिए क्या हम वास्तव म सुन्नते रसूल पर चलकर स्वयं को विश्व का आदर्श नागरिक साबित क रहे हैं। उत्तर के लिए यदि स्वयं की आत्मा को खोजें तो आवाज यही आएगी कि हम नबी के आदर्शों पर नहीं वरन उनकी उम्मत में होने का दुरुपयोग कर रहे हैं, जबकि हम यह भली भाति जानते भी हैं कि नबी की पैदाईश से पहले दुनिया में अधिकतर लोग जाहलाना जीवन जी रहे थे। चारों तरफ पाप की दुनिया का विस्तार हो रहा था। लोगों को खुदा के बारे में सही जानकारी ही नहीं थी कि खुदा एक है और यह पूरी प्रकृति उसी की नियामत है। इस सब की सच्चाई बताने के लिए खुदा ने नबी को पैगम्बर बनाकर दुनिया में भेजा था। उनको नबुवत मिलते ही दुनिया खुदा को एक मानने लगी। पापों की जिन्दगी से अपना नाता तोड़ने लगी। भाई को भाई से प्यार बढ़ता गया। दुनिया में सच्चाई का आईना साफ होने लगा। मगर इस चौदहवीं सदी यानि कलयुग में फिर सब स्वार्थी हो गए और हमने मुहदम्मद स. की सुन्नतों को सिर्फ अपना सुरक्षा कवच समझ लिया, जबकि होना तो यह चाहिए कि नबी की सुन्नतों पर चलने वाला हर इन्सान फिर चौदह सो साल पुरानी नबी जिन्दगी को अपनाकर देखे तो निश्चित रूप से हमारा दीनी व दुनियावी विकास संभव हो सकेगा। मेरी इस सोच का यह अर्थ कतई नहीं है कि मैं आधुनिकता या वैज्ञानिक तकनीकी का विरोधी हूं बल्कि मेरा आश्य यह है कि यदि हम चौदह सौ साल पुरानी नबी की सोच को अपनाएंगे तो निश्चित रूपसे हम वैज्ञानिक सोच को भी स्वीकरेंगे, क्योंकि विज्ञान उस समय भी क्रियाशील था, जिसके कई उदाहरण आज सामने हैं। रही आधुनिकता की बात तो नबी ने ही महिलाओं को अधिकार देकर आधुनिकता की मिसाल कायम की थी। क्योंकि उनसे पहले तो महिलाओं को कोई अधिकार ही नहीं था, लेकिन उन्होंने निकाल (विवाह) में महिला की स्वीकृति पुरुष से पहले दिलाकर उसके अधिकार को बढ़ा दिया। साथ ही उसको पैतृक सम्पत्ति में भी हिस्सेदार होने का अधिकार दिया। यदि मैं अपने इस आलेख में नबी की खूबियों का वर्णन करने लगूं तो शायद मेरा यह जीवन भी छोटा रह जाएगा। इसलिए मैं यही कह सकता हूं कि वर्तमान सन्दर्भ में पैगम्बर-ए-इस्लाम के विचारों को प्रासंगिता पर यदि गंभीरता से विचार किया जाए,

> **मेरी इस सोच का यह अर्थ कतई नहीं है कि मैं आधुनिकता या वैज्ञानिक तकनीकी का विरोधी हूं बल्कि मेरा आश्य यह है कि यदि हम चौदह सौ साल पुरानी नबी की सोच को अपनाएंगे तो निश्चित रूपसे हम वैज्ञानिक सोच को भी स्वीकरेंगे, क्योंकि विज्ञान उस समय भी क्रियाशील था, जिसके कई उदाहरण आज सामने हैं। रही आधुनिकता की बात तो नबी ने ही महिलाओं को अधिकार देकर आधुनिकता की मिसाल कायम की थी। क्योंकि उनसे पहले तो महिलाओं को कोई अधिकार ही नहीं था, लेकिन उन्होंने निकाल ( विवाह ) में महिला की स्वीकृति पुरुष से पहले दिलाकर उसके अधिकार को बढ़ा दिया। साथ ही उसको पैतृक सम्पत्ति में भी हिस्सेदार होने का अधिकार दिया। यदि मैं अपने इस आलेख में नबी की खूबियों का वर्णन करने लगूं तो शायद मेरा यह जीवन भी छोटा रह जाएगा।**

तो एक ही जवाब आएगा कि हर समस्या का समाधान सुन्नत-ए। रसूल द्वारा सरलता से किया जा सकता है या यूं कहिए कि वर्तमान युग में जहां एक ओर भाई-भाई की जान का दुश्मन बन रहा है तो वहीं हजरत मुहम्मद (सल्ल.) की शिक्षाओं पर चलकर जन-जन तक मोहब्बत का पैगाम फैलाया जा सकता है।

(लेखक अधिवक्ता, चिंतक व स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये लेखक के निजी विचार हैं, मो. 9359207069)

**आज हम हर बच्चे को महंगी उत्कृष्ट आधुनिक शिक्षा के जरिए टॉपर बनाकर बड़ा डॉक्टर, इंजीनियर या प्रशासनिक अधिकारी बनाने का सपना संजोए रहते हैं और भूलते जा रहे हैं कि उसे जीवन की बुलंदियों पर पहुंचाने के साथ-साथ एक अच्छा इंसान बनाना भी बेहद जरूरी है और इसके लिए हर बच्चे को नैतिक, भौतिक, सामाजिक और आध्यात्मिक शिक्षा दिए जाने की भी आवश्यकता है ताकि बच्चे अपने विवेक से बुद्धिमत्तापूर्ण निर्णय लेने और समाज को सही दिशा देने में सक्षम बनें। डा। राधाकृष्णन का मानना था कि यदि सही तरीके से शिक्षा प्रदान की जाए तो समाज की अनेक बुराईयों का समूल नाश किया जा सकता है।**

# जीवन जीने का सलीका सिखाते हैं शिक्षक

**योगेश कुमार गोयल**



विश्वभर में लगभग सभी महापुरुषों ने शिक्षकों को राष्ट्र निर्माता की संज्ञा दी है। गुरु रूपी इन्हीं शिक्षकों को सम्मान देने के लिए प्रतिवर्ष 5 सितम्बर को शिक्षक दिवस मनाया जाता है। यह एकमात्र ऐसा दिन है, जब छात्र अपने शिक्षकों अर्थात गुरुओं को उपहार देते हैं। पहले जहां गुरुकुल परम्परा हुआ करती थी और उस समय जीवन की व्यावहारिक शिक्षाएं इन्हीं गुरुकुल में गुरु दिया करते थे, आज नए जमाने में गुरुओं का वही अहम कार्य शिक्षक पूरा कर रहे हैं, जो छात्रों के सच्चे मार्गदर्शक बनकर उन्हें स्कूल से लेकर कॉलेज तक वह शिक्षा देते हैं, जो उन्हें जीवन में बुलंदियों तक पहुंचाने में सहायक बनती है।

आज भले ही शिक्षा प्राप्त करने या ज्ञानोपार्जन के लिए अनेक तकनीकी साधन सुलभ हैं किन्तु एक अच्छे शिक्षक की कमी कोई पूरी नहीं कर सकता। जिस प्रकार एक अच्छा शिल्पकार किसी भी पत्थर को तराशकर उसे खूबसूरत रूप दे सकता है और एक कुम्हार गीली मिट्टी को सही आकार प्रदान कर सही आकार के खूबसूरत बर्तन बनाता है, समाज में वही भूमिका एक शिक्षक अदा करता है, इसीलिए शिक्षक को समाज के असली शिल्पकार का भी दर्जा दिया जाता है। इतिहास ऐसे शिक्षकों के उदाहरणों से भरा पड़ा है, जिन्होंने अपनी शिक्षा से अनेक लोगों के जीवन की दिशा ही बदल दी।

भारत के प्रथम उपराष्ट्रपति एवं द्वितीय राष्ट्रपति डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिवस के अवसर पर भारत में प्रतिवर्ष 5 सितम्बर को शिक्षकों के प्रति सम्मान प्रकट करने के उद्देश्य से शिक्षक दिवस मनाया जाता है। 13 मई 1962 को राधाकृष्णन देश के राष्ट्रपति बने और उसी वर्ष उनके कुछ छात्र उनका जन्मदिन मनाने के उद्देश्य से उनके पास गए तो उन्होंने उन छात्रों को परामर्श दिया कि उनके जन्मदिन को अध्यापन के प्रति उनके समर्पण के लिए शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाए और इस प्रकार 5 सितम्बर 1962 से ही देश में यह दिन शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। 5 सितम्बर 1888 को एक निर्धन ब्राह्मण परिवार में जन्मे डा. राधाकृष्णन ने अपने जीवनकाल के 40 वर्ष एक आदर्श शिक्षक के रूप में समर्पित कर दिए। मद्रास प्रेसीडेंसी कॉलेज से शिक्षा ग्रहण करने के बाद उन्होंने मैसूर यूनिवर्सिटी, कलकत्ता यूनिवर्सिटी तथा बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय में अध्यापन किया और लंदन में ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी में भी दर्शन शास्त्र पढ़ाया। 1931 में किंग जॉर्ज पंचम ने उन्हें नाइटहुड की उपाधि प्रदान की किन्तु उन्होंने देश की आजादी के बाद अपने नाम के साथ 'सर' लगाना बंद कर दिया। राधाकृष्णन 1947 से 1949 तक संविधान निर्मात्री सभा के सदस्य रहे और 1954 में उन्हें भारत रत्न से सम्मानित किया गया। 1962 में ब्रिटिश अकादमी का सदस्य बनने पर उन्हें गोल्डन स्पर, इंग्लैंड के ऑर्डर ऑफ मैरिट तथा 1975 में मरणोपरांत अमेरिकी सरकार द्वारा टेम्पलटन पुरस्कार से सम्मानित किया गया। डा. राधाकृष्णन एक महान् दार्शनिक और आदर्श शिक्षक होने के साथ-साथ राजनीति में भी प्रवीण थे। दर्शन शास्त्र जैसे गंभीर विषय को भी डा. राधाकृष्णन अपनी अद्भुत शैली से बेहद सरल और रोचक बना देते थे। जिस विषय का वे अध्यापन करते थे, पहले स्वयं उसका गहन अध्ययन करते थे। डा. राधाकृष्णन अपने व्याख्यानों के साथ-साथ विभिन्न प्रसंगों के माध्यम से छात्रों को उच्च नैतिक मूल्यों को अपने आचरण में समाहित करने के लिए प्रेरित कर उनका बेहतर मार्गदर्शन भी करते थे। उनका कहना था कि हमें अपने शिक्षकों का सम्मान करना चाहिए, क्योंकि शिक्षक के बिना इस दुनिया में हम सभी अधूरे हैं। शिक्षक ही हैं, जो देश के भविष्य के वास्तविक आकृतिकार हैं और हमें अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाते हैं। राधाकृष्णन का कहना था कि हमें मानवता को उन नैतिक जड़ों तक वापस ले जाना चाहिए, जहां से अनुशासन और स्वतंत्रता दोनों का उद्गम हो। उनका कथन स्पष्ट था कि जब तक शिक्षक शिक्षा के प्रति समर्पित और प्रतिबद्ध नहीं होगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# शिक्षकों का प्रयास और रच दिया इतिहास

**नदीम सिद्दीकी**





बूंद बूंद से घड़ा भरना, ए कहावत हम सब ने अपने बचपन में पढ़ी है और कई बार सुनी भी है, लेकिन इसे वास्तविकता के धरातल पर उतार कर पूरा कर दिखाया है टीचर्स सेल्फ केयर टीम ने। यह टीम अपनी एकता और सहयोग की भावना से आज सिर्फ रु. 15 के सहयोग से एक दुखी परिवार को 50 लाख रुपए से ज्यादा की रकम सिर्फ दस दिन में भेज देती है । हर महीने 20 शिक्षकों के परिवारों को 10 करोड़ रुपए से ज्यादा की मदद इस टीम के प्रयास से की जा रही है। भारत में पहली बार कोई संस्था, इस प्रकार का पुनीत कार्य इतने बड़े स्तर पर कर रही है। आज उत्तर प्रदेश के अलावा हरियाणा, दिल्ली, मध्य प्रदेश, उत्तराखंड में इस संस्था का विस्तार हो चुका है और शीघ्र ही भारत के अन्य राज्यों में यह सेवा और सहयोग का इतिहास रचने जा रही है ।

2020 में विश्व भर में कोरोना महामारी के बाद नए नए परिवर्तन और प्रयोग हुए हैं । उन्हीं दिनों एक बेहद सफल प्रयोग प्रयागराज के शिक्षक विवेकानंद ने किया जब उन्होंने अपने चंद साथियों सुधेश पाण्डेय, संजीव रजक, डॉ. फरुख हसन, बबीता वर्मा, अंकिता शुक्ला, विवेक, सुमन, अनिल, अवनीश, अखिलेश, विपुल आदि के साथ मिलकर एक संस्था का निर्माण किया और उसका नाम टीचर्स सेल्फ केयर टीम रखा। संस्था का उद्देश्य था कि कोरोना महामारी के बाद इस संस्था से जुड़े शिक्षक के दिवंगत होने पर उसके परिवार की आर्थिक मदद करना। जब संस्था से मात्र 2000 शिक्षक ही जुड़े थे तब प्रयागराज के एक शिक्षक शकील अहमद का आकस्मिक निधन हुआ और वह भी इस टीम के सदस्य थे। संस्था से जुड़े अन्य सदस्यों ने उनके परिवार को सीधे उनके खाते में मदद भेजी जो की पहली बार में ही साढ़े सात लाख रुपए से ज्यादा की थी। उत्तर प्रदेश के इतिहास में इस प्रकार की यह पहली मदद थी। जिस की तेजी के साथ पूरे प्रदेश में चर्चा हुई और टीम ने शिक्षकों को स्कूल में जा कर संस्था से जोड़ना शुरू कर दिया। वहां से शुरू हुआ यह सिलसिला, आज बड़े एक वट वृक्ष का रूप ले चुका है। जो संस्था केवल 2000 शिक्षकों के साथ शुरू हुई थी, आज पांच साल बाद उत्तर प्रदेश में इसके चार लाख 12 हजार से ज्यादा सदस्य हैं। उत्तर प्रदेश के बेसिक, माध्यमिक और उच्च शिक्षा के शिक्षक, प्रवक्ता, प्रोफेसर इससे जुड़े हैं। यही नहीं शिक्षा विभाग के क्लर्क, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी अनुदेशक, शिक्षामित्र और खंड शिक्षा अधिकारी समेत कई पदों पर कार्यरत कर्मचारी इस संस्था के सदस्य हैं। यह सब हर महीने अपने दिवंगत शिक्षक परिवारों की मदद, सीधे उनके परिवार के खाते में पैसे भेज कर करते हैं। 5 साल के अल्पकाल में ही 396 शिक्षक परिवारों को लगभग 168 करोड़ से ज्यादा की मदद इस संस्था की अपील पर की जा चुकी है। माइक्रो मैनेजमेंट की बेहतरीन मिसाल के साथ बिना किसी स्वार्थ और पारदर्शी तरीके से यह संस्था, अपने सदस्यों के परिवारों की लगातार मदद कर एक नया इतिहास रच रही है । इस संस्था से जुड़ने के बाद केवल एक नियम का पालन करना होता है कि प्रत्एक सदस्य को हर महीने सहयोग करना जरूरी है। टीचर सेल्फ केयर टीम के सदस्य की मृत्यु होने पर प्रदेश कोर टीम उस दिवंगत शिक्षक के सभी सहयोग चेक करके उसको वैधानिक घोषित करती है। साथ ही दिवंगत शिक्षक द्वारा बनाए गए नॉमिनी का अकाउंट नंबर अपनी वेबसाइट, एप और व्हाट्सएप के हर जिला ग्रुप पर जारी करती है। हर महीने की 15 तारीख को सहयोग शुरू होता है और 25 तारीख को खत्म हो जाता है। सभी सदस्य 20 दिवंगत शिक्षकों के परिवारों के अकाउंट नंबर में सीधे मात्र रु. 15 का सहयोग किसी भी एप द्वारा करते हैं और अपनी रसीद टीचर्स सेल्फ केयर टीम की वेबसाइट पर अपलोड कर देते हैं। जिससे हर परिवार को 50 लाख से ज्यादा की धनराशि केवल 10 दिन में ही प्राप्त हो जाती है । इस तरह हर महीने कुल मिलाकर 10 करोड़ से ज्यादा की रकम बेहद पारदर्शी तरीके से सीधे बीस परिवारों के अकाउंट में पहुंच जाती है। उत्तर प्रदेश का कोई जिला ऐसा नहीं बचा है जहां के दिवंगत शिक्षक के परिवार का सहयोग इस संस्था ने अब तक ना किया हो। उत्तर प्रदेश के सभी 75 जिलों में इस संस्था की टीम निस्वार्थ भाव से अपना कार्य करती है जिसके लिए ना तो उसे कोई वेतन मिलता है ना ही कोई पारितोषिक मिल पाता है।

उनका इनाम मदद के बाद उन परिवारों के दुखी चेहरे पर आने वाली मुस्कुराहट है जिनका कमाने वाला इस दुनिया से चला जाता है और घर का खर्च चलना भी मुश्किल हो जाता है। मुजफ्फरनगर जिले से डॉक्टर फरुख हसन, जो इस बड़ी संस्था में प्रदेश संगठन मंत्री का कार्यभार संभाल रहे हैं, उन्होंने बताया कि मुजफ्फरनगर जिले के भी आठ दिवंगत शिक्षक साथियों के परिवारों का लगभग साढ़े तीन करोड़ रूपए का सहयोग टीएससीटी द्वारा किया जा चुका है । अगले महीने दो और दिवंगत शिक्षक के परिवारों की लगभग एक करोड़ से ज्यादा की सहायता की जाएगी । संस्था की खासियत उसकी पारदर्शी व आसान व्यवस्था है । संस्था स्वयं अपने खाते में कुछ नहीं लेती बल्कि शिक्षक के परिवार का अकाउंट नंबर जारी करती है , जिसमें सदस्यों को खुद सीधे पैसा भेजना होता है। इस से व्यवस्था पारदर्शी बनी रहती है। वेबसाइट पर अपने सहयोग को चौक किया जा सकता है। आने वाले समय में शिक्षकों की गंभीर बीमारी में मदद और शिक्षक की कन्या के विवाह में मदद की योजना भी संस्था के द्वारा शुरू की जा रही है।

आज उत्तर प्रदेश का कोई भी विद्यालय ऐसा नहीं बचा है जहां का कोई शिक्षक और कर्मचारी टीचर्स सेल्फ केयर टीम के साथ ना जुड़ा हो। प्रदेश के हर ब्लॉक में इस संस्था की टीम अपने कार्य को निस्वार्थ सेवा के भाव से अंजाम दे रही है। संस्था का सूत्र वाक्य आज का सहयोग, कल का सहारा, है। संस्था के अध्यक्ष विवेकानंद का उद्देश्य है कि भविष्य में सिर्फ रु. 10 की मदद से एक शिक्षक के परिवार की एक करोड़ रुपए से ज्यादा की मदद की जाए। जिसे पूरा करने के लिए उत्तर प्रदेश के चार लाख से ज्यादा शिक्षक और कर्मचारी इस संस्था के से जुड़कर अपना योगदान दे रहे हैं। कहा जाता है कि शिक्षक समाज का निर्माण करता है। यदि इस वाक्य को हकीकत में जानना है तो टीचर्स सेल्फ केयर टीम के कार्य को देखकर इसे बखूबी समझा जा सकता है। टीचर्स सेल्फ केयर टीम ने शिक्षकों के बीच बिना भेदभाव के वर्ग, जाति ,धर्म, भाषा, क्षेत्र की भावना से ऊपर उठकर एक ऐसे दयालु और संवेदनशील समाज का निर्माण किया है जो अपने किसी साथी के इस दुनिया से जाने के बाद, उसके परिवार के साथ मजबूती से खड़ा होकर उसे आर्थिक और मानसिक बल प्रदान करता है। यह अपने आप में एक मिसाल है जिसका कहीं कोई और उदाहरण नहीं है। शिक्षकों का यह व्यवस्थित और अनोखा कार्य देश और समाज को नई दिशा प्रदान कर रहा है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# माँ नन्दा देवी महोत्सव की सभी देशवासियों को
## हार्दिक शुभकामनाएं




प्रस्तुतिः-
आकाक्षी मेवाड़ी
दिग्विजय सिंह बिष्ट
(अफ़ज़ल हुसैन फौजी)













